
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 72
फरीदाबाद, रविवार, 18 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण


फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
# पायनियर
ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



मां बम्लेश्वरी देवी शक्तिपीठ

पेज - 12

षष्ठम माता कात्यायनी



आज्ञा चक्र में ध्यान कर इनकी आराधना की जाती है। भय, रोग, शोक-संतापों से मुक्ति तथा मोक्ष की दात्री हैं।

मंत्र- 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं कात्यायनायै नमः।'

● विस्तृत सामग्री पेज-12

INDER TECHNOLOGY INSTITUTE (I.T.I)
दिल्ली प्रशासन द्वारा पंजीकृत
An ISO 9001-2000 Certified
मोबाईल लेपटॉप
रिपेयर करना सीखें (मैनुअल तथा कंप्यूटर द्वारा)
LG-10, Vishnu Palace Basement, Ajronda Chowk, Near Neelam Flyover Faridabad.
Tel.: 0129-2221469, 9891547947

**मौसम** फरीदाबाद

अधिकतम 37.02°C
न्यूनतम 22.01°C

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

**आज के मैच** IPL

दिल्ली कैपिटल्स vs पंजाब किंग्स

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर vs कोलकाता नाइटराइडर्स

## क्विक न्यूज

### हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ नरेंद्र कोहली का निधन

**नई दिल्ली।** देश के जाने-माने साहित्यकार डॉ. नरेंद्र कोहली का निधन हो गया। उन्होंने शनिवार शाम 6 बजकर 40 मिनट पर अंतिम सांस ली। कोरोना से संक्रमित होने के कारण दिल्ली के सेंट स्टीफंस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने पौराणिक कहानी के आधेर पर अभ्युदय, युद्ध, वासुदेव, अहल्या, जैसे प्रसिद्ध किताब लिखे थे। उन्हें पद्म भूषण पुरस्कार मिला था। डॉ. कोहली हिंदी जगत में सबसे अधिक रॉयल्टी पाने वाले लेखक थे। उनके निधन पर साहित्यप्रेमियों में शोक की लहर है।

### 25 तक बंद रहेंगे ठाकुर द्वारिकाधीश मंदिर के पट

**मथुरा।** कोरोना को देखते हुए मथुरा के द्वारिकाधीश मंदिर और केशवदेव मंदिर के पट 25 अप्रैल तक बंद रहेंगे। वहीं साप्ताहिक लॉकडाउन के चलते वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी, रंगनाथ मंदिर और श्रीराधारमण मंदिर सहित जिलेभर के प्रमुख मंदिर भी बंद रहेंगे। हालांकि सभी मंदिरों में ठाकुर जी की सेवा पूर्व की भांति चलती रहेगी। श्रद्धालुओं को मंदिरों में प्रवेश की अनुमति नहीं है।

### विंध्यवासिनी मंदिर 21 अप्रैल तक बंद करने का फैसला

**मिर्जापुर ( यूपी )।** विंध्य पंडा समाज ने कोरोना को ध्यान में रखते हुए विंध्यवासिनी मंदिर को 21 अप्रैल तक बंद करने का फैसला किया है। शनिवार को विंध्य पंडा समाज द्वारा आयोजित बैठक में यह फैसला किया गया। विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी ने यह जानकारी दी।

### जामिया विवि ने पीएचडी की प्रवेश परीक्षाएं टालीं

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) ने दिल्ली में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए शनिवार को पीएचडी प्रवेश परीक्षा टालने की घोषणा की। ये परीक्षाएं 20, 22, 24 और 26 अप्रैल को होने वाली थीं, लेकिन इन्हें अगले आदेश तक स्थगित किया गया है।

**इंसान की कीमत कुछ नहीं** राजनेताओं को सत्ता की फ्रिक, धड़ाधड़ हो रहीं रैलियां

# सुपर स्प्रेडर बनेंगी रैलियां देश का स्वास्थ्य सिस्टम बेदम

## अगले आठ दिन में मोदी की छह, अमित शाह की 10 और ममता की 17 रैलियां

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश** में कोविड-19 के मामलों में बेतहाशा वृद्धि देखी जा रही है। रोज दो लाख से ज्यादा संक्रमित मिल रहे हैं और जनता डरी हुई है। महामारी की दूसरी लहर इतनी खतरनाक है कि मरीजों की सेवा में जुटे डॉक्टर और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ भी संक्रमित हो रहे हैं। सरकारें भी लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने और मास्क पहनने की नसीहत दे रही हैं, लेकिन चुनाव प्रचार के नाम पर खुद ही इन नियमों की धज्जियां उड़ाती दिख रही है। अकेले पश्चिम बंगाल में अगले आठ दिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 6, गृहमंत्री अमित शाह की 10 और ममता बनर्जी की 17 रैलियां होनी हैं। इन भीड़ भरी सभाओं के घातक नतीजे भी सामने आ रहे हैं। जब से चुनाव प्रचार शुरू हुआ यहां 2600 फीसद तक कोरोना संक्रमण बढ़ा है।

इस बीच दिल्ली स्थित एम्स के डॉयरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि देश में कई कारणों से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन इनमें दो प्रमुख कारक हैं। गुलेरिया ने कहा, 'जनवरी-फरवरी में जब टीकाकरण शुरू हुआ और मामलों में कमी आई तो लोगों ने कोविड के प्रोटोकॉल का पालन करना बंद कर दिया। आज के समय में यह डबल म्यूटेंट वायरस तेजी से फैल गया।' उन्होंने कहा, 'हम हेल्थकेयर सिस्टम पर भी इसका व्यापक असर देख रहे हैं। हमें मामलों की बढ़ती संख्या के लिए अपने अस्पताल के बेड/संसाधनों को बढ़ाना होगा। हमें तत्काल कोविड-19 मामलों की संख्या को नीचे लाना होगा।' उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा समय है जब हमारे देश में बहुत सारी धार्मिक गतिविधियां होती हैं और चुनाव भी चल रहे हैं। हमें समझना चाहिए कि जीवन भी महत्वपूर्ण है। हम इसे प्रतिबंधित तरीके से कर सकते हैं ताकि धार्मिक भावना आहत न हो और कोविड के उचित व्यवहार का पालन किया जा सके। उन्होंने कहा, 6-7 महीने पहले की तुलना में अब हमारे पास दिल्ली में एक बड़ा स्पाइक है। स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे और नियंत्रण के संदर्भ में जो व्यवस्था हमले पहले किए, उसे फिर से करने की जरूरत है।



### प्रधानमंत्री ने देश में कोरोना और वैक्सीनेशन के हालात पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना से बिगड़ रहे हालात पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात 8 बजे अहम बैठक की। इसमें अलग-अलग मंत्रालयों के बड़े अफसर शामिल हुए। बैठक को लेकर पहले अंदाजा लगाया गया कि देश में कहीं दोबारा लॉकडाउन जैसा फैसला लेने की तैयारी तो नहीं चल रही है। हालांकि, बाद में पता चला कि प्रधानमंत्री देश में कोरोना के हालात और वैक्सीनेशन को लेकर चर्चा की।

### जूना अखाड़े ने कुंभ समाप्त करने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद साधु-संतों ने हरिद्वार कुंभ को तय समय से पहले खत्म करने पर सहमति दे दी है। हालांकि कुंभ में प्रतीकात्मक तौर पर धार्मिक आयोजन होते रहेंगे। इससे पहले कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए प्रधानमंत्री ने महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि से बात की थी। उन्होंने कुंभ में लोगों के जमावड़े को खत्म कर उसे सिर्फ प्रतीकात्मक तौर पर सीमित रखने की अपील की थी। जूना अखाड़े की तरफ से शनिवार शाम को कुंभ खत्म करने की घोषणा कर दी गई। निरंजनी और आनंद अखाड़ा पहले ही अपनी ओर से कुंभ समाप्ति की घोषणा कर चुके हैं। हालांकि कुछ अखाड़े समय से पहले कुंभ मेला समाप्त करने की बात से नाराज थे। उनका कहना था कि मेला तय समय तक ही चलना चाहिए। इन साधु-संतों को मनाने के लिए उत्तराखंड सरकार पिछले दो दिन से गुप्त बैठकें कर रही थी। दरअसल, केंद्र सरकार मेला जल्द से जल्द खत्म कराना चाहती है, लेकिन वह यह नहीं चाहती थी कि इसके लिए कोई सरकारी निर्देश जारी किया जाए। बल्कि, केंद्र साधु-संतों से खुद मेला खत्म होने की घोषणा कराना चाहती थी।

### रेमडेसिविर हुई 1900 रुपये सस्ती

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कोरोना के मरीजों के लिए जरूरी दवाई रेमडेसिविर के दाम को 5400 से घटाकर 3500 से नीचे कर दिया है। सरकार ने कैडेलिया हेल्थकेयर लिमिटेड की दवाई REM-DAC की कीमत 2800 रुपये से घटाकर 899 कर दिया है। इसके अलावा सिंजेन इंटरनेशनल लिमिटेड की दवाई RemWin को 3950 से घटाकर 2450, सिप्ला लि. की CIPREMI को 4000 से घटाकर 3000, Mylan फार्मासुटिक्लस लि. की DESREM की कीमत को 4800 से घटाकर 3400 कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने JUBI-R के दाम में भी 1300 रुपये की कटौती की घोषणा की है। यह दवाई पहले 4700 रुपये में मिलती थी, जो कि अब 3400 रुपये में मिलेगी। सरकार ने इसके अलावा COVIFOR के दाम में भी कटौती की है। यह दवाई अब 5400 रुपये की जगह सिर्फ 3490 रुपये में मिलेगी।

### रेलवे परिसर में मास्क नहीं पहना, तो लगेगा 500 का जुर्माना

रेलवे परिसर और ट्रेनों में मास्क नहीं पहनने पर 500 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है ,क्योंकि रेलवे ने अब इसे रेलवे अधिनियम के तहत अपराध के तौर पर शामिल किया है। यह जानकारी शनिवार को जारी एक आदेश से मिली। यह रेलवे द्वारा किया गया नवीनतम उपाय है। रेलवे ने वायरस के प्रसार को प्रतिबंधित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए विभिन्न कोरोना प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इसे अपनाया है।

### लगातार गंभीर हो रही कोरोना की स्थिति: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जारी कोरोना महामारी के कोहराम के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि अब स्थिति काफी गंभीर होती जा रही है। आईसीयू बेड्स के साथ ही दिल्ली में अब ऑक्सीजन और रेमडेसिविर की कमी होने लगी है। उन्होंने कहा, हमारे पास सीमित संख्या में आईसीयू बेड हैं। ऑक्सीजन और आईसीयू बेड्स बहुत तेजी से घट रहे हैं। सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि बेड्स को बढ़ाया जाए। उम्मीद है कि अगले 2-4 दिन में हम बड़े स्केल पर बेड बढ़ा पाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोरोना के लगभग 24,000 नए मामले सामने आए हैं। पॉजिटिविटी रेट भी बढ़कर 24 फीसद से ज्यादा हो गया है।

### देश में एक दिन में 1341 संक्रमितों की मौत

**नई दिल्ली।** कोरोना की दूसरी लहर ने एक दिन में सर्वाधिक मौत के आंकड़े को ध्वस्त कर दिया है। प्रतिदिन मिलने वाले नए कोरोना मामलों का हर दिन नया रिकॉर्ड स्थापित कर रही दूसरी लहर के कारण शनिवार सुबह तक 24 घंटों में 1341 संक्रमितों की मौत हो गई। यह महामारी की शुरुआत के बाद से अब तक देश में एक दिन में जान गंवाने वाले कोरोना मरीजों की सर्वाधिक संख्या है। इसी के साथ कुल मृतक संख्या बढ़कर 1,75,649 हो गई है।

### भोपाल : हमीदिया अस्पताल से 860 रेमडेसिविर इंजेक्शन चोरी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोरोना के कहर के बीच कुछ लोग अब चोरी की घटनाओं को भी अंजाम दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार राजधानी भोपाल के हमीदिया अस्पताल के दवा स्टोर से 860 से ज्यादा रेमडेसिविर इंजेक्शन चोरी हो गए हैं। ये सभी इंजेक्शन कोरोना संक्रमित गंभीर मरीजों को शनिवार को लगने वाले थे। अस्पताल प्रशासन और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**एमपी के चार शहर में 26 अप्रैल सुबह 6 बजे तक सब बंद:** मध्यप्रदेश में कोरोना की रफ्तार नहीं थम रही है। बड़े शहरों का हाल ज्यादा खराब है। इस बीच भोपाल, इंदौर, उज्जैन रतलाम शहर में लॉकडाउन बढ़ाकर 26 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक कर दिया गया है। क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में ये निर्णय लिया गया है। वहीं, कुंभ से राज्य में लौटने वालों को क्वारेंटाइन किया जाएगा।

**कुंभ से लौटने वालों की होगी कोरोना जांच:** गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने शनिवार को कहा कि हरिद्वार कुंभ मेला से लौटने वाले सभी लोगों की कोरोना जांच होगी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर ऐसे लोगों को आइसोलेशन यानी पृथकवास में रहना होगा। रूपाणी ने कहा कि गुजरात से जितने भी लोग कुंभ मेला गए थे वह सीधे अपने गांव या घर नहीं जाएंगे। सभी लोगों की आरटीपीसीआर जांच की जाएगी। अगर जांच रिपोर्ट में संक्रमण के लक्षण होंगे तो उन्हें 14 दिन के लिए पृथकवास में रहना होगा।

# हरियाणा सरकार का फैसला: दफ्तरों में 50 प्रतिशत कर्मचारी ही रहेंगे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



अनिल विज

**अंडर सेक्रेटरी से नीचे की श्रेणियों पर लागू होगा फैसला**

**रोस्टर के अनुसार लगेंगी ड्यूटियां**

**हरियाणा** सरकार ने कोरोना के लगातार तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए निर्णय लिया है कि अंडर सेक्रेटरी एवं समकक्ष और इससे नीचे के अधिकारी-कर्मचारी घर से काम कर सकेंगे। साथ ही कार्यालयों में उपस्थिति 50 प्रतिशत करने का निर्णय भी लिया गया है। हरियाणा के मुख्य सचिव कार्यालय की तरफ से जारी निर्देशों में कहा गया है कि डिप्टी सेक्रेटरी और इससे ऊपर के स्तर के अधिकारी नियमित रूप से कार्यालय आएंगे।

जारी निर्देशों के अनुसार 50 प्रतिशत कर्मियों को कार्यालय बुलाने के लिए संबंधित विभागाध्यक्षों को रोस्टर बनाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। संबंधित कार्यालय की आवश्यकता अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी भी कार्यालय बुलाए जा सकते हैं। इसका निर्णय संबंधित कार्यालयों के प्रभारी ले सकेंगे। निर्देशों में कहा गया है कि जो अधिकारी किसी दिन किसी कारण से कार्यालय में उपस्थित नहीं हो सकते वे फोन या अन्य माध्यमों से घर से कार्य करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। कंटेन्मेंट जोन में रह रहे कर्मचारियों को कंटेन्मेंट जोन के डी नोटिफाई होने तक कार्यालय आने से छूट रहेगी। कार्यालय आने वाले अधिकारी-कर्मचारी कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए कार्यालय में मॉस्क लगाने और बार-बार हाथ सेनेटाइज करने और दो गज की दूरी जैसे निर्देशों का पालन करेंगे। लिफ्ट, कॉरिडोर, कैंटीन आदि स्थलों पर भीड़ न करने का सख्ती से पालन करने और मीटिंग आवश्यक हो तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के साथ ही 45 वर्ष से ऊपर के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड वैक्सीन लगवाने की सलाह दी गई है।

### निकाय विभाग ने रद्द की कर्मचारियों की प्रतिनियुक्तियां

हरियाणा सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने सभी तरह की प्रतिनियुक्तियां रद्द कर दी हैं। विभिन्न विभागों और बोर्ड-निगमों से प्रतिनियुक्ति पर आए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अब अपने मूल विभाग में लौटना होगा। प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज की मंजूरी के बाद विभाग ने ये आदेश जारी किए हैं। शहरी स्थानीय निकायों नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका में बड़ी संख्या में दूसरे विभागों के कर्मचारी डेपुटेशन पर कार्यरत था। निकायों के कई पद खाली हैं और इसी के चलते दूसरे विभागों से कर्मचारी लगाए हुए थे। दरअसल, कुछ ऐसे भी मामले हैं, जहां निकायों में अहम जिम्मेदारियों शिक्षकों को ही सौंप दी गई।

### हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी सुनवाई

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में न्यायाधीशों तथा वकीलों के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद सोमवार से व्यक्तिगत सुनवाई बंद कर दी गई है। अब हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही केसों की सुनवाई होगी। शनिवार को आपात स्थिति को देखते हुए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार, भारत के एडिशनल सॉलिस्टर जनरल, पंजाब के महाधिवक्ता अतुल नंदा, हरियाणा के महाधिवक्ता बलदेव राज महाजन समेत कई अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में बताया कि हाईकोर्ट के न्यायधीशों तथा कई वकीलों के अलावा लॉ ऑफिसर व कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव हो चुके हैं। जिसके चलते फैसला लिया गया कि 19 अप्रैल से हाईकोर्ट में आने वाले केसों की सुनवाई वीसी के माध्यम से की जाएगी। 30 अप्रैल तक सामान्य केसों में अगली तारीखें दी जाएंगी। अंडर ट्रायल केसों की सुनवाई वीसी के माध्यम से होगी।

### बंगाल: पांचवें चरण में 78.30 फीसद मतदान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पांचवें चरण के लिए वोटिंग कुल 45 निर्वाचन क्षेत्रों में 78.36 प्रतिशत मतदान के साथ संपन्न हुई। पांचवें चरण में जलपाईगुड़ी, कलिम्पोंग, दार्जिलिंग और नादिया के एक क्षेत्र, उत्तर 24 परगना और पुरबा बर्धमान के जिले के बूथ शामिल थे। छठे चरण का मतदान 22 अप्रैल को होगा, जिसमें 306 उम्मीदवार चार जिलों में 43 सीटों के लिए चुनाव लड़ेंगे। वहीं विधानसभा चुनाव के पांचवें चरण की वोटिंग के दौरान केंद्रीय बलों पर उत्तरी 24 परगना के दींगांगा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्र संख्या 215 पर फायरिंग करने के आरोप लगे हैं। हालांकि इसमें किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है।

## 'अफगानिस्तान के लोगों के साथ हमेशा खड़ा रहेगा भारत'

**एजेंसी।** नई दिल्ली



विदेशमंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को अफगानिस्तान के अपने समकक्ष मोहम्मद हनीफ अतमर के साथ चर्चा की और उनसे कहा कि भारत हमेशा अफगानिस्तान के लोगों के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

जयशंकर ने कहा कि अतमार के साथ बातचीत के दौरान अफगान शांति प्रक्रिया में पड़ोसियों की भूमिका का मुद्दा भी उठा। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान अमेरिका द्वारा अफगानिस्तान से अपने सैनिकों की वापसी के संबंध में की गई घोषणा के मद्देनजर उभरती स्थिति पर चर्चा की। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने घोषणा की है कि अमेरिकी सैनिक अफगानिस्तान से 11 सितंबर तक वापस लौटेंगे। जयशंकर ने अपने ट्वीट में अतमर के साथ अपनी बातचीत को अच्छा बताया। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के विदेशमंत्री हनीफ अतमर के साथ ताजा घटनाक्रमों पर अच्छी बातचीत हुई। अफगानिस्तान शांति प्रक्रिया में पड़ोसियों की भूमिका पर चर्चा हुई। भारत, अफगानिस्तान के लोगों के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

## लालकिला हिंसा दीप सिद्धू फिर गिरफ्तार

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**गणतंत्र** दिवस के दिन किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान लालकिला परिसर में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने संबंधी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की प्राथमिकी के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने शनिवार को अभिनेता-कार्यकर्ता दीप सिद्धू को गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली की एक अदालत द्वारा लालकिला हिंसा मामले में सिद्धू को जमानत दिए जाने के बाद यह गिरफ्तारी हुई। इससे पहले, सिद्धू को 26 जनवरी के दिन लालकिला परिसर में हुई घटना के संबंध में नौ फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। विशेष न्यायाधीश नीलोफर आबिदा परवीन ने 30,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के दो जमानतदार पेश करने पर आरोपी की जमानत शुक्रवार को मंजूर की। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि आरोपी नौ फरवरी, 2021 से हिरासत में है और वह इस दौरान 14 दिन पुलिस की हिरासत में रहा। इसने कहा कि केवल आवाज का नमूना लेने के मकसद से और अवधि के लिए हिरासत में रखने की पुलिस की याचिका उचित नहीं है। न्यायाधीश ने कहा, अभियोजन का मामला मुख्य रूप से उन वीडियो रिकॉर्डिंग की सामग्रियों और फुटेज पर आधारित है, जो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक रूप से सभी के लिए उपलब्ध हैं और ऐसे में इस बात की संभावना बहुत कम है कि आरोपी-प्रार्थी इस प्रकार के मंच पर उपलब्ध सामग्री से छेड़छाड़ करने में सक्षम है।

## 'अन्नदाता सड़कों पर है, केंद्र दोबारा शुरू करे बातचीत'

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने तीन नए कृषि कानूनों को लेकर चल रहे किसान आंदोलन पर चिंता जाहिर करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र को लिखा हैं। पत्र के जरिए डिप्टी सीएम ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि लंबे समय से आंदोलनरत किसान संगठनों की मांगों पर समाधान के लिए केंद्र सरकार और किसानों संगठनों के बीच दोबारा बातचीत शुरू की जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार किसान संगठनों से चर्चा के लिए तीन से चार वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों की एक कमेटी बनाए ताकि किसानों की मांगों पर जल्द सौहार्दपूर्ण समाधान हो। डिप्टी सीएम ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि किसान आंदोलन का लंबा चलना चिंता का विषय है क्योंकि हमारा अन्नदाता तीन नए कृषि कानूनों को लेकर सौ दिनों से अधिक दिल्ली की सीमाओं पर सड़कों पर बैठा है। उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान आपसी चर्चा के माध्यम से होता है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसान संगठनों ने जो विषय उठाए थे उनमें से कई विषयों पर केंद्र सरकार व किसान संगठनों के बीच हुई पिछली वार्ता से हल निकला था।

**चारा घोटाला** सवा तीन साल बाद रिहा होंगे लालू यादव, झारखंड उच्च न्यायालय से

# सशर्त जमानत, नहीं बदल सकेंगे मोबाइल नंबर और पता


**एजेंसी।** रांची

**झारखंड** उच्च न्यायालय ने शनिवार को चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को जमानत दे दी। लालू अब जेल से बाहर आ जाएंगे। चारा घोटाले से जुड़े एक केस में लालू 23 दिसंबर 2017 को जेल गए थे।

हाईकोर्ट ने आधी सजा पूरी करने के आधार पर लालू प्रसाद यादव को सशर्त जमानत प्रदान की है। इस दौरान उन्हें एक लाख के निजी मुचलके का बांड भरना होगा। हाईकोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि लालू बिना अनुमति के देश से बाहर नहीं जाएंगे और न ही अपना पता और मोबाइल नंबर बदलेंगे। लालू की जमानत को लेकर मामला नौ अप्रैल को भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन सीबीआई ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय मांगा था, लेकिन शनिवार को हुई सुनवाई में लालू यादव को जमानत दी गई है। फिलहाल, राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष का दिल्ली के एम्स में इलाज चल रहा है। लालू की जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि जमानत के लिए लालू को एक लाख रुपये का मुचलका देना होगा। साथ ही 10 लाख का जुर्माना भरना होगा। इसके अलावा उन्हें अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा। बिना कोर्ट की अनुमति के लालू विदेश नहीं जा सकेंगे।

### 'जमानत की खुशी, लेकिन सेहत की चिंता'

झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने कहा, 'हमें न्याय मिलने का भरोसा था। लालूजी अपनी आधी सजा काट चुके हैं। हाईकोर्ट ने इसी आधार पर उन्हें जमानत दी है। हम कोर्ट का शुक्रिया अदा करते हैं। लालूजी को जमानत मिलने की खुशी है, लेकिन उनकी सेहत को लेकर चिंता बनी हुई है। वे एम्स में भर्ती हैं और कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। उनका इलाज जारी रहेगा। गरीब लोग खासतौर पर खुश हैं कि उनका मसीहा अब बाहर आ जाएगा।'



### आधी सजा पूरी करने के आधार पर मिली जमानत

बता दें कि दुमका कोषागार से अवैध निकासी के मामले में लालू ने जमानत के लिए आधी सजा पूरी करने का दावा करते हुए याचिका दायर की थी। इस मामले में सीबीआई की अदालत ने लालू को सात-सात साल की सजा दो अलग-अलग धाराओं में सुनाई थी। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने दावा किया था कि वह आधी सजा पूरी कर चुके हैं। वहीं सीबीआई का दावा था कि लालू प्रसाद की आधी सजा अभी पूरी नहीं हुई है।

# नवरात्र : मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की हुई पूजा-अर्चना

## माता के श्रृंगार के बाद भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





**कोरोना** महामारी के बीच नवरात्रों के पांचवे दिन शहरभर के मंदिरों में मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। हजारों भक्तों ने मां के जयकारों के बीच पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया। प्रात:कालीन आरती में मां के भजनों के बीच हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने अपनी आहूति डाली।

मंदिरों में जहां माता के इस रूप की कथा सुनाई गई, वहीं महिलाओं ने भजन-कीर्तन गाकर माता का गुणगान किया। सुबह से ही मंदिरों में माता के पूजन के लिए भक्तों की कतार रही। माता के श्रृंगार के बाद भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की। आरती और प्रसाद वितरण के साथ पूजा की। संतान की सुख-समृद्धि की उपासना हुई। सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर, काली मंदिर और हार्डवेयर चौक स्थित प्रचीन शिव मंदिर में मां स्कंदमाता की भव्य पूजा की गई। पूजा-अर्चना के उपरांत जगदीश भाटिया ने भक्तों को मां स्कंद माता की महिमा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पांचवे दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। चार भुजाओं वाली मां दुर्गा के रूप के गोद में विराजमान होते हैं कुमार कार्तिकेय, इन्हें मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता भी कहा जाता है। मान्यता है कि स्कंदमाता की पूजा करने वाले माता के भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

### आज होगी मां कात्यायनी की पूजा

**फरीदाबाद।** नवरात्रों में छठे दिन मां दुर्गा की मां दुर्गा की छठी विभूति मां कात्यायनी का पूजन किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार कात्यायन ऋषि की पुत्री होने की वजह से इनका ये नाम कात्यायनी पड़ा। जो भी भक्त इनकी आराधना करते हैं उनपर माता की कृपा दृष्टि सदा बनी रहती है। मान्यता के अनुसार मां कात्यायनी का व्रत और विधिवत पूजन करने से कुंवारी कन्याओं के विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती है। इस बारे में जानकारी देते हुए एनएच-पांच स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित मुनिराज जी ने बताया कि माता भगवती का षष्ठम नाम कात्यायनी है। प्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने कठोर तप कर मां भगवती से अपनी पुत्री के रूप में जन्म लेने का वरदान मांगा था। संत मुनिराज ने बताया कि जिस प्रकार से नन्द बाबा ने परब्रह्म को पुत्र रूप में पाने के लिए कठोर तप किया और भगवान कृष्ण उनके पुत्र बनकर आये। इसी प्रकार कात्यायन ऋषि ने भी कठोर तप किया, ऋषि की तपस्या से प्रसन्न होकर मां ने उनकी इस इच्छा को पूरा किया और ऋषि कात्यायन की पुत्री देवी कात्यायनी कहलाई। मुनिराज ने बताया कि मां कत्यायनी देवी चार भुजा धारी है। मां कात्यायनी सिंह की सवारी करती है। अपने एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में अपना प्रिय पुष्प कमल लिए हुए हैं। अन्य दो हाथों में से एक हाथ में वरमुद्रा और दूसरे में अभय मुद्रा में है। इन्हीं मां कात्यायनी के आशीर्वाद से राधा, रुक्मिणी आदि रानियों ने भगवान कृष्ण जैसे पति को प्राप्त किया एवं सीता जी ने भी राम जी को मां के आशीर्वाद से ही प्राप्त किया, इसलिए सौभाग्यवती स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए मां का पूजन करें।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 36.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 22.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- डबुआ कॉलोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में वैक्सीनेशन कोविड-19 कैंप : सुबह 10 बजे
- परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे सेक्टर-2 में नई पुलिस चौकी का उद्घाटन : सुबह 9 बजे
- शहरभर के मंदिरों में नवरात्रों के मौके पर छठें दिन की पूजा-अर्चना: सुबह 5 बजे।

### निवेश गुरु

**कोरोना** महामारी का प्रकोप एक बार फिर बढ़ने लगा है। ऐसे में कई विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले 2 से 3 महीने में सोना 48 हजार, वहीं इस साल के आखिर तक एक बार फिर 50 हजार तक जा सकता है। हालांकि मार्च की बात करें तो इस महीने सोना 44 से 45 हजार के बीच ही रहा है। बाजार में जब भी अनिश्चितता का माहौल बनता है या अच्छा मानसून होता है तो सोना महंगा होने लगता है। डॉलर की कीमत और बाजार में अस्थिरता या अनिश्चितता से भी सोने की कीमत पर असर पड़ता है। अभी भी कोरोना के कारण दुनियाभर में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### सावधानी बरतने के आदेश



**फरीदाबाद।** जिले में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए हरियाणा राज्य परिवहन फरीदाबाद के महाप्रबंधक की तरफ से चालकों व परिचालकों को सावधानी बरतने के आदेश जारी किए है। जिसमें उन्होंने कहां है कि सभी चालकों व परिचालकों का बसों का संचालक करते समय विशेष सावधानी बरते। जिसमें उन्होंने कहा है कि सभी चालक व परिचालक मास्क का प्रयोग करे। सभी सैनेटाइजर का प्रयोग करे। बसों में केवल 50 प्रतिशत यात्रियों को ही बैठना सुनिश्चित करे।

### क्विक न्यूज

#### ट्रेन से कटकर आत्महत्या



**फरीदाबाद।** एक व्यक्ति ने मेवला महाराजपुर रेलवे फाटक के निकट ट्रेन के नीचे लेटकर आत्महत्या कर ली। आधार कार्ड से मृतक की पहचान अंजनी चौरासिया के रूप में हुई। अंजनी विनय नगर पल्ला का रहने वाला था, जिसकी उम्र करीब 50 साल है। मृतक सांस फूलने से परेशान था। उसने कई बार इलाज कराया, पर उसे स्वास्थ्य लाभ नहीं मिला। इससे परेशान होकर वह घर से बाहर निकल गया और फाटक के निकट पहुंच कर रेलवे लाइन पर अपना सिर रख दिया, तभी दिल्ली की ओर से आई ट्रेन ने उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।


# उपभोक्ताओं को नजरअंदाज कर अपने हित साध रहा बिजली निगम

## आयोग की अनुमति से बनाए नियमों को निगम ने खुद किया स्थगित

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**डीएचवीपीएन** वैसे तो लोगों को बेहतर सुविधाएं देने में लगातार नाकाम साबित हो रहा है। सुविधाओं में सुधार करने का दावा करते हुए निगम उपभोक्ताओं से चार महीने का एडवांस बिल की मांग कर रहा है। इसे लेकर निगम ने उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिल भी भेजने शुरू कर दिये थे।

वहीं दूसरी तरफ निगम ने हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग द्वारा एक साल पहले जारी किए गए नियमों को पिछले दिनों अपनी अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया था। इनमें से ज्यादातर नियम पूरी तरह उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद और हक में थे। जिसके कारण निगम ने मात्र चार दिन बाद भी वेबसाइट पर सरकूलर जारी कर घोषणा कर दी कि इन नियमों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जा रहा है। जबकि निगम ने खुद ही इन नियमों को बनाकर आयोग से अनुमति लेकर जारी किया है। लेकिन नाटकीय अंदाज में नियमों को स्थगित करने से साफ हो जाता है कि निगम उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी कर अपने फायदे का ज्यादा ध्यान रख रहा है। शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के उपभोक्ताओं को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### उपभोक्ता के लिए फायदेमंद

**डीएचवीपीएन** द्वारा बनाए गए नियम उपभोक्ताओं के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते है। निगम की तरफ से लेट लतीफी और लापरवाही करने पर उपभोक्ताओं को हर्जाना देने का प्रावधान भी है। किसी क्षेत्र में चार घंटे से ज्यादा अघोषित बिजली कट होने पर प्रत्येक उपभोक्ता को 100 रुपये प्रतिदिन, आठ घंटे से ज्यादा घोषित कटौती करने पर 100 रुपये प्रतिदिन, सात दिन में नया कनेक्शन देने की औपचारिकता पूरी न करने पर 200 रुपये प्रतिदिन, शिकायत करने के लिए तीन मिनट में फोन न उठाने पर 50 रुपये, शिकायत सुनने के पांच मिनट के भीतर शिकायत नंबर ने देने पर 50 रुपये, शहरी क्षेत्र में चार घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में आठ में फ्यूज अथवा फाल्ट ठीक न करने पर 100 रुपये, फाल्ट होने के दो घंटे में ठीक होने की समय अवधि न बताने पर 100 रुपये हर्जाना प्रत्येक उपभोक्ता को देना होगा। इसी तरह शहरी क्षेत्र में अंडरग्राउड केबल ठीक करने की समय सीमा 48 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 96 घंटे, ट्रांसफार्मर ठीक करने की शहरी क्षेत्र में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 48 घंटे समय सीमा तय है। इस अवधि के बाद प्रत्येक प्रभावित उपभोक्ता को 100 रुपये हर्जाना देने का प्रावधान है। बिजली की फ्लेक्चूऐशन से यदि कोई उपकरण फूंक जाता है तो उसमें निगम को हर्जाना देना होगा।

### लीगल नोटिस भेजेंगे



अखिल भारतीय सूचना अधिकार कार्यकर्ता महासंघ के महासचिव अजय बहल ने बताया कि वह जल्द ही सरकार व दक्षिण हरियाणा बिजली विरतण निगम को इस बारे में लीगल नोटिस देंगे और हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग में भी याचिका दायर करेंगे। सरकार व निगम मनमाने तरीके से उपभोक्ताओं के अधिकारों की अनदेखी नहीं कर सकती। उपभोक्ता का हित ही सर्वोपरि होना चाहिए।

### नहीं करना चाहते लागू

**बिजली** निगम द्वारा जिस तरह की सुविधाएं उपभोक्ताओं को दी जा रही है, वह किसी से छिपी नहीं है। शहर भर में बिजली के तारों से बने जाल के कारण आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। लेकिन ज्यादातर मामलों में पीड़ितों को हर्जाना नहीं दिया जाता। वहीं बिजली की फ्लेक्चूऐशन के कारण आए दिन लोगों के कीमती उपकरण फूंक जाते हैं। यहां तक कि निगम की गलती से मीटर फूंकने की जिम्मेदारी भी उपभोक्ता पर डाल दी जाती है। निगम की गलती से गलत बिल आने पर उसे ठीक कराने में उपभोक्ता के जूते तक घीस जाते हैं। शहर में दर्जनों लोग कई सालों से अपने बिलों को ठीक कराने के लिए निगम के कार्यालय के चक्कर काट रहे है। इन्हीं कारणों की वजह से निगम अपने बनाए गए अच्छे नियमों को लागू करने से बच रहा है। यदि यह निगम लागू हो गए तो उपभोक्ता भी निगम पर क्लेम कर सकता है।

### एक साल बाद जारी किया

**बिजली** निगम द्वारा बिजली वितरण से संबंधित बनाए जाने वाले नियमों को लागू करने से पहले प्रदेश में गठित हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग की अनुमति लेनी जरूरी होती है। डीएचवीपीएन ने बिजली वितरण से संबंधित नियमों में सुधार करने और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं देने का दावा करते हुए कुछ नियम बनाए थे। इन नियमों को लागू करने की अनुमति के लिए निगम ने आयोग के पास भेजा था। आयोग के सदस्यों द्वारा इन नियमों अध्यन किया गया। इनमें से ज्यादातर नियम पूरी तरह उपभोक्ताओं के हक में थे। जिसके बाद 24 अप्रैल 2020 को आयोग ने डीएचवीपीएन को इन नियमों को लागू करने की अनुमति दे दी थी। अनुमति मिलने के बाद भी निगम द्वारा इन नियमों को अपनी वेबसाइट पर जारी करने की जरूरत महसूस नहीं की। निगम ने करीब एक साल तक इसे फाइल को दबाए रखा। लेकिन पिछले दिनों आखिरकार 8 अप्रैल 2021 को निगम ने इन नियमों को अपनी अधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया। इस दौरान कुछ जागरूक उपभोक्ताओं की नजर इन नियमों पर पड़ गई। यह बात ज्यादा से ज्यादा लोग तक पहुंचती, इससे पहले निगम ने 12 अप्रैल को सरकूलर जारी कर वेबसाइट पर घोषणा कर दी कि इन नियमों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जाता है।



# 17 एथलेटिक्स तकनीकी अधिकारी प्री लेवल वन परीक्षा में पास

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** के 17 प्रतिभागियों ने एथलेटिक फैडरेशन आफ इंडिया की प्री लेवल वन परीक्षा पास की है। पास हुए प्रतिभागी तकनीकी अधिकारी के तौर पर कार्य कर सकेंगे। इसकी जानकारी जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष और एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने दी।

भारतीय एथलेटिक महासंघ के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि (ए) ग्रेड में पास होने वाले ओमप्रकाश करहाना गुरुग्राम, पवन कुमार हिसार, राजेश कुमार गुरुग्राम, शुभम सिंह हिसार और संदीप शर्मा झज्झर रहे। (बी) ग्रेड में प्रमिला गोरई झज्झर, गोपीराम पांचाल करनाल, प्रदीप आंतिल सोनीपत, देवेंदर कुमार फतेहाबाद, सुरेंद्र सिंह जींद, आनन्द चरखी दादरी, ललित कुमार गुरुग्राम, आकाश सिंह रोहतक, अमन कुमार यमुनानगर, सुनील भिवानी, सूरज भाटी फरीदाबाद, कमल गुरुग्राम, राकेश अहलावत झज्झर, जसबीर करनाल, शमशेर सिंह रेवाडी, हरीश रोहतक, आशीष कुमार रेवाड़ी, सुरेंदर शर्मा भिवानी, मनीष गिरी फरीदाबाद, प्रदीप कुमार झज्झर, आकाश धीमान पंचकुला, नीरज दहिया सोनीपत, वीरेंदर सिंह फरीदाबाद, मनीकुमार कुरुक्षेत्र, महीपाल पानीपत, विक्रम सिंह सिरसा, रीना कुमारी अम्बाला, मुकेश कुमार, मिथलेश, वीरेंदर कुमार, परवीन कुमार, कुलदीप सिंह भिवानी, अनु भाटी फरीदाबाद, सतीश फतेहाबाद, डिम्पल बिष्ट गुरुग्राम, नवीन, विक्रांत, विशाल राठी झज्झर, बीरबल दूहन जींद, भरत कमल पंचकुला, लखविंदर सिंह अम्बाला, डाक्टर रितिका भाटिया फरीदाबाद और मुनेशकुमार गुरुग्राम आदि प्रतिभागी पास हुए।

राजकुमार मिटान ने बताया कि (सी) ग्रेड से पास होने वाले



सत्यवीर, साजिद हुसैन फरीदाबाद, गुंजन गुरुग्राम, शिखा त्यागी कुरुक्षेत्र, परवीन कुमार महेंदरगढ़, योगेश, देवेंदर कुमार पलवल, प्रतीप कुमार पानीपत, सुमित कश्यप गुरुग्राम, आशु झज्झर, मनोज, परवीन कुमार सोनीपत, सुरेंदर भिवानी, लोकपाल अत्री फरीदाबाद, लेविन दहिया सोनीपत, हरि सिंह, लवकुश भडाना, अमित टोंगर, सौरभ वर्मा, गौरव फरीदाबाद, विजय कुमार कैथल, रजत कुमार कुरुक्षेत्र, दीपिका, जयभगवान गुरुग्राम, राकेश कुमार जींद, मदन कुमार, विक्रम भिवानी, प्रदीप कुमार हिसार, सुरेंद्र सुहाग झज्झर, करमवीर जींद, शिवानी सोनीपत, जयप्रकाश भिवानी, राजेश कुमार गुरुग्राम, जतिन झज्झर, अनु बुधवार रोहतक, सलीम सोनीपत, राजे कुमार भिवानी, गोपाल तंवर कुरूक्षेत्र, हरिओम, घनश्याम फरीदाबाद, रिंकू यादव महेंदरगढ, अमर सिंह फरीदाबाद, राजू झज्झर और यशपाल चोपडा पंचकुला ने पास होकर तकनीकी अधिकारी बनने का सपना पूरा किया। (डी) ग्रेड से पास होने वाले सतीश भिवानी और सीमा फरीदाबाद रही। (ई) ग्रेड से पास होने वालों में हेम सिंह चरखा दादरी और विनोद भिवानी रहे।

सत्यवीर धनखड ने बताया कि भारतीय एथलेटिक महासंघ की साप्ताहिक आनलाइन कक्षाओं में ट्रैक एंड फील्ड एथलेटिक खेल से संबंधित सभी क्षेत्रों के प्रोफेसरों ने अपना ज्ञान सभी प्रतिभागियों से सांझा किया था। तकनीकी अधिकारी की परीक्षा में पास होने वाले राज्य के सभी प्रतिभागियों ने बताया कि उन्होने एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान, वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, प्रतियोगिता निदेशक जितेंदर बांगर और मुख्य कोच धर्मबीर चिकारा के मार्गदर्शन में भारतीय एथलेटिक महासंघ में तकनीकी अधिकारी बनने का कार्य किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पेयजल और सीवरेज समस्या से निपटने के लिए दिए निर्देश



**बल्लभगढ़।** हरियाणा के परिवहन, खनन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने शनिवार को आगामी गर्मी के मौसम शुरू होने पर बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के इलाके में स्वच्छ पीने के पानी की सप्लाई और सीवर की समस्या को दूर करने के लिए निगम के अधिकारियों के साथ स्थानीय रेस्ट हाऊस में बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। बैठक में निगम के एससी, एक्सईन, एसडीओ और जेई के साथ शहर में स्वच्छ पीने के पानी की समस्या दूर करने के लिए अधिकारियों की अलग अलग जिम्मेदारी तय की गई। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री अपने सरल मिजाज के अंदाज में पानी के ट्यूबवेलों की देखरेख का कार्य देख रहे ठेकेदारों को भी चेतावनी देते हुए कहा यदि कोई ट्यूबवेल खराब मिला तो तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निगम के अधिकारियो को भी खरी-खरी बातों में कहा कि यदि जनता ने पानी न आने की शिकायत की तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे। इस मौके पर अधिकारियों के साथ कई पार्षद भी मौजूद रहे।

### आरपीसीए इलेवन ने जीता 22 रन से मैच




**फरीदाबाद।** 7वें ऑल इंडिया रविंद्र फागना यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में आरपीसीए (सोहना) इलेवन ने मास्टर क्रिकेट अकादमी टीम को 22 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि आरपीसीए (सोहना) इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 36.5 ओवर में 10 विकेट पर 168 रन बनाए। प्रिन्स लोहिया ने 35 रन, परम ने 27 रन और रोहित भामला ने 24 रन बनाए। मास्टर क्रिकेट अकादमी के मानित वर्मा ने तीन विकेट, सिद्धार्थ और देव भाटी ने दो-दो विकेट, सुक्रित भाटिया, अंकित पांडेय और रमित बंसल ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मास्टर क्रिकेट अकादमी टीम 36 ओवर में 146 बनाकर आउट हो गई। विनीत ने 33 रन, अंशुल सेठी ने 28 रन और करनीत ने 25 रन बनाए। आरपीसीए (सोहना) इलेवन के भाव्या कक्कर और वैभव कुमार ने 3-3 विकेट, नीरज तिवारी और कुनाल शर्मा ने एक-एक विकेट लिए। अशोक लोहिया (सरपंच) ने मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार भाव्या कक्कर को दिया। भाव्या कक्कर ने 7 ओवर में एक ओवर मिडल निकालकर 14 रन देकर तीन विकेट लिए और 28 बॉल में दो चौके लगाकर 18 रन बनाए।

### लापता मासूम बच्चे को 15 दिन में उसके परिजनों से मिलवाया



**फरीदाबाद।** गुरुग्राम पुलिस द्वारा सूचना मिली कि करीब 5 साल का बच्चा जो सिविल लाइन सेक्टर 15 गुरुग्राम में लावारिश हालात में रोता हुआ मिला है। सिविल लाइन थाने से सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बच्चे की काउंसलिंग की परन्तु बच्चा अपने बारे में कुछ नही बता रहा था। उसके बाद गुरुग्राम पुलिस ने बच्चे को सीडब्ल्यूसी में पेश बाल कल्याण समिति के आदेश से बच्चे को फरीदाबाद शेल्टर में छोड़ा गया। उसके बाद शेल्टर होम संचालक ने इसकी सूचना मिसिंग सेल व चाइल्ड हेल्प लाइन को दी जिस पर दिनों टीमो ने दिन रात मेहनत करके बच्चे का 14 दिन बाद पता कर लिया था। जिसकी गुमसुदगी एफआईआर फते पुर बेरी में दर्ज है उसके बाद टीम ने बच्चे के घर वालो ओर इस केस के आई सब इंस्पेक्टर लक्ष्मण सिंह से संर्पक किया और बच्चे की फ़ोटो उनको व बच्चे के परिवार को भेजी बच्चे के दादा ने बच्चे को पहचान लिए उसके बाद फरीदाबाद टीम ने गुरुग्राम बाल कल्याण समिति से बात करके बच्चे विष्णु पांडेय को फरीदाबाद बाल कल्याण समिति के आदेश से इस केस के आईओ लक्ष्मण सिंह को शॉप दिया था। जिस पर दिल्ली पुलिस ने हरयाणा पुलिस व चाइल्ड हेल्प लाइन टीम का धन्यवाद किया।

### एलपीजी गैस एसोसिएशन ने लगाया कोविड वैक्सीनेशन कैंप



**फरीदाबाद।** एलपीजी गैस एसोसिएशन द्वारा सेक्टर-8 स्थित ईएसआई अस्पताल प्रांगण में कोरोना वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डॉ. अखिल महाजन एवं उनकी चिकित्सा टीम ने लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाया। मुख्य रूप से डिस्ट्रिक कन्वीनर एवं कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, आईओसी ऑफिसर गौरव गुप्ता, एलपीजी फेडरेशन डिस्ट्रिक प्रेसीडेंट आशुतोष गर्ग, सेक्रेटरी नीरज आहुजा, पूर्व प्रेसीडेंट अशोक मंगला, रामेश्वर दास, सन्नी दुआ, युद्धविन्द्र यादव, आईओसी ऑफिसर गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे। कैंप में प्रेसीडेंट आशुतोष गर्ग समेत करीब 60 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई गई। सुमित गौड़ और आशुतोष गर्ग ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि कोरोना महामारी का प्रकोप देश-प्रदेश में तेजी से बढ़ रहा है इसलिए हम सभी को सावधानियां बरतने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कोरोना वैक्सीन लगवाने वाले लोगों से कहा कि वह यह न सोचे की वैक्सीन लग गई है तो उन्हें कोरोना नहीं होगा, बल्कि उन्हें पहले की तरह सावधानी बरतनी होगी और मास्क, दो गज की दूरी और बार-बार हाथ धोने जैसी सावधानियां बरतनी चाहिए। सुमित गौड़ ने कहा कि देशभर में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान जोरों पर चल रहा है, सरकार ऐसी व्यवस्था करें कि टीकाकरण केंद्रों पर वैक्सीन की कमी न आए और हर व्यक्ति को दोनों डोज समय पर लगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह कोरोना महामारी को हल्के में न आंके और सावधानी बरतें और जरूरत होने पर ही घर से बाहर निकले तभी हम पूरी तरह से कोरोना पर काबू पा सकेंगे।

# कोरोना : निजी अस्पतालों में एंट्री बंद होने से भटक रहे मरीज

## बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में पांच मौत और दो कोविड-19 संक्रमित

**कविता।** फरीदाबाद





**शहर** के निजी अस्पताल संचालक आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट के बिना मरीजों का इलाज व भर्ती करने से साफ इंकार कर रहे हैं। ऐसे में मरीज यहां से वहां चक्कर काट रहे हैं और जब तक मरीज सिविल अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में पहुंचता है, तब तक कई मरीजों की सांसें थम जाती हैं। ऐसा ही बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में देखने को मिला। यहां करीब दो घंटे में पांच मरीजों ने दम तोड़ दिया। वहीं यहां दाखिल दो मरीजों और एक अन्य की रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई। जिससे यहां मॉर्निंग शिफ्ट में हाल-बेहाल देखने को मिला। अपातकालीन कक्ष में विमला दयाल नगर, मौना सेक्टर-31, प्रदीप संजय कॉलोनी, अज्ञात समेत एक अन्य व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं बीती रात पांच से सात मरीज यहां पॉजिटिव पाए गए।

### ये हैं हालात

**बीके** अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में इलाज को पहुंचे मरीजों की मौत के बाद परिजनों ने बताया कि निजी अस्पतालों में कोरोना के मरीजों को ही दाखिल किया जा रहा है। अगर मरीज किसी और बीमारी से पीड़ित है तो उसे वहां दाखिल ही नहीं किया जा रहा है।

रेपिड जांच की रिपोर्ट को माना ही नहीं जा रहा है। आरटीपीसीआर जांच करा कर लाने को कहा जा रहा है। लेकिन आरटीपीसीआर जांच बाहर से कराने पर पैसे लग रहे हैं और अगर वह बीके सिविल अस्पताल की प्रयोगशाला में जांच कराते हैं तो वहां रिपोर्ट ही 48 से 72 घंटे के बाद आती है। कई बार तो चार दिनों तक रिपोर्ट के लिए लोगों को चक्कर काटने पड़ते हैं। तब तक मरीजों की जान पर बन आती है।

### पांच मरीजों की मौत

**ड्यूटी** पर तैनात कर्मचारी और चिकित्सक पांच मरीजों की मौत अपातकालीन कक्ष में एक साथ होने पर हैरान रह गए। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि अस्तपाल में मृतकों को रखने की व्यवस्था नहीं है। जिस पर उन्हें स्ट्रेचर पर ही डालकर रखा जा रहा है। वहीं कुछ मरीजों के ऊपर ढकने तक को कपड़ा नहीं था। जिस पर परिजनों द्वारा हंगामा करने पर नए कपड़े का इंतजाम करके स्टाफ के सदस्यों ने उन्हें चुप कराया।

### अज्ञात समेत दो पाजिटिव

**पिछले** कुछ समय से दाखिल अज्ञात मरीज की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आ गई। वहीं यहां दाखिल एक महिला मरीज की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। ऐसे में कर्मचारियों का कहना था कि उन्हें यहां आने वाले मरीजों की देखभाल के दौरान स्वयं के बचाव के लिए न तो ग्लब्स मिल रहे हैं और न ही अन्य सामान। ऐसे में वह खुद का बचाव कैसे करें।

# कोरोना विस्फोट जारी : 4 मौत, 987 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 54750

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार तेजी के साथ बढ़ रही है। जिन इलाकों में बीते वर्ष मरीज सामने आ रहे थे। उन्हीं इलाकों में एक बार फिर मरीजों की संख्या तीन गुणा ज्यादा सामने आ रही है। जिसे देखते हुए जांच करवाने और बीमार मरीजों की लम्बी लाइने अस्पतालों में लग रही है।

शनिवार को बीके अस्पताल में भी कोरोना के लक्षणों वाले मरीजों की भीड़ लग गई। वहीं जिले में शनिवार को सर्वाधिक 987 पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 54750 पर पहुंच गया। वहीं पिछले 24 घंटे में 4 मरीजों की मौत हो गई। वहीं जिले में राहत की बात यह रही कि 404 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 90.7 प्रतिशत पर पहुंच चुका है।



**इतने पॉजिटिव :** जिले में फिलहाल एक्टिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 4652 है। जिसमें होम आईसोलेट मरीज 4036 हैं। पिछले 24 घंटे में 987 मरीज पॉजिटिव हैं। जिसमें सेक्टर-30 (12), धीरज नगर (8), आईपी कॉलोनी (9), सेक्टर-8 और 7 से 7-7 मरीज हैं। गोपाल अस्पताल (1), सूर्या कॉलोनी (3), सरपंच कॉलोनी (1), ओम इंक्लेव (2), जवाहर कालोनी (6), एनएच-5 (10), अहीरवाड़ा (1), भूदत्त कॉलोनी (1), साबुन कालोनी (4), इंदिरा नगर (3), ग्रीन फील्ड कॉलोनी (15), ग्रीन वैली (5), साइन कॉलोनी (6), एनएच-एक (7), डबुआ कॉलोनी (4), नेहरू ग्राउंड (6), सेक्टर-16 (7), सेक्टर-18 (6), न्यू बसेलवा कॉलोनी (5), सेक्टर-29 (12), सेक्टर-49 (14), सैनिक कॉलोनी (12), सेक्टर-21 (10), सवाना (1), एनएच-4 (6), एनएच-3 (4), सेक्टर-28 (15), स्प्रींग फिल्ड कॉलोनी (12), झाडसेंतली (2), तिलपत कॉलोनी (5), शिव कॉलोनी (3), सेक्टर-89 (11), सेक्टर-37 (9), अशोका इंक्लेव (9), एसजीएम नगर (5), हरी बिहार (8), गर्ग कॉलोनी (7), सेक्टर-86 (15), सेक्टर-87 (13) अन्य एरियों से 679 मरीज शामिल हैं।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांचें | : 617056 |
| अब तक पॉजिटिव | : 54750 |
| अब तक नेगेटिव | : 559431 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 2875 |
| ऑक्सीजन पर हैं | : 156 |
| वैंटीलेटर पर हैं | : 23 |
| अब तक मौत | : 436 |
| अब तक ठीक | : 49662 |

# एमडीयू ने भी ऑनलाइन एग्जाम कराने का लिया फैसला



**फरीदाबाद।** एनएसयूआई के संघर्ष के चलते हुए एक बार फिर से हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार को छात्रों की मांग के आगे झुकना पड़ा है। पिछले काफी दिनों से एनएसयूआई के बैनर तले छात्र एमडीयू यूनिवर्सिटी तथा उनसे संबंधित कॉलेजों में ऑनलाइन मोड़ में एग्जाम कराने की मांग कर रहे थे और आज वो मांग यूनिवर्सिटी ने मान ली है। 20 अप्रैल से होने वाली परीक्षाएं अब एक मई से होंगी और ऑनलाइन मोड़ में होंगी। यह जानकारी एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने जारी बयान में कही।

एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए छात्रों में ऑफलाइन मोड़ में परीक्षाएं करवाने को लेकर रोष था और छात्र एनएसयूआई के बैनर तले लगातार अपनी आवाज उठा रहे थे। एनएसयूआई के संघर्ष चलते हरियाणा प्रदेश की अधिकांश यूनिवर्सिटियां छात्रों की मांग को मान चुकी थी और ऑनलाइन मोड़ में एग्जाम करा रही थी लेकिन कुछ एक यूनिवर्सिटियां ऐसी थीं जो की ऑफलाइन मोड़ में एग्जाम कराने पर अड़ी हुई थी जिनमें एमडीयू भी एक थी। कृष्ण अत्री ने बताया कि छात्रों को मांग को हरियाणा के शिक्षा मंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और जब समाधान नहीं हुआ तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल को भी पत्र लिखकर छात्रों की मांग से अवगत कराया। एनएसयूआई के संघर्ष के चलते 16 अप्रैल को प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों को बंद करने का फैसला लिया गया था और आज 17 अप्रैल को एमडीयू ने 20 अप्रैल से होने वाली परीक्षाओं को स्थगित करके एक मई से ऑनलाइन मोड़ में कराने का फैसला लिया है जोकि महर्षि दयानंद विश्विद्यालय तथा उससे जुड़े हुए सभी कॉलेजों के छात्रों की जीत है।

# समारोह में पदक विजेता महिला खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



**फरीदाबाद।** शनिवार को ओल्ड फरीदाबाद के बाढ़ मोहल्ला स्थित वाल्मीकि मंदिर में आयोजित एक समारोह में पदक विजेता महिला खिलाड़ियों, राज्यस्तरीय पहलवान साक्षी और राष्ट्रीय स्तर की कांस्य पदक विजेता फुटबाल खिलाड़ी आरती को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आत्माराम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोविड-19 से बचाव के दिशा-निर्देशों का पूरा ध्यान रखा गया।

खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने उपरांत ध्यानचंद अवार्डी नेत्रपाल पहलवान और टोनी पहलवान ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं चाहे वह क्षेत्र पढ़ाई का हो या खेलकूद का, वे हर क्षेत्र में अपना दमखम दिखाकर झंडा गाड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारें खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक तरह की योजनाएं चलाए हुए हैं जिनके माध्यम से अब ग्रामीण अंचल से निकलकर खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं इन पुरस्कृत खिलाड़ियों ने सरकार द्वारा दी जा रही सहूलियतों की सराहना करते हुए कहा कि वे आज जिस मुकाम पर हैं उस पर सरकारी मदद के बिना नहीं पहुंच सकती थे।

मौके पर अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह साहनी, नवीन पसरीचा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष यशराज जिजोरिया, सुरेंद्र शर्मा उर्फ बबली, जैजू पहलवान, प्रवीण चौधरी गर्ग, ओमप्रकाश दरोगाजी, रतन ठेकेदार, नगर निगम प्रधान धनसिंह, मदन प्रधानजी, विनोद प्रधानजी, विकास प्रधानजी, नगर निगम के जिला प्रधान बलबीर बालगुहेर, गुरचरण खांडिया, महेंद्र कुठिया आदि उपस्थित रहे।

# इंटरव्यू से वंचित रहेंगे पॉजिटिव अध्यापक

**फरीदाबाद।** माडल संस्कृति सीनियर सेकंडरी स्कूलों के लिए होने वाले इंटरव्यू को लेकर अध्यापक परेशान है। क्योंकि मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूलों के इंटरव्यू ऑफलाइन है और कोरोना पॉजिटिव हुए अध्यापक इन्हें नहीं दे सकेंगे। जानकारी सरकार ने शिक्षा स्तर को सुधारने की दिशा में मॉडल संस्कृति स्कूल खोले हैं। जिसके इसके इन स्कूलों में प्रिंसीपल व टीचिंग स्टॉफ के लिए आवेदन मांगे गए थे। प्रिंसीपल की तैनाती हो गई है और अब अध्यापकों के 19 से 22 अप्रैल तक इंटरव्यू होने हैं। पूरे प्रदेश से 358 अध्यापकों के इंटरव्यू होने हैं, लेकिन इनमें से कई अध्यापक कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। इसके चलते वह किस तरह इंटरव्यू में पहुंच पाएंगे, क्योंकि वह अब घरों में 18 दिनों के लिए कैद हो गए हैं। ऐसे में इन अध्यापकों का चंडीगढ़ में इंटरव्यू पर पहुंचना मुश्किल हो गया है। हालांकि फरीदाबाद के कोरोना पॉजिटिव अध्यापकों ने अपनी समस्या के बारे में चंडीगढ़ बात की, पर अधिकारियों ने उनकी एक न सुनी। अध्यापकों ने मांग की है कि वह ऑनलाइन इंटरव्यू देने के लिए तैयार है या फिर उन्हें स्वस्थ होने के बाद इंटरव्यू के लिए बुलाया जाए।

# उपभोक्तों को पेयजल और सीवर बिल अब मोबाइल फोन पर मिलेंगे



**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं नगर निगम के कमिश्नर यशपाल की अध्यक्षता में गत सायं स्थानीय लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में एमसीएफ के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमसीएफ कमिश्नर यशपाल ने हरियाणा अर्बन लोकल बॉडीज, स्थानीय शहरी निकाय विभाग की वेबसाइट को लांच किया गया है। जिसके माध्यम से अब नगर निगम के पेयजल सप्लाई के और सीवरेज व्यवस्था के बिलों की पूरी जानकारी उपभोक्ताओं को मोबाइल पर ही मिलेगी।

उपभोक्ता अपने पेयजल आपूर्ति तथा सीवरेज के बिलों का भुगतान भी घर बैठे आनलाइन ही कर सकेंगे। इसके अलावा पेयजल सप्लाई और सीवरेज के लिए नए कनेक्शनों के आवेदन ऑनलाइन किए जा सकेंगे। बैठक में वेबसाइट लांच करने उपरांत बल्लभगढ़ एमसीएफ डिवीजन चार के सभी पेयजल सप्लाई और सीवरेज के बिल अब घर बैठे ऐप के माध्यम से उपभोक्ता ऑनलाइन पर ही जमा करवा सकेंगे। अब एमसीएफ के कार्यालय में बिल जमा बिल जमा करवाने के लिए बल्लभगढ़ वासियों को चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। एमसीएफ के आईटी विभाग के कार्यकारी अभियंता विवेक गिल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि एमसीएफ की पोर्टल जारी कर दी गई है और इस अवसर पर बल्लभगढ़ डिवीजन 4 नंबर के बिल पेयजल सप्लाई व सीवरेज के बिल ऑनलाइन ही लोगों को मोबाइल के जरिए मैसेज मिलेंगे। बल्लभगढ़ जोन के लोग भी ऑनलाइन मोबाइल के माध्यम से अपने पेयजल आपूर्ति और सीवरेज बिल जमा करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार की स्थानीय शहरी निकाय विभाग की वेबसाइट Ulb.online.gov.in पर जाकर उपभोक्ता को अपने बिल की पूरी जानकारी मिलेगी और वह ऑनलाइन के माध्यम से ही अपना बिल जमा करवा सकेगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम के पेयजल सप्लाई व सीवरेज के उपभोक्ताओं को अब नए कनेक्शन करवाने तथा उनके बिल अदा करने के लिए एमसीएफ के कार्यालयों में चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

# सरकार के आदेशों के खिलाफ शहर में खुले कई स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**कोरोना** बीमारी को बढ़ावा देने वाले स्कूल कॉलेजों को शिक्षा विभाग की तरफ से बंद कर दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद शनिवार को कुछ स्कूल नियमों को ताक पर रखकर खुले रहे। स्कूलों से निकलने वाले बच्चों के बीच कोरोना के नियम टुटते नजर आए।

जानकारी के मुताबिक शिक्षा निर्देशालय और उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए आगामी 30 अप्रैल तक पहली से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई के लिए स्कूलों और कॉलेजों समेत समस्त शिक्षण संस्थानों को बंद करके के आदेश शुक्रवार को निकाले थे। लेकिन इसके बावजूद जिले में कुछ स्कूल खुले हुए नजर आए। स्कूलों के बाहर निकले विद्यार्थियों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का तो नामों निशान नहीं था। वहीं कोरोना से बचाव के लिए लगाया जाने वाला मास्क भी आधे से ज्यादा बच्चों के मुंह से गायब दिखा।

**आ रहे पॉजिटिव :** जिला स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में दस फीसदी स्कूली बच्चे पॉजिटिव आ रहे हैं। इसके बावजूद भी स्कूल संचालकों द्वारा स्कूलों को नियम कायदों को ताक पर रखकर स्कूलों को खोला गया। ऐसे में पॉजिटिव मामलों में वृद्धि हो सकती है।

**चिकित्सक का कथन :** क्यूआरजी हेल्थ सिटी अस्पताल में बाल रोग विभाग के एचओडी एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. लोकेश महाजन ने बताया कि आज बच्चों में भी कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले 25 मरीजों में 50 फीसदी बच्चे कोरोना के लक्षण के साथ आ रहे हैं। बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण बड़े लोगों में आने वाले लक्षण जैसे ही हैं। जैसे खांसी, जुकाम, गला दर्द, बुखार, सिरदर्द, उल्टी, डायरिया आदि। इसके अलावा रैशेस, लाल आंखों के लक्षण के मरीज भी आ रहे हैं। संक्रमित बच्चों की तादाद बढ़ी है क्योंकि अब बच्चे खेलने के लिए घर से बाहर निकल रहे हैं। इसलिए सलाह दी जाती है कि बच्चों को घर के अन्दर ही रखें, बाहर खेलने न भेजें। अगर बच्चा संक्रमित हो गया तो परिवार के अन्य बड़े लोगों में संक्रमण बहुत तेजी से फैल सकता है क्योंकि बच्चे के लिए स्वयं को होम आइसोलेट करना या कोविड सम्बंधित गाइडलाइन्स का पालन करना थोड़ा मुश्किल होता है।



डॉ. लोकेश

### रखे इन बातों का ख्याल

**डॉ. लोकेश** ने बताया कि बच्चों को घर के अन्दर ही रखें। बच्चों को खुद की साफ-सफाई करना सिखाएं, हाथों को धोना सिखाएं। अगर किसी बच्चे में कोरोना के लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो सबसे पहले बच्चे का आरटी पीसीआर टेस्ट कराएं। टेस्ट में कोविड का पता चलने पर बच्चे को होम आइसोलेट करें और परिवार का एक सदस्य संक्रमण से बचाव करने से जुडी सावधानियों का पालन करते हुए बच्चे की देखभाल करें। सलाह दी जाती है कि खांसी, बुखार, जुखाम होने पर लोग जल्द से जल्द टेस्ट जरूर कराएं, इसमें देर नही करनी है। टेस्ट की रिपोर्ट छुपाएं नहीं, टेस्ट पॉजिटिव आता है तो कम से कम 17 दिन घर के अन्दर ही रहें। संक्रमण से डरें नहीं बल्कि सतर्क रहें।

# मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा जिले में चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देशों के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने दो शातिर आरोपियों को चोरी के जुर्म में गिरफ्तार किया है।

क्राइम ब्रांच ने गुप्त सूत्रों की सहायता से आरोपी रिजवान को अवैध देसी कट्टे सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी रिजवान को अदालत में पेश कर के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान सामने आया कि आरोपी रिजवान ने अपने साथी आरोपी राशिद के साथ मिलकर जिले में मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। इसके बाद आरोपी रिजवान की सूचना पर आरोपी राशिद को चोरी की मोटरसाइकिल सहित चंदावली पुल से गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 68 केंद्रों पर 3247 लोगों ने लगवाया टीका



**फरीदाबाद।** जिले में लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। जिसके तहत शनिवार को जिले में 68 केंद्रों पर 3247 लोगों को वैक्सीन लगाई गई। बुजुर्ग खुश होकर वैक्सीन लगवा रहे हैं। शनिवार को बीके अस्पताल के वैक्सीनेशन सेंटर पर एसजीएम नगर की 95 वर्षीय कैलाशवती देवी ने इंजेक्शन लगवाते हुए टीकाकरण कर रही अंजू को कहा कि उन्हें खुशी है कि कोरोना से बचाव का उन्हें टीका लगाया जा रहा है। वह घर से खाना खाकर इस टीके को लगवाने आई है। वहीं आंकड़ों के मुताबिक शनिवार को 19 निजी अस्पतालों में पहली डोज 675 को और सैकेंड डोज 388 को लगाई गई। वहीं 49 सरकारी में पहली डोज 1389 को और सैकेंड डोज 795 को लगाई गई। जिसमें प्रथम लाईन, हेल्थ केयर, 60 वर्ष से अधिक और 45 वर्ष से अधिक के लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया।

### मोस्टवांटेड इनामी बदमाश सुनील गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा जिले के मोस्ट वांटेड अपराधियों का सफाया करने के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम ने फरार चल रहे 10 हजार के इनामी बदमाश सुनील को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के एक अन्य साथी विनोद को पुलिस ने बीते दिन ही गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ थाना छायंसा में हत्या की कोशिश की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। आरोपी ने अपने साथियों विनोद, अजय और श्याम उर्फ सोनू के साथ मिलकर 27 अगस्त 2020 को छायंसा थानाक्षेत्र में स्थित सैनी ढाबे पर नशे की हालत में किसी बात को लेकर महेंद्र पर चाकू से वार करके उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी रिश्तेदारी में अपनी बुआ के घर ओरंगाबाद जिला पलवल व उतर प्रदेश में अलग अलग जगह पर रहता था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों में साइबर तकनीकी की सहायता से कड़ी मशक्कत करने के पश्चात आरोपी को तिगांव पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुनील पुत्र होशियार सिंह फरीदाबाद के मोहना गांव का रहने वाला है। आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है और उसके साथियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### पूर्व विधायक ललित नागर ने परिवार सहित लगवाई वैक्सीन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 स्थित दिगंबर जैन मंदिर के प्रांगण में शनिवार को लगाए गए वैक्सीनेशन कैंप में तिगांव क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर ने अपने पूरे परिवार के साथ वैक्सीन लगवा कर लोगों को वैक्सीन लगवाने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि कोरोना महामारी से भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व जूझ रहा है और पिछले कुछ दिनों से जिस प्रकार से कोरोना की दूसरी लहर बेकाबू हुई है, उससे देश का हर राज्य व जिला प्रभावित हो रहा है और इसे रोकने के लिए जहां हमें आगे आकर वैक्सीनेशन करवाना होगा वहीं सावधानियां भी बरतनी होगी, तभी हम कोरोना से जंग जीत पाएंगे। श्री नागर ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन काफी कारगर है और इसलिए लोगों को इसे अवश्य लगवाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में करीब 60 प्रतिशत मामले युवाओं के सामने आ रहे है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह वैक्सीनेशन की आयु सीमा भी घटाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगवाने की व्यवस्था करें ताकि कोरोना के संक्रमण का खात्मा किया जा सके। श्री नागर ने वैक्सीन लगवाने आए लोगों से कहा कि वह अभी लापरवाही कतई न बरतें, वैक्सीनेशन करवाने के बाद भी मास्क लगाना, दो गज की दूरी और बार-बार हाथों को धोने की सावधानी अवश्य बरतें और दूसरी डोज भी समय पर लगवाएं।

### 125 लोगों को लगा कोरोना का टीका



**बल्लभगढ़।** परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचन्द शर्मा के सेक्टर 8 कार्यालय पर कोरोना वैक्सीन कैंप का आयोजन किया गया। बल्लबगढ़ के सरकारी अस्पताल के डॉ. योगेंद्र की टीम द्वारा सेक्टर 8 व 10 की मार्केट के करीब 125 लोगों को टीका लगाया। कैम्प में परिवहन मंत्री के परिजनों ने भी कोविडसील्ड वैक्सीन लगवाई। मौके पर मंत्री शर्मा मौजूद रहे। परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने मार्किट के लोगों को जागरूक किया कि वे कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन का टीका जरूर लगवाएं। इसके अलावा प्रयास वेलफेयर संस्थान सेक्टर 64 बल्लभगढ़ कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान चलाया गया और कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 45 साल की उम्र से अधिक के लोगों को कोविडसील्ड इंजेक्शन लगाया गया। इस मौके पर प्रयास वेलफेयर संस्थान के महासचिव पवन गुप्ता, मंगत राम सिंगला, सरदार मंजीत सिंह, उद्योगपति अरुण बजाज, आरपी हंस, कमलेश शास्त्री और प्रक्रुथी ट्रस्ट के रमा सरना, सुरेंद्र जग्गा, विनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष अनूप गुप्ता, कोमल शरना, नीरज जग्गा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गुरुग्राम पायनियर
हरियाणा, रविवार, 18 अप्रैल, 2021
•सोहना •ओल्ड •गुरुग्राम •पटौदी •आईएमटी-मानेसर •फर्रूखनगर •भिवाड़ी
ई-पेपर www.pioneerhindi.com


# वजीराबाद में विधायक सुधीर सिंगला ने समाप्त कराया धरना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



वजीराबाद में निर्माणाधीन श्मशान घाट के शिफ्ट होने का पत्र लेकर पहुंचे विधायक का स्वागत करते ग्रामीण।

### केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने फोन से ग्रामीणों को किया संबोधित

### श्मशान घाट बनने के विरोध में तीन महीने से अधिक समय से धरनारत थे ग्रामीण

**वजीराबाद** गांव में श्मशान घाट के विरोध में तीन महीने से अधिक समय से चल रहा धरना आखिरकार समाप्त हो गया। शनिवार को गुड़गांव के विधायक सुधीर सिंगला धरने पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी धर्मों के लिए श्मशान घाट अब यहां की बजाय कहीं और बनेगा। विधायक सुधीर सिंगला और राव इंद्रजीत सिंह के पीए नरेश शर्मा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) का पत्र लेकर पहुंचे और ग्रामीणों को सौंपा। इस दौरान विधायक ने ग्रामीण बुजुर्गों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। साथ ही ग्रामीणों ने भी विधायक का स्वागत किया।

विधायक सुधीर सिंगला ने धरने पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वे धरनारत ग्रामीणों के बीच पहले भी आए थे। उन्होंने आश्वस्त किया था कि इस विषय पर सरकार से ठोस बातचीत करके यहां बन रहे श्मशान घाट को शिफ्ट कराया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से चार दौर की बात भी हुई। हर बात मुख्यमंत्री की ओर से इस पर सकारात्मक रुख अपनाया गया। अधिकारियों के साथ भी इस पर बातचीत हुई। हाल ही में गुरुग्राम में जीएमडीए की बैठक के बाद उनके साथ केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, अधिकारियों से मुख्यमंत्री ने इस विषय पर मंत्रणा की। तब जाकर इस पर मुहर लगी कि श्मशान घाट को यहां से शिफ्ट किया जाएगा। अब सरकार की ओर से इस बाबत पत्र भी जारी कर दिया गया है। विधायक सुधीर सिंगला ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अब यहां से शिफ्ट होकर यह श्मशान घाट सेक्टर-33/72ए की जमीन पर बनाए जाने पर विचार किया गया है। वहां पर बोर्ड भी लगा दिया गया है, ताकि लोगों की आपत्ति अगर आती है तो उस पर भी विचार हो।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने मोबाइल फोन के जरिये ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की मांग को सरकार ने माना है। अब यहां से श्मशान घाट नहीं बनेगा। इसलिए ग्रामीण अब यह धरना समाप्त करके अपने काम-धंधों में लग जाए। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार के लिए जनता सर्वोपरि है। जनहित में ही यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि वजीराबाद की समस्या को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बेहद ही बारीकी के साथ समझा और जाना। उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री को ग्रामीणों की मांगों, यहां भविष्य में होने वाली समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा। अब इसके शिफ्ट होने का पूरा खाका तैयार हो चुका है। उन्होंने कोरोना महामारी के बीच ग्रामीणों को धरना समाप्त करने का अनुरोध किया। ग्रामीणों ने भी पत्र मिलने के बाद धरने को समाप्त करके मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत सिंह, विधायक सुधीर सिंगला का धन्यवाद किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के प्रतिनिधि नरेश शर्मा, मेयर के पति अशोक आजाद, भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवी अमित गोयल, श्मशान घाट हटाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष पार्षद कुलदीप बोहरा, कर्मवीर यादव, धर्मवीर यादव, कालू, दीपचंद फौजी, मनीष यादव, नवीन यादव, सुनील नंबरदार, पार्षद कुलदीप यादव, पूर्व पार्षद अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

# बीजेपी प्रत्याशी अमित चौधरी को विजयी बनाएं : वेदराम भाटी



जेवर विधानसभा में पंचायत चुनाव को लेकर प्रचार करते बीजेपी नेता।

**ग्रेटर नोएडा।** जिला पंचायत के चुनाव में पूर्व मंत्री वेदराम भाटी ने राजपूत व गुर्जर बाहुल क्षेत्र में दौरा करते हुए बीजेपी प्रत्याशी के हक में मतदान की अपील की। वहीं पूर्व विधायक छतरपाल सिंह के नाम पर राजपूत समाज ने पूर्ण समर्थन का वायदा किया है। छतरपाल सिंह के पौत्र मंजीत ठाकुर ने कहा कि राजपूत समाज बीजेपी प्रत्याशी अमित चौधरी को चुनाव में भारी मतों से जीत दिलाएगा। साथ ही ब्राह्मण समाज ने भी भाजपा प्रत्याशी को जिताने की बात कही। इस दौरान जिला संयोजक आईटी चंद्रमणि भारद्वाज भी मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री वेदराम भाटी ने वार्ड-5 क्षेत्र के कई गांवों का भी दौरा किया। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी अमित चौधरी को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा हर वर्ग को साथ लेकर काम किया है। आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में और योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में जनता की सेवा में जुटे हैं। वेदराम भाटी ने अमित चौधरी के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। गुर्जर बिरादरी के साथ-साथ राजपूत समाज, ब्राह्मण समाज ने भी अमित चौधरी को जिताने को पूरा समर्थन दिया है। गांव-गांव उनका स्वागत किया जा रहा है। जेवर विधानसभा क्षेत्र से युवा नेता मंजीत सिंह ने कहा कि अमित चौधरी चुनाव में जीतकर जिला प्रमुख के भी दावेदार होंगे। इस दौर में उनके साथ बीजेपी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तेजा गुर्जर, सुरेश चंद शर्मा, प्रमोद कुमार सिंह, ओमप्रकाश, जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज, रोहित अग्रवाल, ठाकुर धर्मेंद्र भाटी आदि शामिल हैं।

# सेक्टर-4 में 252 लोगों ने लगवाया कोरोना का टीका




**गुरुग्राम।** कोरोना महामारी से लोगों को बचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कोरोना टीका लगाए जा रहे हैं, जिसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में सेक्टर 4 स्थित वैश्य समाज धर्मशाला में भी कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।

समाज के प्रधान विजय अग्रवाल ने बताया कि प्रातः से ही कोरोना टीका के लिए पंजीकरण के साथ-साथ कोरोना टीका भी लगाने शुरु कर दिए गए थे। कोरोना टीका के प्रति लोग काफी जागरुक दिखाई दे रहे हैं। करीब 252 लोगों ने कोरोना टीका लगवाया। कुछ लोगों ने कोरोना टीका की दूसरी डोज भी ली। शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसकी पूरी व्यवस्था संस्था ने की हुई थी। कोरोना टीका लगने के बाद किसी को कोई परेशानी नहीं हुई। संस्था ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अन्य लोगों को भी कोरोना टीका के लिए जागरुक करें और उनमें जो भ्रम फैला हुआ है उसको दूर करें। कोरोना से बचाव के लिए टीका लगवाना बहुत जरुरी है। शिविर को सफल बनाने में सुंदरदास अग्रवाल, सूरजभान, मनोज, प्रदीप शर्मा, लालचंद गोयल आदि का सहयोग रहा।

# कोविड को लेकर कैनविन ने शुरू की फ्री कंसलटेंसी

### अनुभवी चिकित्सकों द्वारा टेलिफोन पर दी जा रही सलाह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



डॉ. सीपी सिंह। डॉ. आरपी सिंह। डॉ. सौरव गोयल।

**कोरोना** महामारी के समय में लोगों को कोविड19 के प्रति जागरुक करने के लिए कैनविन फाउंडेशन की ओर से फ्री कंसलटेंसी की शुरुआत शनिवार से यह सेवा शुरू कर दी गई। कोविड19 के प्रति लोगों की भ्रांतियां और कोरोना से बचाव को यहां निशुल्क परामर्श दिया जाएगा।

कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल एवं सह-संस्थापक नवीन गोयल के मुताबिक कैनविन के सेक्टर-38 स्थित पॉलीक्लीनिक में अनुभवी चिकित्सक बैठेंगे। कोविड को लेकर दोपहर एक से तीन बजे तक टेलिफोन के माध्यम से फ्री कंसलटेंसी की जाएगी। सप्ताह के सातों दिन यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि 48 साल से अनुभवी जनरल फिजिशियन डॉ. सीपी सिंह, 28 साल के अनुभवी फिजिशियन डॉ. आरपी सिंह और युवा चिकित्सक डॉ. सौरव गोयल लोगों को जानकारी देंगे। डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि जनता की सेहत के लिए ही कैनविन फाउंडेशन का गठन किया गया है। हर किसी के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए संस्था लॉकडाउन से लेकर अब तक अपने गठन का उद्देश्य पूरा करती आ रही है। भविष्य में भी जनसेवा का यह कारवां जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि किसी भी समय आप 9654000098 पर पंजीकरण कराएं। पंजीकरण के बाद एक से तीन बजे के बीच आपके पास कॉल आएगी और परामर्श दिया जाएगा। खुद भी एक से तीन बजे के बीच इस नंबर पर कॉल करके निशुल्क परामर्श ले सके हैं।

सह-संस्थापक नवीन गोयल ने कहा कि कोरोना महामारी फैल रही है। महामारी के प्रति आज भी बहुत से लोग जानकारी के अभाव में लापरवाही कर रहे हैं, जो कि उनके लिए परेशानी खड़ी करती है। कोरोना के नियमों, कोरोना से बचाव की सही और सटीक जानकारी होना बहुत जरूरी है।

कई बार जानकारियों के अभाव में भी हम गल्तियां कर बैठते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में हम सबको सतर्क रहना बहुत जरूरी है। कोरोना के कारण देश-दुनिया में बहुत सी जानें जा रही हैं। लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। हमें दूसरों से सीख लेकर खुद का बचाव करना है, ताकि कोरोना महामारी हमें प्रभावित ना कर सके।

## कोरोना के प्रसार से उद्योगों पर मंडराने लगा खतरा: पवन यादव



**गुरुग्राम।** कोरोना के बढ़ते प्रसार से उद्योगों पर खतरा मंडराने लगा है। काफी कर्मचारी बड़ी संख्या में कोरोना से ग्रसित हुए हैं। उद्योगों के कुछ कर्मचारी कोरोना से और कुछ वायरल फीवर से भी बीमार हो रहे है। जिस वजह से उद्योगों के कामकाज पर प्रभाव पड़ने लगा है। यह कहना है आईएमटी इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन यादव का। उन्होंने कहा कि रात्रि कर्फ्यू के बाद अब बाहर से आने वाले वर्कर्स भी डरे हुए हैं कि कहीं फिर से लॉकडाउन ना लग जाए। औद्योगिक वर्कर्स को आईएमटी इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन उन को जागरूक करने में लगा हुआ है। उनको बताया जा रहा है कि केंद्र व राज्य सरकारों ने साफ कह दिया है कि कोई भी पूर्ण लॉकडाउन की तैयारी नहीं। जिस तरह से कोरोना बढ़ रहा है, उससे कोई अछूता नहीं है। चाहे अस्पताल हो या फिर अस्पताल सेक्टर हो। आज स्थिति या आ गई है कि मानेसर, गुड़गांव चारों तरफ उद्योगपति स्वयं, प्रबंधन, कर्मचारी सभी लोग इस महामारी का शिकार हो रहे है, लेकिन उसके बाद भी महामारी का मुकाबला भी कर रहे हैं। काम पर भी लगे हुए है यह लोग भी किसी रियल हीरो से कम नहीं है हम मानते हैं फ्रंटलाइन वर्कर सबसे ज्यादा आगे बढ़ कर काम कर रहे हैं, लेकिन उद्योगों के लोग भी बहुत काम कर रहे हैं फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए दवाइयां, सिरिंज, बाकी सभी आवश्यक सामान हम सब मना रहे हैं। हम कोरोना से भी लड़ रहे हैं। अपने आप को भी बचा रहे हैं और देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए काम कर रहे हैं।

# सोहना में बारिश और आंधी से 60 गांवों की बत्ती हुई गुल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शुक्रवार** को तेज आंधी के साथ आई बारिश ने 35 हजार की आबादी वाले शहर समेत सबडिविजन के अधीन आने वाले 60 गांवों की बत्ती गुल कर दी। रात में शहरी क्षेत्र के चार में से दो ही फीडरों की लाइन चालू हो सकी। ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों पर पूरी रात अंधेरा छाया रहा।

शुक्रवार शाम आये तेज अंधड़ ने बिजली के 10 से 12 पोलों को उखाड़ फेंका। 8 से 10 स्थानों पर बिजली की लाइनों पर पेड़ टूटकर आ गिरे। जिससे सोहना सबडिविजन के अंदर आने वाले शहरी क्षेत्र के अलावा करीब 60 गांवों में बिजली सप्लाई ठप हो गई। तेज आंधी से सोहना से दमदमा व दौला जाने वाले मार्गों पर करीब छह स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़क पर आ गिरे। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हुई, लेकिन ग्रामीणों ने रात का समय होने के कारण सड़क के ऊपर टूटकर गिरे हुए पेड़ों को एक तरफ कर दिया।

### शहरी क्षेत्र में चार में से दो ठीक हुए

**35 हजार** की आबादी वाले सोहना शहर में बिजली सप्लाई के निगम की तरफसे चार फीडर बनाए हुए हैं। आंधी के कारण हुई बिजली सप्लाई ठप से शनिवार सुबह आठ बजे तक चार में से दो फीडर की बिजली सप्लाई बाहल हो गई। बिजली कर्मी देर रात तक खराब बिजली सप्लाई ठीक करने में जुटे रहे, लेकिन तेज रातभर चले तेज आंधी के झौकों ने उन्हें सप्लाई को बहाल नहीं करने दिया।

### क्या कहना है एसडीओ का

**बिजली** निगम के एसडीओ रविन्द्र बेनवाल ने बताया कि शनिवार देर शाम तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में खराब बिजली सप्लाई दुरुस्त कर दी जाएगी। लाइनों पर पेड़ टूटकर गिरने से और आंधी से पोल टूटने के कारण यह सब परेशानी पैदा हुई।

## महिला से आभूषण उतरवा ले गए ठग

**पलवल।** रिक्शा सवार महिला को बातों में गुमराह कर दो युवक आभूषणों को उतारकर फरार हो गए। कैंप थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी संजय के अनुसार न्यू कालोनी निवासी सविता ने शिकायत दर्ज कराई है कि 16 अप्रैल को गामा फिजियोथेरपी से अपनी थेरेपी कराकर रिक्शे से वापस आ रही थी। दो युवक भी आकर रिक्शे में बैठ गए और आपस में बातचीत करने लगे। पीड़िता शहर थाने के समीप रिक्शा से उतरी तो दोनों युवक दूसरे रिक्शा में बैठाकर आगरा चौक की तरफ ले आए और हाथों से चार सोने की चूड़ी और दो अंगूठियों को उतारवाकर मौके से फरार हो गए।

# मार्केट कमेटी की लापरवाही से बारिश में भीगा सैकड़ों क्विंटल गेहूं

कैलाश मंगला। होडल



खाम्बी अनाज मंडी में बरसात में भीगे गेहूं के कट्टे।

**मार्केट** कमेटी अधिकारी व ठेकेदार की लापरवाही के चलते खाम्बी अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा सैकड़ों क्विंटल बरसाती पानी की भेंट चढ गया। शुक्रवार देर रात हुई बरसात के कारण खाम्बी अनाज मंडी में सैकड़ों गेहूं के कटटे और जमीन पर खुले में रखा सैकड़ों क्विंटल गेहूं भीग गया। बरसाती पानी में भीगने वाले गेहूं के कारण किसानों और आढ़तियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

शुक्रवार देर सायं तेज आंधी के साथ हुई बरसात के कारण खाम्बी अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे रखे सैकड़ों गेहूं के कट्टे व जमीन पर रखा सैकड़ों क्विंटल गेहूं भीग गया। मार्केट कमेटी अधिकारियों द्वारा मंडी में खुले आसमान के नीचे रखे गेहूं को बरसात से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम न होने के कारण किसानों की पसीने की कमाई पर बरसाती पानी फिर गया। इसके अलावा मंडी के आढ़तियों का भी कहना था कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण मंडी से गेहूं के उठान की गति धीमी होने के भी यह नुकसान हुआ है। मंडी के आढ़ती और किसानों का कहना है कि बरसात के कारण जो उनका नुकसान हुआ है उसका जिम्मेदार हसनपुर मार्केट कमेटी व ठेकेदार है। उन्होंने बताया कि मंडी में जगह-जगह भरे बरसाती पानी व बरसात के कारण खराब होने वाले गेहूं की सूचना मार्केट कमेटी के सचिव और ठेकेदार को दे दी गई है, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है।

**क्या कहते हैं कमेटी सचिव :** हसनपुर मार्केट कमेटी के सचिव संदीप कुमार का कहना है कि मंडी में जो भी गेहूं बरसात के कारण भीगा है वह जिम्मेदारी आढ़तियों की है। उन्होंने कहा कि आढ़तियों को ही बरसात से गेहूं को बचाने के इंतजाम करने चाहिए थे।

**क्या कहते हैं ठेकेदार :** मंडी में से गेहूं का उठान करने वाले ठेकेदार प्रमोद का कहना है कि वारदाना न मिलने के कारण गेहूं उठान की गति धीमी है। उन्होंने कहा कि उनकी चार-पांच गाड़ियां गेहूं का लगातार उठान करने में लगी हैं।

## छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी भेजा जेल

**पलवल।** एमकॉम का छात्रा का पीछा कर छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच अधिकारी नीशा के अनुसार एक पीड़िता छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह एमकॉम की पढ़ाई कर रही है। दरबार कुआं निवासी वेदप्रकाश पिछले दो-तीन वर्ष से पीछा कर परेशान कर रहा है। जिसके खिलाफ कई बार शिकायत भी की गई लेकिन पीड़िता ने अपनी व माता-पिता की शर्म से शिकायत पर समझौता कर लिया। लेकिन वेदप्रकाश अपनी आदतों से बाज नहीं आया। गत 15 अप्रैल को वेदप्रकाश ने पहले पीड़िता के पास फोन किया और पीछा कर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर वेदप्रकाश ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शनिवार को अदालत में पेश किया गया जहां से अदालत के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# अनाज मंडी में बरसात से भीगा हजारों क्विंटल गेहूं



सोहना की अनाज मंडी खुले आसमान के नीचे पड़े गेहूं के कट्टे।

**सोहना।** अनाज मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ा हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। सरकारी एजेंसी के पास खुले में पड़े गेहूं की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम नहीं थे।

प्रदेश सरकार ने गेहूं की खरीद शुरू होने से पहले ही गेहूं का 48 घंटे में लदान करने के आदेश जारी किए थे, लेकिन स्थानीय अनाज मंडी में गेहूं का उठान करने की बात तो दूर, उसकी सुरक्षा के प्रबंध तक पुख्ता नहीं हैं। सोहना अनाज मंडी में हरियाणा वेयर हाउस कॉपरेशन गेहूं की सरकारी खरीद कर रहा है। अब तक करीब 500 किसानों से 16 दिन में 60 हजार क्विंतल के लगभग गेहूं सरकारी खरीद हो चुकी है। अनाज मंडी परिसर में किसानों से खरीदा गए अब तक 60 हजार क्विंतल गेहूं में से करीब 12 हजार का लदान हो पाया है। 25 से 30 हजार क्विंतल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है।

### क्या कहते हैं

**हरियाणा** वेयर हाउस कॉपरेशन एजेंसी के इंस्पेक्टर विकास कुमार का कहना है कि पलवल एफसीआई के वेयर हाउस में आने वाले गेहूं को स्टोर करने की गति धीमी है। जिसके कारण उनसे कम गेहूं की मांग की जा रही है। मांग के अनुसार ही यहां से गेहूं का उठान करके भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा मां के 5वें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की

**गुरुग्राम।** चैत्र नवरात्र पर मां दुर्गा के 5वें स्वरुप मां स्कंदमाता की पूजा-उपासना शनिवार को श्रद्धालुओं ने अपने घरों में पूरे विधि-विधान से की। कोरोना वायरस के चलते शहर के सुदर्शन मंदिर, गुफा वाला मन्दिर, सिद्धेश्वर मन्दिर, घन्टेश्वर मन्दिर, गीता भवन, चिंतपुर्णी मंदिर, राम मन्दिर सेक्टर-4 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर, श्रीराम मंदिर, सूर्य विहार के माता वैष्णो देवी मंदिर, प्रकाशपुरी आश्रम में सीमित संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रबंधन भी श्रद्धालुओं से आग्रह कर रहे हैं कि वे भीड़ के रूप में एकत्रित न हों और सीमित संख्या में ही मंदिरों में आएं। अन्यथा अपने घरों में ही मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना करें। श्रद्धालु मां दुर्गा का गुणगान अपने घरों में भजनों से कर रहे हैं। हवन-यज्ञ का सिलसिला भी जारी है, ताकि वातावरण शुद्ध रह सके। विश्व शांति व सुख-समृद्धि के लिए श्रद्धालु हवन में आहुतियां डाल कर कोरोना से राहत दिलाने की कामना ईश्वर से कर रहे हैं।

### चोरों ने अलग-अलग जगह दिया पांच वारदातों को अंजाम

**पलवल।** चोर अलग-अलग थाना क्षेत्र से चार बाइक व एक मकान से आभूषण सहित हजारों रुपये की नकदी को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान के अनुसार गांव दूधौला निवासी मोहित ने गदपुरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि चोर 14 अप्रैल की रात को घर से सोने-चांदी के आभूषण, एक मोबाइल फोन व दस हजार 500 रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर गए। इसी प्रकार चोर होड़ल निवासी नरेंद्र की बाइक को शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजीव नगर से, गांव सिकंदपुर निवासी प्रवीण की बाइक को आईसीएस कोचिंग सैंटर के समीप से, गांव छज्जूनगर निवासी तेजराम की बाइक को कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत असावटा मोड़ से व राम नगर निवासी रामकली की बाइक को कृष्णा कालोनी से चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### साइबर क्राइम के जरिए ठगे हजारों रुपये

**पलवल।** साइबर क्राइम के जरिए 14 हजार रुपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी जयकिसन के अनुसार श्याम नगर निवासी प्रीति गर्ग ने शिकायत दर्ज कराई है कि 19 जून वर्ष 2020 को उसने ओएलएक्स पर सोफा बेचने का विज्ञापन दिया था। जिसके बाद राकेश शर्मा नामक व्यक्ति का फोन आया और सोफा खरीदने की बात कहकर पेमेंट के लिए पेटीएम नंबर मांगा। पीड़िता ने अपनी पति दिनेश सिंगला का पेटीएम नंबर दिया। जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर खाते से 14 हजार रुपये काट लिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शिविर में लगावाए कोरोना के टीके



**होडल।** नेशनल हाइवे हसनपुर चौक के निकट स्थित आइएएस मैमोरियल स्कूल के प्रांगण में शनिवार को वैक्शीन टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य विभाग होडल की टीम ने 45 वर्ष की आयु से अधिक महिला-पुरुषों को कोरोना महामारी से बचाव के लिए टीके लगाए। शिविर की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन देवेंद्र सौरोत ने की। देवेंद्र सौरोत ने बताया कि शिविर में 45वर्ष से अधिक आयु के स्कूल बस स्टॉफ, अध्यापक व आसपास कालोनी के लगभग चार दर्जन लोगों ने टीके लगवाए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार महामारी पर रोकथाम के लिए इस प्रकार के शिविर लगाकर लोगों को सुरक्षित करने का प्रयास कर रही है। मौके पर दर्जनों स्कूलों के अध्यापक और कॉलोनी के लोगों ने शिविर में हिस्सा लिया।

### ब्लैंक पेपर पर हस्ताक्षर कराने पर अधिवक्ता पर केस दर्ज

**पलवल।** अधिवक्ता को झांसे में लेकर दूसरे अधिवक्ता द्वारा ब्लैंक पेपरों पर हस्ताक्षर कराने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद अधिवक्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी संजय के अनुसार जिला सत्र न्यायाल में वकालत करने वाले अधिवक्ता टिकराम ने शिकायत दर्ज कराई है कि वर्ष 2020 में उसे बार काउंसिल चंडीगढ़ द्वारा एक कमेटी का सदस्य बनाया गया था। काउसिंल के किसी आदेश के खिलाफ उच्च न्यायलय में जाना था। प्रधान पद के प्रत्याशी अधिवक्ता मनोज वशिष्ट ने अक्टूबर महीने में पीड़ित को विश्वास में लेकर हाई कोर्ट में अपील के लिए दो ब्लैंक पेपरों शपथ पत्र के रूप में व दो पेपर वकालत नामा पर हस्ताक्षर करा लिए। जिसके बाद मनोज वशिष्ट ने न तो हाई कोर्ट में कोई केस डाला और न ही हस्ताक्षर किए हुए पेपर लौटाए। पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि उसने इंटर कास्ट शादी कर रखी है जिससे उसे शक है कि कहीं उसके द्वारा हस्ताक्षर किए गए पेपरों का नुकसान पहुंचाने की नीयत से गलत इस्तेमाल न कर लिया जाए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### विधायक ने किसानों के आश्रितों को दिए आर्थिक सहायता के चेक



**होडल (पलवल)।** होडल विधायक, हरियाणा भूमि सुधार निगम के चेयरमैन जगदीश नायरने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में लगभग 46 लाख रुपये के चेक लाभार्थियों को वितरित किए। होडल के एसडीएम संदीप अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। विधायक जगदीश नायर ने खेतों में कृषि कार्य करते समय दुर्घटनागस्त हुए किसानों के परिवाजन, जिनमें मंजू धर्मपत्नी सुनील कुमार निवासी गांव गुदराना, मंजू धर्मपत्नी पवन कुमार निवासी गांव सिहा, गीता धर्मपत्नी रामजीत निवासी गांव खिरबी शामिल हैं को पांच-पांच लाख रुपये के चेक दिए। विधायक ने होडल के गोसेवा धाम हॉस्पिटल में गायों की दवाइयों व चोटिल गायों के इलाज के लिए पांच लाख रुपये, बाब गोलनदास सेवा समिति मर्रोली को पांच लाख रुपए, अनुपम पब्लिक सी.सै. स्कूल, बाल विद्यालय निकेतन सी.सै. स्कूल खांबी को दो लाख रुपये, श्रीराम पब्लिक हाई स्कूल रोहतापट्टी होडल, हरगोपाल मैमोरियल पब्लिक सी.सै.स्कूल होडल, एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल रामगढ़, भारत भूषण सी.सै. स्कूल पेंगलतू, अनुभूति फाउंडेशन होडल को एक लाख रुपये लाइब्रेरी में किताबों व फर्नीचर के लिए वितरित किए। भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, होडल मार्केट कमेटी के सचिव मनोज पाराशर, लालराम किशन शिकरइया, जगमोहन गोयल, बंचारी के पूर्व सरपंच अतर सिंह उर्फ घोड़ा, गढ़ीपट्टी के पूर्व सरपंच बलदेव सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नाबालिग लड़की रहस्यमयी परिस्थिति में हुई लापता

**पलवल।** कैंप थाना क्षेत्र से एक बालिग लड़की रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने लड़की के पीड़ित पिता की शिकायत पर गुमशुदी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी अनिता के अनुसार एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 22 वर्षीय बेटी 22 फरवरी को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। पीड़ित अब तक अपनी बेटी को काफी तलाश करता रहा, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**पलवल।** कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तेज आंधी और बारिश से क्षेत्र में रात भर गुल रही बिजली

## तेज आंधी से गिरे पेड़, बिजली निगम को हुआ नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**क्षेत्र** में शुक्रवार शाम अचानक मौसम बदल गया। तेज आंधी और बरसात के कारण पूरे क्षेत्र में रात भर बिजली गुल रही और लोगों को रमजान माह में परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार शाम को तेज आंधी चलने से कई स्थानों पर सड़क किनारे पेड़ गिर गए। जिससे बिजली पोल टूटने व लाइनों को भी भारी नुकसान होने की खबर है।

इसके अलावा के कई स्थानों पर बिजली केबल भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। जिससे तावडू बिजली निगम को भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र के गणमान्य लोग अजहरुद्दीन, सरपंच अब्दुल जब्बार, हसन मोहम्मद, आबिद, अख्तर अली, निसार आदि ने बताया कि शुक्रवार शाम आंधी-बारिश शुरू होते ही बिजली गुल हो गई। रोजा इफ्तार के समय शाम में अंधेरा छा गया। पूरी रात क्षेत्र में बिजली गुल रही। बिजली नहीं मिलने से बच्चों और गृहणियों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। गृहणियों को जहां घरेलू काम करने में समस्या हुई तो बच्चों की मच्छरों और गर्मी के कारण नींद खराब रही।


नूंह रोड पर बिजली केबल पर गिरी हुई पेड़ की टहनी।

सबसे बुरा हाल सीलखो फीडर के उपभोक्ताओं को हुआ। क्योंकि फीडर पर सबसे अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जहां पर शुक्रवार तीन बजे के बाद शनिवार सुबह 10 बजे तक बिजली आपूर्ति चालू की गई, लेकिन थोड़ी देर बाद फिर गुल हो गई। उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली गुल होने से पशुओं को पीने का पानी उपलब्ध कराने की भारी समस्या हुई। उन्होंने बताया कि इसका कारण जानने व समाधान करने के लिए विभाग के जेई से संपर्क करने की कोशिश की गई तो कोई संपर्क नहीं हो सका। उपभोक्ताओं ने विभाग के जेई के खिलाफ रोष जताया है। सीलखो फीडर छोड़कर अधिकांश पर बिजली व्यवस्था को विभागीय कर्मचारियों द्वारा सुबह तक सुचारू रूप से चालू कर दिया। वहीं शुक्रवार रात तेज आंधी के कारण एक पेड़ का भारी हिस्सा तावडू शहर थाना भवन की छत के ऊपर गिर गया। जिससे थाना भवन की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई।



तावडू शहर थाना भवन की छत पर गिरा हुआ पेड़ का हिस्सा।

वहीं इसकी चपेट में आने से कई पुलिस जवान भी बाल-बाल बचे। रात में भारी पेड़ का हिस्सा छत पर गिरने से उसकी कुछ टहनियां बिजली केबलों पर जा गिरीं। जिनमें शनिवार दोपहर के करीब अचानक तेज आग लग गई। आग लगने के कारण बिजली केबलों में तेज धमाका हुआ। जिससे शहर की बिजली शनिवार को फिर बाधित हुई।

तावडू बिजली विभाग के एसडीओ देशदीप का कहना है कि देर रात आंधी तूफान से गिरे पेड़ से बिजली लाइनों में नुकसान हुआ है। इसके अलावा के बिजली पोल गिरने की भी सूचना है। जिनका आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मौसम में आए अचानक बदलाव के कारण ऐसा हुआ है।

निगम को हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है। बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए कर्मचारी जुटे हुए हैं। जल्दी सभी फीडरों की लाइन को सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा।

# सेवा भारती ने नूंह में होम्योपैथी चिकित्सालय शुरू किया

## होम्योपैथी में पुरानी से पुरानी बीमारी का इलाज है, लगेगी नाम मात्र की फीस

दीपक कुमार। नूंह

**लोगों** को बीमारियों से निजात दिलाने के लिए नूंह में सेवा भारती द्वारा अस्थाई होम्योपैथी चिकित्सालय की शुरुआत की गई। नूंह की पुरानी अग्रवाल धर्मशाला में शुरू किए गए चिकित्सालय का उद्घाटन बीजेपी जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने रिबन काटकर व भारत माता के सामने दीप जलाकर किया।

उद्घाटन के बाद सेवा भारती के जिला सचिव राजीव ने सेवा भारती के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मेवात जिले में पिनगवां, पुन्हाना, फिरोजपुर के बाद नूंह में आज 16वां सेवा प्रकल्प शुरू हुआ है। होम्योपैथी में पुरानी से पुरानी बीमारी का इलाज है। सेवा भारती में चार प्रकार के प्रकल्प है। जिनमें स्वास्थ्य, सामाजिक, स्वावलम्बन और शिक्षा शामिल है। स्वास्थ्य प्रकल्प के तहत चिकित्सालय की शुरुआत की गई है।


चिकित्सालय शुरू होने पर पहुंचें जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल।

यहां लोग नाममात्र की नामांकन फीस दे कर अपनी पुरानी बीमारियों का इलाज करा सकते हैं।

चिकित्सालय को सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को लगाया जाएगा। जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि ये एक अच्छी शुरुआत है। सभी नूंह वासी इसका लाभ उठाएं। अब से पहले नूंह में इस प्रकार का कोई चिकित्सालय नहीं है। अच्छी बात यह है कि चिकित्सालय को शुरू करने का उद्देश्य सेवा करना है। यहां आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर झम्मन सिंह सैनी अधिवक्ता, मास्टर नानक चंद, सुरेश, गुरुदयाल, सुरेंद्र, अक्षय गुप्ता, देवीराम नूंह और सुभाष उपस्थित रहे।

## जब तक मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक रहेगा आंदोलन जारी

**गुरुग्राम।** किसान आंदोलन के समर्थन में गुड़गांव के संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना 111वें दिन भी शनिवार को जारी रहा। मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोख सिंह का कहना है कि आंधी-बारिश व तूफान के बावजूद किसानों के हौंसले बुलंद हैं।

आंधी-बारिश व तूफान के कारण गत दिवस किसानों के टेंट व झोपड़ियां उखड़ गई थी, जिससे काफी नुकसान भी हुआ है और किसानों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ा, लेकिन इस सबके बावजूद किसानों के हौसले बुलंद हैं और वे दिल्ली की सीमाओं पर डटे हुए हैं। उनका कहना है कि जब किसान 2 डिग्री तापमान में दिल्ली की सीमाओं पर डटा रहा, अब तो 40 डिग्री से अधिक का तापमान होने जा रहा है। इसमें भी किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली की सीमाओं पर डटा रहेगा। उनका कहना है कि सरकार ने उनकी इच्छा के बिना 3 कृषि कानून बनाए हैं, सरकार इन्हें जबरदस्ती किसानों पर थोपना चाहती है और किसान इन तीनों कानूनों का विरोध कर रहे हैं। जब तक सरकार इन बिलों को वापस नहीं ले लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# भ्रूण हत्या रोकने के लिए जनता को करें जागरूक

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका

**चैत्ररीय** नवरात्रि में भक्त जनों के साथ प्रत्येक व्यक्ति को प्रण व शपथ लेनी चाहिए। नारी का तिरस्कार व अपमान नहीं करेगा। प्रत्येक नारी की मान सम्मान, मर्यादा का सम्पूर्ण रूप से ध्यान रखने के साथ उनकी भावनाओं का भी सम्मान करेगा। बिना नारी के सृष्टि में जीवन की कल्पना संभव नहीं है। इसके बावजूद कुछ लोग गर्भ में ही भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध करने से भी नहीं डरते हैं।

यह बात सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन ने कही। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर प्रत्येक नागरिक को आगे आकर जनता को जागरूक करना चाहिए कि वो गर्भ में भ्रूण हत्या जैसे जघन्य महापाप, अपराध नहीं करें और ऐसे जघन्य महापाप वे स्वयं तो करने से बचे और दूसरों को भी ऐसे माहपाप करने से रोकेंगे। जिससे कि कन्याओं की संख्या में वृद्धि हो सके। रजत ने बताया कि जिस घर में कन्या न हो वह घर अधूरा है। प्रत्येक व्यक्ति को नारी शिक्षा पर ध्यान देते हुए कन्या

## जिससे कन्याओं की संख्या में हो सके वृद्धि : रजत

को आत्मनिर्भर, सुशिक्षित, संस्कारवान, स्वावलंबी, बनाना चाहिए। कन्याओं की शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि, कन्या के शिक्षित होने से एक परिवार नहीं दो परिवार रोशन होते हैं। इसलिए कन्या को अवश्य शिक्षित करें। लड़के व लड़कियों में आपकी भेदभाव भुलाकर कन्याओं को उचित मान-सम्मान देना चाहिए। जिससे कि नारी सशक्तिकरण का सपना पूर्ण रूप से साकार हो सके। यही माता रानी के प्रति सच्ची भक्ति, श्रद्धा, आस्था व आराधना होगी।

माता रानी की भक्ति भाव से की गई आराधना भी पूर्ण रूप से साकार हो सकेगी। नवरात्रि में माता रानी से देश में चहुंओर, सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली, के लिए विशेष प्रार्थना करें। कोरोना संक्रमण बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए उनसे विशेष प्रार्थना व याचना करें। जिससे की देश और विश्व को इस संक्रमित बीमारी से मुक्ति मिल सके।

# गुरुग्राम में शनिवार को आए कोरोना के 2549 केस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** को जिले में कोरोना के 2549 नए केस आए और दो मरीजों की मौत हो गई। अब तक जिले में कोरोना के 79324 पॉजिटिव केस आ चुके हैं और 378 लोगों की मौत हो चुकी है।

जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को जारी बुलेटिन के मुताबिक अब तक 1075885 लोगों को सर्विलांस पर लिया गया है। इनमें से 961519 ने अपना सर्विलांस पीरियड पूरा कर लिया है। वहीं 114366 लोग अभी भी सर्विलांस पर हैं। अब तक 1072299 लोगों के सेम्पल लेकर जांच को भेजे गए हैं, जिनमें से 982940 की रिपोर्ट नेगेटिव आई है और 79324 की रिपोर्ट पॉजिटिव। इनमें से 68257 लोग ठीक हो चुके हैं।

## गुरुग्राम में शनिवार को आए कोरोना के 2549 केस

जिले में अब एक्टिव केस 10691 हैं। शनिवार को 2549 नए केस आए और 836 ठीक हुए।

# श्रमिक यूनियन ने कंपनी प्रबंधन पर विश्वासघात का लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**श्रमिक** संगठन एटक से संबंधित हेमा श्रमिक यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन शनिवार को एटक कार्यालय में यूनियन के प्रधान नरेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया।

यूनियन के महासचिव चंद्र हंस ने हेमा प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ने 3 दशकों से कार्य कर रहे श्रमिकों को नौकरी से निकालकर बेरोजगार कर दिया है। इन श्रमिकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ये श्रमिक अपनी बहाली की

## 22 को उपायुक्त को यूनियन देगी ज्ञापन

मांग को लेकर पिछले कई महीनों से संघर्ष करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। कंपनी प्रबंधन ने श्रमिकों के साथ विश्वासघात किया है। एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने कहा कि कंपनी प्रबंधन से कई बार आग्रह किया जा चुका है कि नौकरी से निकाले गए श्रमिकों को काम पर वापिस लिया जाए। इस संबंध में श्रमिक यूनियन से बात की जाए, लेकिन प्रबंधन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने यूनियन के सदस्यों से आग्रह किया कि अब आर-पार का आंदोलन ही करना पड़ेगा। कंपनी प्रबंधन के आश्वासन पर विश्वास नहीं किया जा सकता। उसने श्रमिकों के साथ धोखा किया है। श्रमिक नेताओं ने कहा कि यदि किसी श्रमिक के साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदार कंपनी प्रबंधन ही होगी। आंदोलन में हेमा इंजीनियरिंग की दोनों यूनियन शामिल होंगी। उसके बाद अन्य यूनियनों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

## अवैध शराब सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पलवल।** शहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को बाइक सहित काबू कर उसके कब्जे से अवैध शराब को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अनूप कुमार के अनुसार उन्हें मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बाइक पर अवैध शराब लेकर मीनार गेट की तरफ से आ रहा है। सूचना मिलते ही हैड़ कांस्टेबल सुदेश के नेतृत्व में टीम गठित कर पुराना सोहना मोड़ पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद बाइक पर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसको बाइक सहित काबू किया गया। जिसके पास से दो पेटी अवैध शराब को बरामद किया गया।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**हवा में शोर क्रंदन का समझ सकते हो तो समझो**
**यहाँ आदम की टूटन का समझ सकते हो तो समझो**
**समय आलोचना का तो नहीं इक-दूजे की बिल्कुल**
**समय है आत्ममंथन का समझ सकते हो तो समझो**

# पुलिस ने दो लापता बच्चों को तलाश कर परिजनों को सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** की नवीन नगर पुलिस चौकी ने लापता हुए चार वर्षीय दो बच्चों को ढूंढने में अहम भूमिका निभाई है। शुक्रवार सुबह बच्चों के माता-पिता ने चौकी में आकर शिकायत दी कि उनके चार वर्षीय लड़का और चार वर्षीय लड़की सुबह से लापता हैं।

उन्होंने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करते हैं और अपने बच्चों को घर पर छोड़ कर काम पर चले जाते हैं। उनके काम पर जाने के पश्चात छोटे बच्चों की देखभाल उनके बड़े भाई बहनों द्वारा की जाती है। उन्होंने बताया कि बच्चे आपस में खेल रहे थे और खेलते-खेलते उनके दो बच्चे जिसमें एक लड़का और एक लड़की शामिल है कहीं लापता हो गए।

बच्चों के परिजनों ने अपने बच्चों को ढूंढने के लिए आसपास के क्षेत्र में हर जगह पूछताछ की परंतु उन्हें उनकी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने बच्चों को ढूंढने के लिए टीम का गठन किया और उन्हें आसपास के क्षेत्र में बच्चों की तलाश करने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र में हर जगह बच्चों की तलाश की और करीब तीन घंटे कड़ी मशक्तत करने के पश्चात उन्हें बच्चों के घर से तकरीबन तीन किलोमीटर दूरी पर अजय नगर में बच्चों के मौजूद होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर गई और दोनों बच्चों को सकुशल बरामद करके उनके परिजनों के हवाले कर दिया। चौकी प्रभारी ने बच्चों के माता-पिता से बच्चों का ध्यान रखने की हिदायत दी और कहा कि बच्चे खेलने में अक्सर इतने मशगूल हो जाते हैं कि उन्हें ध्यान ही नहीं रहता कि वह लापता हो चुके हैं।



इस प्रकार लापता हुए बच्चों का अपराधिक प्रवृत्ति के लोग गलत फायदा उठाते हैं और उनके भविष्य को अंधेरे में धकेलने की कोशिश करते हैं। इसलिए वह अपने बच्चों का ख्याल रखें। अपने बच्चों को वापस पाकर उनके परिजन बहुत खुश हुए और उन्होंने पुलिस टीम को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के लिए तहे दिल से धन्यवाद किया। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह को जैसे ही मामले की सूचना प्राप्त हुई उन्होंने पुलिस टीम को शाबाशी देते हुए उन्हें इसी प्रकार लोगों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## पांच हजार के इनामी बदमाश गिरफ्तार



**तावडू।** सीआईए पुलिस को दर्जनों संगीन वारदातों में काफी समय से फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को देशी कट्टे सहित पकड़ने में कामयाबी मिली है। तावडू अपराध शाखा के प्रभारी उपनिरीक्षक सत्य प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार शाम को पुलिस को सूचना मिली कि शिकारपुर निवासी अरशद उर्फ पुंगी जिस पर पांच हजार रुपये का इनाम है और तावडू शहर थाने में वर्ष 2017 में हत्या का आरोपी है, जो तावडू बस स्टैंड पर सवारी के इंतजार में खड़ा हुआ है। सूचना के मुताबिक पुलिस ने आरोपी को दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया। तावडू सीआईए पुलिस के मुताबिक आरोपी अरशद उर्फ पुंगी ने बताया कि वह हत्या के आरोप में थाना शहर तावडू में और चोरी की वारदातों में थाना कोतवाली अलवर, थाना विकासपुरी दिल्ली, थाना बद्दी सोनल हिमाचल प्रदेश, नालागढ़ थाना हिमाचल प्रदेश और शहर नारनौल में शामिल है। वहीं उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। जिसमें कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

## गांव बलैई में 18 महीने बाद भी नहीं हुई सफाई कर्मचारी की नियुक्ति



**मेवात।** नगीना खंड के गांव बलैई में 18 महीने बाद भी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं की गई, जुनैद खान ने खंड विकास पंचायत अधिकारी द्वारा 27 नवंबर 2019 के बाद से कई पत्र प्रधान सचिव हरियाणा सरकार को निरंतर भेजे जा रहे हैं, लेकिन लम्बे अंतराल के बाद भी कोई नियुक्ति नहीं की गई। जुनैद खान ने बताया कि हमारे गांव कि आबादी लगभग 5000 से अधिक है। जिसमें न केवल एक सफाई कर्मचारी है, उससे पूरा गांव कवर नहीं हो पाता है हर गली का नंबर एक महीने बाद आता है। कई बार शिकायत उपमंडल नगीना, सीएम विंडो में भी की हुई है, लेकिन अधिकारी ये कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि हमने कई पत्र कर हरियाणा सरकार चंडीगढ़ को भेजे हुए हैं। उनका अभी तक कोई जवाब नहीं आया। जबतक हरियाणा सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आएगा हम कुछ नहीं कर सकते। ग्रामीण मुस्ताक सलीम आमिर आबिद ने कहा कि अगर सरकार द्वारा जल्द सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं कि गई तो हम हस्ताक्षर अभियान चलाकर गांव कि सारी गंदगी को नगीना-होडल रोड पर डालकर आंदोलन करेंगे।

## पुलिस की मिसिंग सेल ने लापता मां को बच्चों से मिलाया



**फरीदाबाद।** शहर में गुमशुदा बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की घटनाओं को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने सभी मामलों को संज्ञान में लेते हुए सभी थाना, चौकियों और मिसिंग सेल को दिए दिशा-निर्देशों के तहत मिसिंग सेल सेक्टर 12 की टीम ने 30 वर्षीय महिला को बरामद कर बच्चों से मिलाने में अहम भूमिका निभाई है। पुलिस को दिए बयान में सामने आया कि महिला के तीन बच्चे हैं और उसका पति नशे का आदी है। वह शराब, गांजा, भांग इत्यादि का नशा कर घर में लड़ाई-झगड़ा करता है व उसके साथ मारपीट करता है। महिला ने अपने पति को समझाने की कई बार कोशिश की परंतु उसके पति की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। महिला ने बताया कि वह अपने पति के नशे की लत से बहुत परेशान थी इसीलिए वह उसको बताए बिना घर से अपनी नंनद के पास मानेसर चली गई थी। महिला ने अपनी ननंद को अपनी सूचना अपने पति को नहीं देने के लिए कहा था। यदि उसने कहा कि यदि उसका पति नशा छोड़ देगा तो वह घर वापस चली जाएगी। पुलिस टीम ने बताया कि पुलिस चौकी में आठ अप्रैल को एक महिला के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर मुजेसर थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज करके महिला की तलाश शुरू की गई। साइबर तकनीक के माध्यम से पुलिस को महिला के बारे में सूचना प्राप्त हुई जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए औरत को मानेसर से बरामद कर संजय कॉलोनी पुलिस चौकी के हवाले किया। चौकी प्रभारी ने बताया कि औरत को बाद कानूनी कार्रवाई हवाले स्वजनों के कर दिया है। वाह हिदायत दी है की इस तरह अपने बच्चों को छोड़ कर उसे घर से नहीं जाना चाहिए। जिस पर स्वजनों ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया।

## आदिनाथ जिनालय अगले आदेश तक बंद

**गुरुग्राम।** कोरोना का प्रकोप जिले में बढ़ता ही जा रहा है। सेक्टर 4 स्थित श्री आदिनाथ जिनालय के पदाधिकारी भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, जिसे लेकर जिनालय प्रबंधन गंभीर दिखाई दे रहा है। प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि आज रविवार से अग्रिम आदेश तक जिनालय पूरी तरह से बंद रहेगा। कार्यकारिणी का कहना है कि कोरोना की विषम परिस्थिति को देखते हुए यह निर्णय लेना पड़ा है, ताकि समाज सुरक्षित रहे।


### पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Divya Ahooja D/o Chander Prakash Munjal R/o 3C/180, NIT Fariabad HR have changed my name to Divya Munjal.

### कार्यालय नगर निगम सोनीपत

नगर निगम सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार प्रॉपर्टी आई.डी. न. 52C366U86 जोकि कॉलोनी Mayur Vihar वार्ड न.19 में स्थित हैं संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/नाम गलत दर्ज होने/मृत्यु दिनांक उपरांत आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम तब्दील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरूस्ती के लिए रजिस्ट्री न. 10266 दिनांक 19-12-2018 अनुसार प्रस्तुत किए गए है। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से संबन्धित कोई भी आपत्ति हो तो दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि 10 दिन के अंदर-अंदर लिखित रूप मे नगर निगम के संपत्तिकर शाखा में आपत्ति दर्ज करवाए अन्यथा संपत्तिकर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्रीमति बरखा पत्नी श्री पुनीत गुप्ता नाम दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी
नगर निगम, सोनीपत

### मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# जेनेटिक इंजीनियरिंग है मानव जाति का बेहतर भविष्य

***अभूतपूर्व तकनीकी क्रांति के इस युग में, जेनेटिक इंजीनियरिंग तेजी प्रभावी होती जा रही है। हमारे समय की कुछ सबसे बड़ी मानवीय, चिकित्सा और पर्यावरणीय चुनौतियों को दूर करने की क्षमता है।***


बी के पी सिन्हा

बीकेपी सिन्हा पूर्व आईएफएस अधिकारी व पई एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं।


सोमनाथ पई



अभूतपूर्व तकनीकी क्रांति के इस युग में, जेनेटिक इंजीनियरिंग तेजी से केंद्र स्तर पर अपना स्थान बना रही है। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में न्यूरोसाइंस के एक प्रोफेसर सुसान होकफील्ड का कहना है कि वायरस-संचालित बैटरी, प्रोटीन-आधारित पानी फिल्टर, कैंसर का पता लगाने वाले नैनोकणों, दिमाग पढ़ने वाले बायोनिक अंगों, कंप्यूटर-इंजीनियर फसलों, और इसी तरह, हमारे समय की कुछ सबसे बड़ी मानवीय, चिकित्सा और पर्यावरणीय चुनौतियों को दूर करने की क्षमता है। ये अगली पीढ़ी के उत्पाद होने जा रहे हैं, जो हमारे जीवन को फिर से आकार देने की क्षमता रखते हैं। उदाहरण के लिए, हमारे उपयोग के लिए पानी को शुद्ध करने के लिए एक्वापोरिन जैसे उत्पादों की खोज जो एक पार्किंग स्थल की तरह कार्य करती है जो केवल प्रवेश करने के लिए एक विशिष्ट ट्रांसपोंडर के साथ पहचानी गई कारों की अनुमति देती है, प्रकृति का चमत्कार है। इन सभी सीमांत तकनीकों में जेनेटिक इंजीनियरिंग के इनपुट हैं।

जेनेटिक इंजीनियरिंग ने 1971 से एक लंबा सफर तय किया है, जब दो वैज्ञानिकों, बर्ग और जैक्सन ने एक पुनः संयोजक डीएनए के पहले अणुओं का निर्माण किया। आणविक जीवविज्ञानी के हाथों में जेनेटिक इंजीनियरिंग को लगभग बच्चे का खेल को बनाने के लिए तब से कई मील के पत्थर पार किए गए हैं। लेकिन जीन थेरेपी, जिसका जेनेटिक इंजीनियरिंग ने वादा किया था, कई तरह की कार्यप्रणाली के बावजूद नुकसान से जूझ रही है। परिणामस्वरूप, किसी के जीन में विपथन के परिणामस्वरूप विरासत में मिले विकारों को दोषपूर्ण जीन की जगह या सुधार करके इलाज नहीं किया जा सकता है। अपने विशिष्ट स्थान में जीन को ठीक करना एक मुद्दा था और जब यह वायरस को नियोजित करने से दूर हो जाता है, तो हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली खराब होने वाले अन्य मुद्दों के अलावा स्पॉइलस्पोर्ट खेलती है।

जब से 1998 में एक दुर्लभ चयापचय विकार जिसे ओर्निथिन ट्रांसकार्बामाइलेज़ डेफीशिएंसी सिंड्रोम, (ओटीसीडी) कहा जाता है, के इलाज के लिए जेसी जेल्सिंगर परीक्षण की विफलता के बाद से जीन थेरेपी को कड़े नियमों के बीच सांस के लिए छोड़ दिया गया था। यह वह जगह है जहां बैक्टीरिया के एक गंभीर अवलोकन में विशेष रूप से आक्रमणकर्ता को निष्क्रिय करने के लिए वायरस के डीएनए को लक्षित करने की क्षमता होती है, इससे पहले की कार्यप्रणाली के कई नुकसानों को दूर करने में सफलता मिली।

*सीआरआईएसपीआर और जीन एडिटिंग :* सीआरआईएसपीआर तकनीक जीनोम के लिए एक सरल लेकिन शक्तिशाली उपकरण है। यह शोधकर्ताओं को डीएनए अनुक्रमों को आसानी से बदलने और जीन फ़ंक्शन को संशोधित करने की अनुमति देता है। इसके कई संभावित अनुप्रयोगों में आनुवांशिक दोषों को ठीक करना, बीमारियों के प्रसार को रोकना और रोकना और फसलों में सुधार करना शामिल है। सीआरआईएसपीआर कास-9 काम आसानी से और ठीक से कर सकता है क्योंकि सीआरआईएसपीआर बैक्टीरिया प्रतिरक्षा प्रणाली का एक हिस्सा है और रोगाणु भी वायरस से बीमार हो सकते हैं। बैक्टीरिया उन्हें अपने डीएनए या आरएनए को सीआरआईएसपीआर अनुक्रमों के साथ काटकर लड़ते हैं और फिर अपने डीएनए बिट्स को अपने स्वयं के जीनोम में चिपकाकर याद करते हैं, जिससे भविष्य के किसी भी संक्रमण को दूर करने की अनुमति मिलती है। ये आनुवंशिक कैंची, जिनके जीनोमिक डीएनए के लक्षित संशोधन के लिए उपयोग को जेनिफर डूडना और इमैनुएल चार्पियरियर ने पूरा किया था, ने जेनेटिक इंजीनियरिंग और जीन थेरेपी को एक नया जीवन दिया है। ये दोनों वैज्ञानिक 2020 में रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार के प्राप्तकर्ता थे।

*सीआरआईएसपीआर कास-9 का उपयोग :* पारंपरिक बीमारियों के जरिए लाइलाज होने वाली कई बीमारियों का इलाज अब जेनेटिक इंजीनियरिंग की बदौलत आसानी से किया जा सकता है। सिकल सेल एनीमिया, बचपन अंधापन और इतने पर जैसे मोनोजेनिक विरासत में मिली बीमारियों के इलाज के लिए सीआरआईएसपीआर आधारित दृष्टिकोणों का उपयोग करके नैदानिक परीक्षण चल रहे हैं। यह भविष्य में कई अन्य बीमारियों जैसे कैंसर, ऑटोइम्यून विकारों और पॉलीजेनिक आनुवंशिक विकारों के इलाज का वादा करता है।

**चिकित्सा अनुप्रयोगों केअलावा, इसका उपयोग आनुवांशिक रूप से फसलों को वायरस के लिए प्रतिरोधी बनाने, लीनर सूअर बनाने, खमीर को बेहतर बीयर बनाने में मदद करने, मच्छरों को बांझ बनाने आदि के लिए किया जा रहा है। एक विलुप्त प्रजाति को फिर से बनाना भी संभव है, इसलिए जुरासिक पार्क वास्तव में भविष्य में एक वास्तविकता हो सकती है। सीआरआईएसपीआर जीन एडिटिंग के उपयोग पर भी शोध चल रहा है जो हमें महामारी, कैंसर, अल्जाइमर और अन्य बीमारियों की चपेट में आने से बचा सकता है।**

चिकित्सा अनुप्रयोगों के अलावा, इसका उपयोग आनुवांशिक रूप से फसलों को वायरस के लिए प्रतिरोधी बनाने, लीनर सूअर बनाने, खमीर को बेहतर बीयर बनाने में मदद करने, मच्छरों को बांझ बनाने आदि के लिए किया जा रहा है। एक विलुप्त प्रजाति को फिर से बनाना भी संभव है, इसलिए जुरासिक पार्क वास्तव में भविष्य में एक वास्तविकता हो सकती है। सीआरआईएसपीआर जीन संपादन के उपयोग पर भी शोध चल रहा है जो हमें महामारी, कैंसर, अल्जाइमर और अन्य बीमारियों की चपेट से बचा सकता है। स्तनधारियों में एक ऐसा जीन होता है जिसे पी53 के रूप में जाना जाता है जो उन प्रोटीनों को एनकोड करता है जो कैंसर के ट्यूमर के विकास को रोकते हैं। मनुष्य और अधिकांश अन्य स्तनधारियों में इस जीन की केवल एक प्रति होती है, जबकि हाथियों की 20 प्रतियां होती हैं, और उन्हें लगभग कभी भी कैंसर नहीं होता है। इसलिए, मानव में इस जीन को दोगुना करने के लिए अनुसंधान जारी है।

2020 तक, एक दर्जन से अधिक नैदानिक परीक्षण तीव्र मायलोइड ल्यूकेमिया नामक बीमारी के लिए चल रहे थे, सुपर-उच्च कोलेस्ट्रॉल और गंजापन। चल रहे अनुसंधान का जोर यह है कि कैसे नए वायरस को दूर करने के लिए बैक्टीरिया ने प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया विकसित की।

कोरोनावायरस : कई आधुनिक टीकों की तरह कोविड -19 जैब्स ने भी जेनेटिक इंजीनियरिंग में उन्नति की है। सार्ससीओवी-2 जीन के बिट्स को एडेनोवायरल डीएनए बैकबोन पर चिपकाया गया है, जिनमें से कुछ जीनों को विदेशी जीन को समायोजित करने के लिए खटखटाया गया है। जब यह टीका दिया जाता है, तो सार्ससीओवी-2 ले जाने वाला एडेनोवायरस मानव कोशिका में प्रवेश करेगा, यह दिखावा करेगा कि यह सार्ससीओवी-2 प्रोटीन का उत्पादन करता है, लेकिन खुद को दोहराने और किसी व्यक्ति को बीमार बनाने में असमर्थ होगा। यह हमारे इम्यून सिस्टम को प्राइम करने और असली सार्ससीओवी-2 वायरस से किसी भी संक्रमण से निपटने के लिए तैयार करने के लिए हमारे शरीर में एक अस्थायी सार्ससीओवी-2 प्रोटीन फैक्ट्री बनाता है।

*उम्मीदें और नुकसान :* जब से हर्बर्ट बोयर और स्टेनली कोहेन ने 1972 में विकसित की गई पुनः संयोजक डीएनए तकनीक का पेटेंट कराया और बॉयर ने 1976 में दुनिया की पहली जैव प्रौद्योगिकी कंपनी जेनटेक की सह-स्थापना की, जेनेटिक इंजीनियरिंग वैज्ञानिक क्षेत्र से परे गहन बहस का विषय रहा है।, जिसमें वकील, पत्रकार, राजनेता और जनता शामिल है।

तब से, जेनेटिक इंजीनियरिंग ग्रह पृथ्वी पर सभी प्रजातियों के विकास के भाग्य का निर्धारण करने की संभावना के साथ, भगवान की भूमिका निभाने वाले नैतिक मुद्दे के माध्यम से आया है। यह आमतौर पर सहमति है कि आनुवंशिक रूप से इंजीनियर जीव पर्यावरण में जारी नहीं किए जाएंगे। भारत सहित कई देशों ने विभिन्न स्तरों पर नैतिक समितियों को रखा है जो आनुवंशिक इंजीनियरिंग के उपयोग को शामिल करने वाले अनुसंधान की देखरेख और अनुमोदन करते हैं। यहां तक कि नियमित प्रयोगशाला प्रयोगों का उद्देश्य केवल जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं में छात्रों को क्लोनिंग प्रयोगों का प्रदर्शन करना है, जिन्हें संस्थागत नैतिक समितियों या संबंधित बोर्डों के अनिवार्य अनुमोदन की आवश्यकता होती है। हालांकि बाजार में पहले से ही जेनेटिक इंजीनियरिंग के उत्पाद मौजूद हैं, जैसे टीके, कीट-प्रतिरोधी फसलें और आनुवंशिक रूप से इंजीनियर मच्छर, जेनेटिक इंजीनियरिंग और जीन थेरेपी के आसपास के नैतिक और नैतिक मुद्दों पर बहस जारी है। शुक्र है, इसके फल धीरे-धीरे बड़े सार्वजनिक भलाई के लिए खिल रहे हैं।

सौभाग्य से मानव जाति के लिए, 2015 में एनएपीए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में, एक आम सहमति जल्दी से विकसित हुई कि पूरी तरह से रोगाणु जीन संपादन पर प्रतिबंध लगाना बुरा होगा। सीआरआईएसपीआर के आविष्कारक, जेनिफर डोडना ने खुद इसे अभिव्यक्त किया : ''हम चाहते थे कि वैज्ञानिक समुदाय तब तक पॉज बटन को हिट करें जब तक कि जर्मेनिक लाइन एडिटिंग के सामाजिक, नैतिक, पारिस्थितिक और दार्शनिक निहितार्थों की वैश्विक स्तर पर आदर्श रूप से अच्छी तरह से चर्चा नहीं की जा सकती।''

सम्मेलन में यह निष्कर्ष निकाला गया कि यद्यपि रोगाणु रेखा संपादन को सुरक्षित रूप से करना बहुत जल्दी था, लेकिन किसी दिन ऐसा होगा और लक्ष्य विवेकपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान करने वाला होना चाहिए। यह इस अद्भुत आविष्कार के भविष्य की कुंजी है।

# समकालीन सामाजिक-आर्थिक विभाजन

***एक देश के रूप में हमें अर्थव्यवस्था में महिलाओं की सहभागिता में बाधक सारी बाधाएं नष्ट करनी चाहिए। इसके अंतर्गत दिमागी सोच में बदलाव लाना भी शामिल है।***

बिंदू डाल्मिया
(लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)





जैसी कि उम्मीद थी, कोविड-पश्चात आर्थिक आंकड़ों में पहले से मौजूद विभाजन और तीखे हुए हैं। इनमें जेंडर विभाजन, अमीरों और गरीबों की आय में बढ़ती असमानता तथा ग्रामीण व शहरी जनता के बीच बढ़ता डिजिटल विभाजन शामिल हैं। इनमें से सभी असमानतायें लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों का विषय हैं। विश्व आर्थिक मंच की वैश्विक जेंडर रिपोर्ट, 2021 के अनुसार भारत 153 देशों की सूची में 112वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत में 0.65 बिलियन महिलायें रहती हैं जिनकी जेंडर समानता एक साल पहले 66.8 थी जो अब बढ़ कर 62.5 प्रतिशत हो गई है। यह कमी अनेक उप-सूचकांकों के स्तर पर दिखाई देती है। श्रम सहभागिता सूचकांक 24.8 प्रतिशत से गिर कर 22.3 प्रतिशत रह गया है, वरिष्ठ प्रबंधकीय पदों पर महिलाओं की सहभागिता केवल 14.6 प्रतिशत है, उनकी अनुमानित आमदनी पुरुषों की तुलना में पांचवां भाग है, राजनीतिक सशक्तीकरण सूचकांक 13 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जबकि मंत्रिमंडल में महिलाओं की उपस्थिति 2019 में 23.1 प्रतिशत से 9.1 प्रतिशत गिरी है।

जेंडर समानता हमारे संविधान में एक प्रमुख मानवाधिकार के रूप में परिभाषित है और इसकी उपलब्धि से अनेक सामाजिक-आर्थिक लाभ होते हैं। भारत ने संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा निर्धारित टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है जिसमें सभी विकास पहलों को जेंडर दृष्टिकोण से देख कर जेंडर समानता पर जोर दिया गया है। लेकिन कोविड के कारण पैदा परिस्थितियों से आर्थिक दबाव बढ़ा है और एसडीजी प्राप्त करने का लक्ष्य 2030 किया गया है। वैश्विक महामारी के पश्चात नीतिगत पहलों में जेंडर-विशिष्ट बजट तथा सुधार रणनीतियां शामिल हैं। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की प्रमुख योजनाओं ने महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला। यह 'संरा महिला' मानकों पर जेंडर संवेदनशील बजटिंग-जीआरबी से संभव हुआ।

जीआरबी वैश्विक रूप से स्वीकृत 'सर्वोत्तम व्यवहार' है जिसमें विभिन्न देश जेंडर दृष्टिकोण से राजकोषीय खर्च आबंटित करते हैं। हालांकि, 1999 में घोषित महिलाओं के मैग्ना कार्टा में सरकारों को जीडीपी का कम से कम पांच प्रतिशत जेंडर मुद्दों के समाधान हेतु आबंटित करना चाहिए, पर हालिया वर्षों में महिला कल्याण के लिए निर्धारित धनराशि में कमी आई है। केन्द्र सरकार ने 'जेंडर बजटिंग स्टेटमेंट' दो भाग में जारी किया है। पहले भाग में महिला केन्द्रित योजनाओं का उल्लेख है जिसमें शत प्रतिशत आबंटन केवल महिलाओं के लिए है। दूसरे भाग में ऐसी महिला-समर्थक योजनाओं का उल्लेख है जिनमें महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आबंटन किया गया है।

हाल के वर्षो में जहां जन धन योजना, डीबीटी व मनरेगा ने सबको लाभ पहुंचाया है, वहीं विशेष जेंडर लक्षित योजनाओं ने महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक जीवन में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। लेकिन जीआरबी के लिए निर्धारित फंड सार्वजनिक खर्च के पांच प्रतिशत से भी कम है तथा यह जीडीपी के एक प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस प्रकार महिलाओं के लिए बजटीय आबंटन में काफी वृद्धि की आवश्यकता है। नीति आयोग का अनुमान है कि भारत को अपने जेंडर-विशिष्ट बजट में अतिरिक्त 6.2 प्रतिशत की वृद्धि करनी चाहिए ताकि वह एसडीजी लक्ष्यों के अनुरूप बन सके। रोजगार की बदलती हुई प्रकृति को देखते हुए महिलाओं का कौशल संवर्धन जरूरी है। कोविड के कारण रोजगार बाजार में व्यापक परिवर्तन हुए हैं तथा भविष्य में 9 से 5 वाला माडल उपयोगी नहीं होगा। डेलोलाइट के शोध से पता चलता है कि आर्थिक संकट के कारण कंपनियां अब ज्यादा अनुभवी फ्रीलांसरों को अवसर दे रही हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि गिग वर्क माडल का आकर्षण बढ़ रहा है। पहले काम से हटाई गई 78 लाख महिलायें अपने कॅरियर में परिवर्तन कर रही हैं क्योंकि डब्लूएचएफ अवधारणा ने पेशेवर डिग्री धारकों तथा कार्य अनुभव वाले लोगों के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं। इसी प्रकार जहां स्वचालीकरण ने अनेक रोजगारों में परिवर्तन किया है, वहीं बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के अनुसार यह अगले 10 साल में 90 मिलियन फ्लेक्सी रोजगारों का सृजन करेगा।

**हाल के वर्षों में जहां जन धन योजना, डीबीटी व मनरेगा ने सबको लाभ पहुंचाया है, वहीं विशेष जेंडर लक्षित योजनाओं ने महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक जीवन में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। लेकिन जीआरबी के लिए निर्धारित फंड सार्वजनिक खर्च के पांच प्रतिशत से भी कम है तथा यह जीडीपी के एक प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस प्रकार महिलाओं के लिए बजटीय आबंटन में काफी वृद्धि की आवश्यकता है।**

स्व-रोजगार और लघु-उद्यमिता में प्रति वर्ष 17 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है जो 2023 तक 455 बिलियन डालर का क्षेत्र हो जाएगा। राज्य और सहकारी बैंकों को कर्ज बांटने के अपने माडलों में परिवर्तन करना चाहिए ताकि वे महिलाओं की प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को कम ब्याज दरों पर कर्ज दे सकें। आंकड़ों से स्पष्ट है कि महिलाओं की बचत की आदत अच्छी होती है तथा पुरुषों की तुलना में उनके कर्ज कम डूबते हैं। लेकिन अधिकांश महिलाओं के पास बंधक के लिए कुछ नहीं होता है और औपचारिक कर्ज लेने का उनका इतिहास नहीं होता है, इसलिए हमें उनका कर्ज इतिहास बनाने के लिए खोजी प्रयास करने होंगे। सवाल यह है कि जेंडर असमानता ने भारत की आर्थिक प्रगति में कितनी बाधा डाली है? भूमि, औपचारिक कर्ज, नवीनतम तकनीकों से महिलाओं का परिचय न होने, शिक्षा ड्रापआउट की उच्च दर तथा असमान घरेलू व बिना भुगतान वाले काम के कारण भारतीय महिलाओं की आर्थिक समृद्धि बाधित हुई है।

इस प्रकार जेंडर असमानता भारत में प्रतीकात्मक रूप से पूंजी के असाधारण नुकसान का कारण बनी है। भारत में जेंडर समानता अधिकतम स्तर पर प्राप्त करने का आर्थिक प्रभाव 2025 तक जीडीपी में 700 बिलियन डालर का योगदान कर सकता है। आईएमएफके अनुमानों के अनुसार कार्यबल में महिलाओं की समान सहभागिता से भारत की जीडीपी में 27 प्रतिशत वृद्धि हो सकती है। इस बात के स्पष्ट प्रमाण मिलते हैं कि 'जब महिलायें बेहतर काम करती हैं तब अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति बेहतर होती है।

इसका अर्थ है कि हमें वे सारी बाधायें समाप्त कर देनी चाहिए जो महिलाओं की अर्थव्यवस्था में भागीदारी में बाधा डालती हैं। इनमें अचेतन रूप से मानसिक सोच की बाधायें भी शामिल हैं।'

# अब निजी स्कूलों को अपने ही दम पर चलाए, सरकार

## बोर्ड चेयरमैन को प्रबंधक सौपेंगे स्कूलों की चाबियां

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**प्राइवेट** स्कूलों की मांगों को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन हरियाणा द्वारा सोमवार को किये जाने वाले हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के घेराव की तैयारियों के संदर्भ में प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने प्राइवेट स्कूलों की एक मीटिंग ली। मीटिंग में भिवानी, जींद, कैथल, दादरी, रेवाड़ी, हिसार, सोनीपत जिलों से एसोसिएशन के पदाधिकारी उपथित रहे। मीटिंग में अपने विचार रखते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सरकार के आदेशों को स्कूलों के लिए घातक बताया। सभी ने एक आवाज में कहा कि हम एसोसिएशन के साथ हैं। सोमवार को बड़ी संख्या में बोर्ड का घेराव करेंगे। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने कहा कि जब तक उनकी आवाज नहीं सुनी जाती है, तब तक उनका आंदोलन आगे बढ़ता ही जाएगा।

### प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन बोर्ड का सोमवार को घेराव कर उठाएगा मांग

शर्मा ने कहा कि अब जब सरकार ने स्कूल ही बंद कर दिए है तो हम अपने स्कूलों को ताला लगाकर चाबियां बोर्ड चेयरमैन को दे देंगे, क्योंकि वर्तमान परिस्थितियों में स्कूल चलाना, कर्मचारियों की तनख्वाह देना, बसों की किश्त भरना, बिल्डिंग का लोन देना आदि हमारे बस की बात नहीं। सरकार ही अब इन स्कूलों को अपने दम पर चला ले।

## फोन पर बात करते युवक से बाइक सवारों ने छीना मोबाइल

**कुरुक्षेत्र।** कृष्णा गेट थाना पुलिस के अंतर्गत पुराने बस अड्डे के समीप साइकिल पर सवार होकर फोन पर बात कर रहे युवक से मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मोबाइल छीन लिया। आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्याम कालोनी निवासी गिरीश चावला ने कृष्णा गेट थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह साइकिल पर ही फोन सुनने लगा। मोटरसाइकिल वाले दो युवकों मोबाइल फोन छीन लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाला काबू

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करके अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के एक आरोपी अमित पुत्र जयराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता रोशन लाल ने बताया कि 14 अप्रैल को थाना झांसा के अन्तर्गत रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने थाना झांसा पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि अमित पुत्र जयराम उसके साथ करीब दो-ढाई साल से सुनसान जगह में ले जाकर दुष्कर्म कर रहा था। आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो भी बना रखा है। वह हर बार उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता आ रहा था। इसका विरोध करने के बावजूद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देता रहता था। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को उसके घर से काबू करके गिरफ्तार किया।

## डॉ. सर्वपल्ली की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर



**कुरुक्षेत्र।** भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा 332वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र स्थापना शाखा के अधीक्षक प्रेम खेड़ा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। जबकि अनाज मंडी से रक्तदाता राजेंद्र ने शिविर की अध्यक्षता की। 31 बार रक्तदान कर चुके विजय कुमार हमीदपुर, विद्युत विभाग के अधिकारी प्रवीण कश्यप और सवीन गेरा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे। सभी अतिथियों ने भी रक्तदान किया। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों व् रक्तदाताओं का स्वागत करते हुए बताया कि आज भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जो भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे थे। उनकी पुण्यतिथि पर यह शिविर आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि प्रेम खेड़ा ने कहा कि रक्तदान न केवल महादान है। अपितु एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति के लिए जीवनदान है। रक्तदाता राजेंद्र, प्रवीण कश्यप, विजय हमीदपुर और सवीन गेरा ने भी युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक किया। शिविर में प्राण, प्रदीप, अमित, विजय हमीदपुर 31वीं बार, विनित, सवीन गेरा, प्रमोद, उपेंद्र, राजेंद्र, सचिन, रमेश कुमार, प्रवीण, पुनीत कुमार, मुकेश, शमशेर सिंह, राकेश मलिक, प्रदीप, हरप्रीत, गुलशन, अजय आदि ने रक्तदान किया।

## कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमण के 201 नए केस आए

**थानेसर।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र से 152 मरीजों को ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके साथ-साथ कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 201 नए केस सामने आए हैं। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस से संक्रमित अब तक 11914 मरीज ठीक होकर घर लौट गए हैं। अहम पहलू यह है कि अभी तक लिए गए 276330 में से 259708 सैम्पलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से कोरोना वायरस से संक्रमित 201 नए केस सामने आए हैं। कुरुक्षेत्र में 152 मरीजों की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है और कोरोना पॉजिटिव गांव सारसा पिहोवा निवासी एक 50 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इस जिले में अब तक 13675 पॉजिटिव केस सामने आ चुके है। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस की जांच के लिए इस जिले से अब तक 276330 में से 259708 सैम्पल की रिपोर्ट नेगटिव आ चुकी है। इनमें से 11914 मरीज ठीक होकर घर जा चुके है और 163 कोरोना पाजिटिव मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। इस प्रकार कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस के 1598 एक्टिव केस है।

## हर समस्या का समाधान आपसी चर्चा से संभवः कौल



**कैथल।** जजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रणदीप कौल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा किसानों के हित मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखना उनका किसान प्रेम दर्शाता है। चौटाला ने पत्र में आस जताई कि केंद्र सरकार के समर्थन से हरियाणा में एमएसपी पर किसानों से फसलों की खरीद भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रहेगी। रणदीप कौल ने कहा कि दुष्यंत चौटाला द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में किसान आंदोलन का भी जिक्र किया है। पत्र में कहा गया है कि दिल्ली की सीमा पर किसान सड़कों पर हैं। जो केंद्र सरकार के नए लागू किये गए तीन कृषि कानूनों के संबंध में आंदोलन कर रहे हैं। यह चिंता का विषय है। 150 से अधिक दिनों से इस तरह का आंदोलन चल रहा है। कौल ने कहा कि मैं वास्तव में मानता हूं कि हर समस्या का समाधान आपसी चर्चा के माध्यम से हो सकता है। इस मौके पर उनके साथ पूर्व युवा जिलाध्यक्ष अनिल ढुल, इनसो जिलाध्यक्ष शुभम गुप्ता, पूर्व इनसो जिलाध्यक्ष दर्पण मित्तल, युवा प्रदेश महासचिव जयवीर ढांडा, युवा हलका प्रधान विक्रम म्योली, बलविंदर जसवंती, कुलदीप सीवन, बिटटू शर्मा, राजेश राणा फरल,रमेश मेहला, अभिषेक शर्मा, जय शर्मा, अभि मेहता, कृष्ण राणा, दीपक खनोदा, अजय अटेला, राहुल, रंजीत आदि भी उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा स्थगित

**कुरुक्षेत्र।** जवाहर नवोदय विद्यालय निवारसी लाडवा की प्राचार्य अमर कौर ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2021 को प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा 16 मई को कुरूक्षेत्र में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी थी, जिसमें जिला कुरुक्षेत्र के 4140 अभ्यर्थियों को परीक्षा भाग लेना था, परंतु इस परीक्षा को प्रशासनिक कारणों के कारण स्थगित कर दिया गया है।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कर रहा गंदे पानी और कचरे का बखूबी प्रबंधन

## विधायक सुभाष सुधा ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का अवलोकन कर कहा

### संस्थान का रत्तिभर भी गंदा पानी और कचरा बाहर नहीं फेंका जा रहा है

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान का अवलोकन करते विधायक सुभाष सुधा।

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान गंदे पानी के प्रबंधन और निट संस्थानों और घरों के कचरे का प्रबंधन करके हरियाणा ही नहीं देश के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस संस्थान के द्वारा गंदे पानी और कचरे का प्रबंधन बखूबी किया जा रहा है, संस्थान का रत्तिभर भी गंदा पानी और कचरा बाहर नहीं फेंका जा रहा है।

अहम पहलू यह है कि संस्थान के अधिकारियों ने निट के प्रांगण को पर्यावरण की दृष्टि से स्वच्छ और सुंदर बनाने में भी अनोखी पहल की है। इस संस्थान के प्रांगण में गंदे पानी को ट्रीट करके एक लेक विकसित की है। साथ ही 70 एकड़ भूमि पर वन भी विकसित करने का काम किया है। यह लेक और जंगल अब प्रवासी पक्षियों का ठिकाना बन गया है।

विधायक सुभाष सुधा ने राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान का अवलोकन किया और संस्थान के प्रयासों को खूब सराहा। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने एनआईटी के निदेशक पदमश्री डा. सतीश कुमार व रजिस्ट्रार डा. सुरेन्द्र देसवाल के साथ गंदे पानी के प्रबंधन प्रोजेक्ट को देखा और गीले व सूखे कचरे से तैयार की जा रही खाद, वेस्ट मैटिरियल से तैयार किया ईको मार्ग, पाथ-वे, दशहरी आम व जामुन के बाग, गंदे पानी को ट्रीट करके बनाई गई लेक, संस्थान के पार्कों, संस्थान के मार्गों सहित वेस्ट मैटिरियल बनाए गए फुटपाथ, पुल और रैलिंग का भी अवलोकन किया। इन तमाम पहलुओं को देखने के उपरांत विधायक ने निट के निदेशक पदमश्री डा. सतीश कुमार व उनकी टीम के सभी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निट ने वेस्ट मैटिरियल तथा गंदे पानी का प्रबंधन करके एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इससे प्रेरित होकर अन्य संस्थानों को भी आगे आना चाहिए तथा प्रशासनिक अधिकारियों को भी इसका अवलोकन करके शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

# उपमुख्यमंत्री का प्रधानमंत्री को पत्र लिखना, किसान प्रेमः डा. खैहरा

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र



जानकारी देते शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डा. जसविंद्र खैहरा।

**शुगरकेन** कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा है कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा किसानों के हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखना उनका किसान प्रेम दर्शाता है। दुष्यंत चौटाला किसानों के मसीहा ताऊ देवीलाल की नीतियों पर चलकर प्रदेश के किसानों के हित में कार्य कर रहे हैं। बता दें कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि केंद्र सरकार के निरंतर समर्थन के साथ हरियाणा प्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से फसलों की खरीद कर रहा है। हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है जहां गेहूं, सरसों, दालों सहित चना, सूरजमुखी और जौ को एमएसपी पर खरीद हो रही है।

चौटाला ने पत्र में आस जताई कि केंद्र सरकार के समर्थन से हरियाणा में एमएसपी पर किसानों से फसलों की खरीद भविष्य में भी इसी गति से जारी रहेगी। डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि दुष्यंत चौटाला द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में किसान आंदोलन का भी जिक्र किया है। पत्र में कहा गया है कि दिल्ली की सीमा पर किसान सड़कों पर हैं, जो केंद्र सरकार के नए लागू किए गए तीन कृषि कानूनों के संबंध में आंदोलन कर रहे हैं। यह चिंता का विषय है कि 100 से अधिक दिनों से इस तरह के आंदोलन चल रहे हैं। मैं वास्तव में मानता हूं कि हर समस्या का समाधान आपसी चर्चा के माध्यम से होता है। केंद्र सरकार और संयुक्त किसान मोर्चा के बीच पहले भी चर्चा हो चुकी हैं। अब दोबारा से तीन से चार वरिष्ठ कैबीनेट मंत्रियों वाली एक टीम बनाकर किसानों के साथ बातचीत फिर से शुरू की जाए, ताकि इस मुद्दे में एक सौहार्दपूर्ण निष्कर्ष निकाला जा सके। डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं की खरीद बिना किसी रूकावट के की जा रही है। किसानों के खातों में गेहूं की पैमेंट भी कुछ ही समय में आ रही है।

## एक किलो 40 ग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में बलदेव सिंह पुत्र देशराज सिंह वासी कैथल को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक किलो 40 ग्राम अफीम बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने बताया कि 16 अप्रैल को एंटी नारकोटिक सैल के दलजीत सिंह, हवलदार राजेश कुमार, आजाद सिंह, रविन्द्र कुमार व सिपाही संजीव की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में गुमथलागढु पुलिस चौकी के सामने मौजूद थी कि उप निरीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि बलदेव सिंह पुत्र देशराज वासी कैथल अफीम बेचने का काम करता है। वह पिहोवा एरिया में अलग-अलग ग्राहकों को अफीम बेचता है। वह आज भी अफीम बेचने के लिये अपनी गाडी में सवार होकर कैथल की तरफ से पिहोवा शहर में आयेगा। अगर गुमथलागढु पुलिस चौकी के नजदीक नाका बंदी करके बलदेव सिंह को गाड़ी सहित काबू करके उसकी तलाशी ली जाये तो उसके कब्जे से भारी मात्रा मे अफीम मिल सकती है। सूचना पर गुमथला गढु पुलिस चौकीं के सामने नाकाबन्दी करके चेकिंग करनी शुरु कर दी।



## बार एसोसिएशन ने हराया न्यायिक कर्मियों की टीम को नौ विकेट से

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**भिवानी** बार एसोसिएशन ने न्यायिक कर्मचारियों की टीम को नौ विकेट से हराया। भिवानी बार एसोसिएशन के कप्तान मुकेश गुलिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। उनका ये फैसला उस वक्त गलत साबित हुआ जब कर्मचारियों की ओर से अशोक घनघस ने 20 बॉल पर 50 रन बनाकर भिवानी बार को सोचने पर मजबूर किया। एक समय 6 ओवर में 83 रन बिना विकेट खोए बन चुके थे। इसके बाद कप्तान गुलिया ने खुद बॉलिंग करने का फैसला किया। चमकदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर 14 रन देकर 4 विकेट लिए। उनका साथ देते हुए सौरभ पंडित ने भी अच्छी बॉलिंग कर तीन विकेट झटक लिए। इस प्रकार विशाल स्कोर की तरफ बढ़ रही कर्मचारियों की टीम बुरी तरह लडखड़ाते हुए 146 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए भिवानी बार के मोहित राजा ने शानदार शतक जड़ा। उनका साथ विजेंद्र पंवार ने दिया। दोनों नॉट आउट रहे। इस मौके पर प्रधान सत्यजीत पिलानिया ने खिलाडियों को समानित किया। हरेन्द्र भालोठिया ने मोहित राजा के शतक जड़ने पर 5000 हजार रुपये के नगद इनाम की घोषणा की। बार टीम के कोच अमित ढुल ने सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा की।

### 20 बॉल पर 50 रन बनाकर भिवानी बार को सोचने पर मजबूर किया

# गेहूं उठान प्रक्रिया धीमी होने से किसान परेशानः कमल प्रधान

### अनाज मंडी में किसानों और मजदूरों को वितरित किए मास्क, सैनेटाइजर और दवाईयां

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**अनाज** मंडी में गेहूं का उठान धीमी गति से हो रहा है, जिसके कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। मंडी में उठान नहीं होने के कारण अनाज मंडी गेहूं के बैगों से अटी पड़ी है। ये बात युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने आज शनिवार को भिवानी अनाज मंडी में निरीक्षण के दौरान कही।


इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने अनाज मंडी में किसानों व मजदूरों को मास्क, सैनेटाइजर व दवाईयां भी वितरित की। कोरोना महामारी से बचाव बारे जानकारी दी। इस दौरान युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि प्रदेश सरकार को किसानों की गेहूं का एक-एक दाना खरीद कर उसका उठान व भुगतान समय पर करवाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मंडियों में कहीं वारदाना न आने से उठान प्रक्रिया सहित अनेक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों का पीला सोना खुले आसमान के नीचे पड़ा है। कोरोना महामारी एक बार फिर से विकराल रूप ले रही है, इसलिए सरकार को चाहिए कि मंडी में सैनेटाईजर की व्यवस्था तथा किसानों व मजदूरों को मास्क वितरित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा कल्याण संगठन के पदाधिकारी भिवानी व दादरी जिलों की प्रत्येक मंडियों में जाकर किसानों व मजदूरों को मास्क, सैनेटाइजर व दवाईयां वितरित करेंगे।

## शास्त्री नगर में आज होगा कोविड टीकाकरण

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से 18 अप्रैल रविवार को अमीन रोड स्थित शास्त्री नगर के हरिओम मंदिर में कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ लाडवा के पूर्व विधायक डा. पवन सैनी करेंगे। शिविर का आयोजन शास्त्री नगर सुधार सभा के सहयोग से किया जाएगा। इस अवसर पर सिविल अस्पताल के सीएमओ डा. सुखबीर सिंह भी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। ये जानकारी देते हुए सर्व समाज कल्याण सेवा समिति के मीडिया प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि शिविर में लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल की टीम के द्वारा 45 वर्ष से ऊपर के लोगों को यह वैक्सीन बिल्कुल मुफ्त लगाई जाएगी। शिविर का समय सुबह साढ़े 9 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक रहेगा। शिविर में आने वाले लाभार्थी को अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

जो राहों में है उन्हें मकाम मिल जाए,
तड़पते दिल को आराम मिल जाए,
सपने देखने हैं तो बड़े देखिएगा ,
ताकि खुदा को भी कुछ काम मिल जाए।

## पांच लाख के इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा-2 ने पांच लाख के इनामी बदमाश कृष्ण दादुपुर व सन्नी उर्फ मास को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता रोशन लाल ने बताया कि पुलिस टीम अम्बेडकर चौक इन्द्री रोड़ लाडवा पर मौजूद थी कि एक पुलिस टीम को सूचना मिली कि राजन पुत्र हरिचन्द वासी बन जिसके पास एक देसी कट्टा है। वह इस समय राधा स्वामी सत्संग भवन, बन चुंगी के पास खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मुखबिर के इशारे पर एक लड़के को काबू करके उसकी तलाशी ली। जिसके पास से एक देसी कट्टा 315 बोर व एक जिन्दा राउंड बरामद हुआ। आरोपी के विरुद्ध थाना लाडवा में असला अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसने पुलिस की पूछताछ पर उसने वर्ष 2019 में रादौर रोड लाडवा पर बने एक जिम के सामने से हथियार के बल पर एक स्विफ्ट डिजायर कार छिनी थी।

आरोपी को अदालत में पेश करके कारागार भेज दिया। अपराध अन्वेषण शाखा-2 ने आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की। पुलिस की पुछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसके पास कृषण दादू पुर सन्नी उर्फ मास का आना जाना लगा रहता था। उसी की वजह से कार छिनी थी।

## नई पिरामल रिटेल फाइनेंस ने अपने ऑफर्स का किया और विस्तार

### कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और यूज्ड कार फाइनेंस सेगमेंट में भी रखे कदम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**पिरामल** एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सहायक कंपनी पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) की एक व्यावसायिक कंपनी पिरामल रिटेल फाइनेंस ने आज अपने मल्टी-प्रोडक्ट रिटेल फाइनेंसिंग प्लेटफॉर्म को लॉन्च करने का ऐलान किया। देश के छोटे और मझौले दर्जे के शहरों पर केंद्रित कंपनी पिरामल रिटेल फाइनेंस ने देश के ग्राहकों की विभिन्न वित्त संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए ऑफर्स का एलान भी करते हैं। पिछली तिमाही में, पिरामल ने डिजिटल परचेज फाइनेंस और यूज्ड कार फाइनेंस से संबंधित सॉल्यूशंस लॉन्च किए हैं।

पिरामल रिटेल फाइनेंस के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर जयराम श्रीधरन ने कहा, "हमारा मुख्य लक्षित बाजार देश के बजट कस्टमर तक पहुंचना है। इस ग्राहक के लिए, हाउसिंग फाइनेंस एक बहुत ही महत्वपूर्ण वित्तीय जरूरत है। हालांकि उन्हें अपनी दूसरी अन्य जरूरतों के लिए भी फाइनेंस की जरूरत है, जैसे अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए, यूज्ड कार खरीदने के लिए, इत्यादि। इन सेगमेंट्स में अभी ऋण की उपलब्धता सीमित है। पिरामल रिटेल फाइनेंस के विस्तारित मल्टी-प्रोडक्ट प्लेटफॉर्म इन विविध आवश्यकताओं की जरूरतों को पूरा करते हुए देश की विकास की कहानी में योगदान करेंगे।" विस्तार के इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए पिरामल ने टेक ईकोसिस्टम में विभिन्न कंपनियों के साथ साझेदारी की है, ताकि ग्राहकों की व्यापक जरूरतों को पूरा किया जा सके।

### हाउसिंग फाइनेंस के क्षेत्र और अन्य सेगमेंट्स में भी प्रवेश

## तेजी से दौड़ती जिंदगी के बीच ब्रुक बॉण्ड ताज महल ने लॉन्च किया नया टीवी विज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हम** एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहां हमारी खुशियों का पैमाना हमारे व्यस्त रहने से जुड़ा है। हम उत्साह के साथ योजनाएं बनाते हैं और खुशी के साथ इन्हें अंजाम देने की कोशिश करते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इन बड़ी योजनाओं और बड़े एडवेंचर्स के बीच हम अपने जीवन के छोटे-छोटे खुशनुमा पलों को भूल जाते हैं। हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या में से छोटा सा ब्रेक लेकर रिलेक्स करना चाहिए और कुछ समय अपने साथ बिताना चाहिए।

विज्ञापन के लॉन्च पर बात करते हुए शिवा कृष्णमूर्थी, वाईस प्रेजीडेन्ट, टी एण्ड फूड्स (एचयूएल) ने कहा, "30 सालों से ब्रुक बॉन्ड ताज महल अपने यादगार एवं प्रतिष्ठित विज्ञापनों के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देता रहा है। अपने नए टीवी विज्ञापन के माध्यम से हम लोगों को प्रेरित करना चाहते हैं कि अपनी व्यस्त जीवनशैली में आनंद के कुछ पल निकालें और अपने खुद के साथ का लुत्फ उठाएं। ताज महल चाय के एक कप से बेहतर अहसास कोई और नहीं हो सकता जो निराली कार्तिक के द्वारा खूबसूरत आसा मंद गायन में दिखाई देता है।"

### दर्शकों से चाय के कप के साथ ब्रेक लेने की अपील

हर्षद राजाध्यक्ष और कायनाज करमाकर, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर्स, ओगिल्वी इंडिया ने कहा, "यह भावनाओं से पूर्ण एक फिल्म है। जो हर चाय प्रेमी के लिए चाय के कप के साथ रोमांचक पलों की अभिव्यक्ति करती है। संगीत इस ब्राण्ड की रग-रग में बसा है और हमेशा से सोच-समझ कर इसका चयन किया जाता रहा है। निराली कार्तिक की आवाज और प्रकाश वर्मा का दृष्टिकोण इस फिल्म को जादुई अनुभव देने जा रहे हैं।

ताजमहल चाय आपसे यही कहना चाहता है कि इन छोटे-छोटे पलों को न भूलें। अपने नए टीवी विज्ञापन 'फुरसत वाली चाय' के साथ ब्राण्ड हमें याद दिला रहा है कि जब जीवन बहुत अस्त-व्यस्त हो जाए तब पॉज का बटन दबाएं। अपने लिए शांति के कुछ पल निकालें और कुछ समय अपने आप के साथ बिताएं। विज्ञापन में जानी-मानी शास्त्रीय गीतकार, निराली कार्तिक मुख्य भूमिका में नजर आएंगी जो अपने चाय की कैटल के साथ बात कर रही हैं, विज्ञापन में वे चाय के बहाने अपनी व्यस्त दिनचर्या से एक ब्रेक लेती हैं। जल्द ही निराली, राजसी बगीचे में बैठकर चाय की चुस्कियों का आनंद लेती नजर आती हैं।

फिल्म का बेहतरीन संगीत इसे और अधिक आकर्षक बनाता है। राग आसा मंड में रचा गया यह कम्पोजिशन फिल्म की खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देता है। दर्शकों पर जादुई प्रभाव उत्पन्न करता है। फिल्म के आगे बढ़ने के साथ, यह संगीत फिल्म की कहानी के साथ तालमेल बनाता प्रतीत होता है। शास्त्रीय संगीत एवं कवितागायन का संयोजन ताज महल चाय के कप को कहीं अधिक स्वादिष्ट बनाते हुआ प्रतीत होता है।

# हरियाणा में पहली बार ऑनलाइन आएगा परीक्षा परिणाम

## पहली और दूसरी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम फोन से तो आठवीं का ऐप से पहुंचेगा विद्यार्थियों तक

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** में कोरोना के चलते जहां स्कूल, कालेज तथा अन्य शिक्षण संस्थान बंद हो चुके हैं वहीं शिक्षा विभाग ने इस साल पहली से नौवीं तथा 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी ऑनलाइन निकालने का फैसला किया है। निदेशालय ने एक पत्र जारी करके सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया है। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार सभी स्कूल प्रबंधक 20 अप्रैल तक पहली व दूसरी कक्षाओं का ब्यौरा एमआईएस पोर्टल पर डालेंगे। जिसके आधार पर 23 अप्रैल को पहली व दूसरी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम फोन के माध्यम से विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को बताया जाएगा।

### 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी ऑनलाइन निकालने का फैसला किया है

तीसरी व चौथी कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 24 अप्रैल को, पांचवीं तथा छठी कक्षा का परीक्षा परिणाम 26 अप्रैल को, सातवीं-आठवीं का परीक्षा परिणाम 27 अप्रैल को अवसर मोबाइल एप के माध्यम से जारी किया जाएगा। निदेशालय के अनुसार नौंवी तथा 11वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को ऑफलाइन प्रक्रिया से जारी किया जाएगा। जिसके लिए विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को स्कूलों में आने की अनुमति देने का फैसला मौके पर ही किया जाएगा।

## 8 करोड़ 66 लाख रुपये के विकास कार्यो का शिलान्यास किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओम प्रकाश यादव ने नारनौल विधानसभा में 8 करोड़ 66 लाख रुपये के विकास कार्यो का शिलान्यास किया। यादव ने बताया कि 6 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत से नारनौल शहर में लगभग 26 हजार मीटर नई सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा, 2 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से नसीबपुर से खोड़मा सड़क के विस्तारीकरण के कायज़ का शुभारंभ किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भिवानी शहर में बनाए माइक्रो कन्टेंमेंट जोन

**भिवानी।** कोविड-19 महामारी संक्रमण के एकाएक अधिक केस सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग की सिफारिश पर जिला प्रशासन द्वारा शहर में दो जगहों पर माईक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। जिलाधीश जयबीर सिंह आर्य ने इस बारे में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने इन क्षेत्रों में समुचित सेवाओं व ऐतिहात बरतने को लेकर पुलिस, स्वास्थ्य, बिजली निगम एवं नगर परिषद अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। माइक्रो कंटेनमेंट जोन में लोगों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। जिलाधीश द्वारा जारी किए गए आदेशानुसार चिड़िपाल गली में कोरोना महामारी संक्रमण के एकाएक अधिक केस सामने आए हैं। ऐसे में यहां पर पवन कुमार पुत्र रोशनलाल के घर से रिंकू पुत्र मांगेराम के घर तक माईक्रो कनटेंमेंट जोन बनाया गया है। इसी प्रकार से सेक्टर-13 में मकान नंबर 2356 से 2351 तक माईक्रो कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस क्षेत्र में कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की पहचान करने के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है, जो यहां के संक्रमण से संदिग्ध लोगों के सेंपल लेंगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमों में आशा वर्कर, एएनएम और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता शामिल हैं, जो डोर-डोर जाकर स्क्रीनिंग करवाने का काम करेंगी। एसडीएम भिवानी इन क्षेत्रों के ओवरऑल इंचार्ज होंगे।

### अलग-अलग मामलों में दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 व एंटी नारकोटिक सैल द्वारा एसपी लोकेंद्र सिंह के निर्देशानुसार नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम की सफलता के दौरान दो अलग-अलग मामलों में दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार किए गये हैं। जिनके कब्जे से 290 ग्राम अफीम तथा 1570 नशीली टैबलेट व तस्करी में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। दोनों का मुख्य नशा सप्लायरों की गिरफ्तारी के लिए 17 अप्रैल को न्यायालय से पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। आरोपियों से व्यापक पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी बलजीत सिंह की टीम अपराध की रोकथाम के लिए सायंकालीन गश्त करते हुए गांव खरौदी की तरफ जा रहा थी। जिनके द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत गांव खरौदी स्थित एक दवाइयों की दुकान पर दबिश दी गई। जहां पर दुकान के अन्दर से एक संदिग्ध व्यक्ति अपने बांये हाथ में लिए हुए पॉलीथिन सहित बाहर गली में आया, जो एक दम पुलिस पार्टी को अपनी दुकान की तरफ आता देख कर वापस दुकान में जाने लगा। संदिगध को उसकी दुकान के गेट के पास गली में ही पुलिस ने काबू कर लिया। जिसकी पहचान होशियार सिंह पुत्र राम किशन निवासी सिरटा हाल वासी खरौदी के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे प्रदीप कुमार तहसीलदार गुहला के समक्ष जब नियम अनुसार पॉलीथिन को खोलकर चेक किया तो उसके अन्दर 19 पत्ते नशीली व प्रतिबंधित ट्रामाडोल टैबलेट तथा 16 पत्ते इटीजोलम सहित कुल 430 नशीली गोलियां मिलीं। जिनके बारे में आरोपी कोई लाइसेंस या परमिट नहीं दिखा सका। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे गुहला पुलिस के एएसआई रामबीर सिंह द्वारा एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार करके शनिवार को आरोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

— हरियाणा की मंडियों में व्यवस्थाओं के दावों की पोल खुली —

# 50 किलो के बैग में भर रहे 51 किलो गेहूं : अभय चौटाला

## गेहूं में नमी के पैमाने को 14 से घटाकर किया 12 प्रतिशत

### कैथल की मंडी में गेहूं यह कहकर वापिस कर दी कि उनकी गेहूं में चमक नहीं है।

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़।



**इनेलो** के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि प्रदेश की मंडियों में सरकार के उन सभी दावों की पोल खुल गई है, जो कह रहे थे कि मंडियों में किसान की गेहूं खरीद के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

पत्रकारों से बातचीत में शनिवार को उन्होंने सरकार के उन दावों को खारिज कर कहा कि किसानों को लूटने के लिए गेहूं की नमी का जो 14 प्रतिशत का पैमाना था, उसे 12 प्रतिशत कर दिया है। यही नहीं मंडियों में 50 किलो के बैग में 51 किलो गेहूं भरा जा रही है। जहां प्रति बैग एक किलो गेहूं किसानों का ज्यादा लिया जा रहा है, वहीं उस एक किलो गेहूं का पैसा सत्ता में बैठे लोगों की जेबों में भरा जा रहा है।

मंडियों में आज वारदाना नहीं है, जिस कारण से भी किसानों पर बड़ी मार पड़ रही है। पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि गेहूं खरीद के समय मंडियों को दो दिन बंद रखा गया। उन्होंने कहा कि सिरसा जिले में बारिश के कारण किसानों की गेहूं यह कहकर नहीं खरीदी जा रही कि उनकी गेहूं में नमी बढ़ गई है वहीं कैथल की मंडी में गेहूं यह कहकर वापिस कर दी कि उनकी गेहूं में चमक नहीं है।

उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने मंडियों में नई मशीनें लगा दी हैं जिसमें गेहूं डाली जाती है और गेहूं की झार लगाने पर 40 प्रतिशत गेहूं किसानों को वापस ले जानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि जो लोग किसान हितैषी होने का ढोंग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खुफिया विभाग की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि अगर किसानों से जबर्दस्ती की गई तो बहुत बुरा अंजाम सरकार को भुगतना पड़ेगा, इसलिए आज मानवता की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री को पत्र लिखना चाहिए कि जो उन्होंने तीन कृषि कानून बनाए हैं। वो किसानों के हित में नहीं हैं और उनके गलत निर्णयों की वजह से आज लाखों किसान धरनों पर बैठे हैं।

अगर उनको महामारी से बचाना चाहते हैं तो उन्हें तुरंत ये तीनों कानून वापस ले लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी को फैलाने के लिए भी भाजपा सरकार जिम्मेदार है। इनेलो नेता ने मुख्यमंत्री पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में हुए घोटालों में वो भी शामिल हैं क्योंकि अब तक शराब और रजिस्ट्री घोटाले की रिपोर्ट उन्होंने सार्वजनिक नहीं की है। अगर वो इन घोटालों में शामिल नहीं हैं तो तुरंत शराब और रजिस्ट्री घोटाले की रिपोर्ट सार्वजनिक करे तथा 300 के लगभग कर्मचारी, जो इस घोटाले से जुड़े हैं, उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई करनी चाहिए।

# गेहूं का उठान धीमा, सड़कों पर गेहूं उतारने को विवश

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा



### मंडी में अंदर आने-जाने के रास्ते हो गए बंद

**सिरसा** की अनाज मंडी में धीमा उठान होने की वजह से सड़कें भी गेहूं से अट गई। मंडी में आने-जाने के रास्ते भी बंद हो गए हैं। मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को वाहन खड़ा करने के लिए जगह भी नहीं मिल रही। उठान की समस्या को देखते हुए दो दिनों के लिए अनाज मंडी में खरीद कार्य बंद कर दिया गया है। शनिवार और रविवार को फसल की खरीद नहीं की जाएगी।

सिरसा की अनाज मंडी में गेहूं की आवक ज्यादा होने के चलते उसी गति से गेहूं का उठान नहीं हो रहा। जिसके कारण मंडी की सडकें गेहूं की बोरियों से अट गई है। सडकों पर बोरियां लगी होने के चलते आने जाने के रास्ते बंद हो गए है। किसानों को अपनी गेहूं की ढेरियां करने को जगह नहीं मिल रही है। ऐसे में किसान अपनी गेहूं की फसल को सडकों पर डालने को मजबूर है। उठान की समस्या को देखते हुए दो दिन के लिए मंडी में गेहूं का खरीद कार्य बंद कर दिया गया है। बीते दिवस दोपहर को तेज आंधी के बाद आई बरसात से मंडी में हजारों क्विंटल गेहूं की बोरियां व किसानों की खुले में पड़ी गेहूं भीग गई। गेहूं की दो दिन खरीद बंद करने से दो दिनों में भीगा गेहूं सूख जाएगा और उठान होने से मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों के लिए जगह भी बन जाएगी। फिलहाल जो फसल मंडी में पहुंच चुकी है और जिनके गेट पास कट चुके हैं उन किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में बोरियां की ढांग लगा दी गई हैं। शैड के नीचे, दुकानों के सामने और अब तो सडकों पर भी गेहूं ही गेहू नजर आ रहा है। मंडी से वाहन लेकर निकलना भी मुश्किल हो गया है। हालांकि खरीद कार्य शुरू होने से पूर्व प्रशासन ने समुचित व्यवस्था होने का दावा किया था। उठान की समस्या नहीं आने देने के भी दावे किए गए थे। लेकिन मंडी में फसल पहुंचने के बाद सभी दावों की हवा निकल गई।

# नवागन्तुक विद्यार्थियों के लिए हुई फ्रेशर पार्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा।

### युवा अनुशासन में रहकर करें ऊर्जा का सकारात्मक प्रयोगः डॉ शर्मा

जेसीडी विद्यापीठ में स्थापित शिक्षण महाविद्यालय में नवागन्तुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि जेसीडी विद्यापीठ की प्रबंध निदेशक डा. शमीम शर्मा द्वारा किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाज सेवी श्री जसवीर सिंह जस्सा उपस्थित हुए।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. शमीम शर्मा, विशिष्ट अतिथि जसवीर सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डा. जयप्रकाश व अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर सभी कॉलेजों के प्राचार्य डा. अरिन्दम सरकार, डॉ. कुलदीप सिंह, डा. दिनेश गुप्ता, डा. अनुपमा सेतिया, डॉ. शिखा गोयल के अलावा, डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर डा राजेश्वर चावला व जेसीडी विद्यापीठ के रजिस्ट्रार सुधांशु गुप्ता व अन्य अधिकारीगण ने भी सम्मिलत होकर इसकी शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर बीएड एवं एमएड विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर सर्वप्रथम प्राचार्य डा जयप्रकाश ने नव आगन्तुक सभी विद्यार्थियों के साथसाथ मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ पधारे अन्य अतिथिगणों का स्वागत करते हुए नवीन विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलवाया कि वे हरसंभव प्रयास करेंगे कि उन्हें निकट भविष्य में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी बेहतर शिक्षा हासिल करें तथा बेहतर परीक्षा परिणाम लाएं, जिसके लिए उनकी शुभकामनाएं तथा आशीर्वाद सदैव उनके साथ हैं। डा. जयप्रकाश ने विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रदर्शित की गई कला की काफी सराहना की।विशिष्ट अतिथि समाज सेवी श्री जसवीर सिंह जस्सा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बड़े भाग्यशाली हैं कि आपने एक ऐसी संस्था में प्रवेश लिया है, जो संस्था एक महान पुरुष के नाम है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन का महत्व है। मुख्यातिथि डॉ शमीम शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाती चाहती हूं कि आपकी आवश्यकताएं हमारे लिए सदैव उच्चतम प्राथमिकता रहेंगी। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अनीता मक्कड़ एवं डा. निशा गोयल ने निभाते हुए एमएड प्रथम वर्ष की छात्रा सुमनप्रीत को मिस फ्रेशर, बीएड स्पेशल में मनीष कुमार को मिस्टर फ्रेशर व सिमरन को मिस फ्रेशर वहीं बीएड सामान्य में अनुराग को मिस्टर फ्रेशर व जसप्रीत को मिस फ्रेशर के लिए चयन किया।

## बेटियों के जन्म पर किया कुआं पूजन

**सिरसा।** कस्बे के गांव कुम्हारिया के भाल सिंह जांगड़ा ने दो पोतियों के जन्म पर कुआं पूजन कर सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूती प्रदान की है। जांगड़ा परिवार द्वारा किए गए सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम की सभी ने सराहना की है।

दंपति कुलदीप जांगड़ा व एकता ने बेटी दीपिका व छोटे भाई जगदीप जांगड़ा व प्रमोद ने बेटी दीक्षा के जन्म पर कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। गांव की महिलाओं ने मंगलगीत गाए व मिठाई बांटकर खुशी जताई। इस मौके पर दीपिका व दीक्षा के दादा भाल सिंह जांगड़ा ने कहा कि उसके दोनों बेटों के एक-एक लड़की पैदा हुई है। बेटियों के जन्म पर उन्हें बहुत खुशी है तथा इनकी परवरिश में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं।

## अब तक खरीदा तीन लाख 97 हजार 250 एमटी गेहूं

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**गेहूं** खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल 3 लाख 97 हजार 250 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की है, जिसमें से 1 लाख 33 हजार 148 एमटी गेहूं उठान कार्य सहित 34 फीसदी उठान कार्य पूरा कर लिया गया है। इस जिले में खरीद केन्द्रों पर गेंहू की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। इन खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को लेकर अपने निर्धारित शैडयूल के अनुसार खरीद केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं।

उपायुक्त शरणदीप कौर बराड़ ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर कहा कि खरीद केन्द्रों पर 16 अप्रैल 2021 तक खरीद एजेंसियां द्वारा 3 लाख 97 हजार 250 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 32 हजार 65 एमटी, हैफेड द्वारा एक लाख 54 हजार 781, एफसीआई द्वारा 3254 व हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 7150 एमटी गेंहू की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि अमीन मंडी में 2632 एमटी, अजराना कलां मंडी में 2378 एमटी, बाबैन मंडी में 18985 एमटी, बारना में 1727 एमटी, भौर सैयदां में 1940 एमटी, बोधनी में 1396 एमटी, चढुनी जाटान में 594 एमटी, गुमथला गढु मंडी में 15439 एमटी, इस्माईलाबाद मंडी में 60398 एमटी, झांसा मंडी में 8404 एमटी, कराह साहब मंडी में 7539 एमटी, किरमच मंडी में 2017 एमटी, कुरुक्षेत्र मंडी में 66701 एमटी गेहूं की खरीद की गई है।

# सरकार ने किसानों को धरने से जबरिया उठाया तो भुगतने होंगे गंभीर परिणाम: बैनीवाल

### संगतपुरा टोल पर किसानों और पुलिस में हुई तू-तू, मैं-मैं

**पीएल वर्मा।** कैथल



कैथल के संगतपुरा टोल पर पुलिस की झड़प के बाद नारेबाजी करते हुए किसान।

**यदि** कैथल प्रशासन ने संगतपुरा टोल के ऊपर लगातार साढ़े तीन महीने से धरना दे रहे किसानों को जबरन उठाने या उन पर कोई हमला किया तो उसकी चिंगारी पूरे प्रदेश में फैल जाएगी। इसके पश्चात जो भी परिणाम होंगे। उसकी जिम्मेवार प्रदेश की जजपा व भाजपा सरकार व जिला प्रशासन कैथल होगा।

ये चेतावनी संगतपुरा टोल पर प्रदर्शन कारियों का नेतृत्व करते हुए किसान संयुक्त मोर्चा के नेता भरत सिंह बैनीवाल, अनिल गुर्जर बलवंती, महेन्द्र सिंह रामगढ व सुरजीत सिंह बैनीवाल ने सरकार को दी। उन्होंने बताया कि आज शनिवार को जिला प्रशासन कैथल पुलिस बल के साथ संगतपुरा टोल को चालू करवाने के लिए पूरे अमले के साथ तैनात है। जिसकी खबर ज्यों ही धरने से फील्ड में पहुंची तो आसपास के लोग वहां पर जमा होने शुरू हो गए। दोनों तरफ से तनाव बना हुआ है। टोल के ऊपर प्रदर्शन कारियों को संबोधित करते हुए गुरनाम सिंह सांघन, अमरीक सिंह चक्क पाडला, तरलोक सिंह लैंडर कीमा व रामफल नौच ने बताया कि सरकार कोरोना का ढिंढोरा पीट कर या मानवता की दुहाई देकर आंदोलन को तोड़ने की जो ओच्छी करतूतें कर रही हैं।

# बस सेवा न होने से पैदल जाने को मजबूर ताजिया गांव के विद्यार्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा



सिरसा के गांव ताजिया में पंडित होशियारी लाल शर्मा से मिलते छात्र।

**जिला** के गांव ताजिया से साहुवाला के बीच रोडवेज की बस सेवा ना होने से गांव के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को हो रही है। उन्हें रोज पैदल ही एक से दूसरे गांव जाना पड़ता है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता होशियारी लाल शर्मा गांव ताजिया पहुंचे तो वहां उन्हें अनेक विद्यार्थी मिले। ये विद्यार्थी गांव से पैदल साहुवाला स्थित स्कूल में पढने के लिए जा रहे थे। विद्यार्थी पूनम, सुमन आदि ने शर्मा को अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि हर रोज उन्हें इसी तरह पैदल करीब 10 किलोमीटर आना-जाना पड़ता है। ताजिया से साहुवाला के लिए ना तो सरकारी बस सेवा है, ना ही प्राइवेट। पैदल जाने के कारण कई बार स्कूल पहुंचने में देरी भी हो जाती है।

## जेब से पॉलिथिन में 290 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** एसपी लोकेंद्र सिंह ने बताया एक अन्य मामले में सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर मुकेश कुमार की अगुवाई में एसआई सुरेश कुमार की टीम मादक पदार्थो की तस्करी रोकने को राजौन्द में महाराणा प्रताप चौक के पास मौजूद थी। पुलिस द्वारा असंध रोड राजबाहा पुल के पास नाकाबंदी की गई। जहां पर कुछ समय बाद टीवीएस स्पोर्ट बाइक पर राजौंद की तरफ संदिगध गुरविन्द्र सिहं उर्फ गुरुदेव निवासी धर्मगढ़ थाना सफिदों जिला जीन्द को पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया। बुलाई गई ईटीओ कैथल मिस कनक यादव के समक्ष तलाशी ली गई तो उसके लोअर की जेब से पॉलिथिन में 290 ग्राम अफीम बरामद हुई।


# समाजसेवी अवनी गुप्ता ने दिया मां भद्रकाली मंदिर में नवरात्रि भंडारा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**मां** सती के शक्तिपीठों में से एक कुरुक्षेत्र के शक्तिपीठ श्रीदेवी कूप भद्रकाली मंदिर में शनिवार को पांचवें नवरात्रे पर स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की गई। पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा के सानिध्य में सुबह मंदिर के व्यवस्थापक मंडल ने मां भद्रकाली का आकर्षक श्रृंगार किया।

तत्पश्चात मंदिर से जुड़े श्रद्धालु अवनी गुप्ता परिवार (अन्नपूर्णा रसोई) ने बतौर मुख्य यजमान मां भद्रकाली पूजन में हिस्सा लिया। सर्वप्रथम श्रीदेवी कूप का पूजन किया गया। जिसके बाद मन्नत के घोड़े चढ़ाए गए। दोपहर को हुई विश्राम आरती के पश्चात अवनी गुप्ता की ओर से नवरात्रि व्रत भंडारा दिया गया। भंडारे के दौरान सर्वप्रथम कन्या पूजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने यजमान अवनी गुप्ता परिवार को मां भद्रकाली का स्वरूप, चुनरी एवं श्रीफल प्रदान किया। भद्रकाली मंदिर परिसर में कोविड-19 के चलते प्रशासन द्वारा दी गई हिदायतों की पालना की जा रही है।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एंव वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627



### एक तुम्हीं हो जगजननी माँ

घोर विपत्ति आई कैसी, लड़ते- लड़ते मानव हारा
महारोग की विष-बेलों ने, जकड़ लिया है ये जग सारा
शक्ति की आधार अम्बिके! आकर दे दो बस ये आस
भय से अब मुक्ति पा जाएँ, धरती, सागर और आकाश

मन से मन को जोड़े वो, ताना- बाना विच्छेद हुआ
अनदेखे शत्रु के डर से, मानव घर में कैद हुआ
अब तो आकर नष्ट करो तुम, जीवन के कड़वे संत्रास
मीठी रस फुहार में भीगे, धरती, सागर और आकाश


कोई पथ अब नहीं सूझता, छाई है घनघोर निराशा
एक तुम्हीं हो जगजननी माँ, सबके व्यथित हृदय की आशा
आँखों से बहती पीड़ा पर, नहीं हुए हम तनिक उदास
अपलक देखें राह तुम्हारी, धरती, सागर और आकाश

देश और दुनिया की शत्रु, ये व्याधि अब मिटे मूल से
छूने से अपनापन फैले, बंधन टूटें कठिन शूल से
करो कृपा कि भरे हृदय में, 'अश्क' मधुर ,पावन उल्लास
आशा के गीतों से गूंजे ,धरती, सागर और आकाश

# सरकार की स्वार्थी प्राथमिकताओं के चलते गहरा रहा कोरोना संकट : विधायक

## अमित सिहाग ने कहा, करोना की दूसरी लहर ज्यादा घातक, बहुत तेजी से फैल रहा संक्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा



**हलका** डबवाली के विधायक अमित सिहाग ने बढ़ रहे करोना संक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आमजन को कोविड नियमों की पालना करने का आह्वान करते हुए मास्क, सैनेटाइजर एवम् उचित दूरी बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने बढ़ रहे संक्रमण को लेकर सरकार को भी नसीहत दी है।

विधायक ने सरकार को घेरते हुए कहा कि दो गज की दूरी मास्क है जरुरी का नारा देने वाले अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए बड़ी-बड़ी रैलियों का आयोजन कर रहे हैं। जिनमें न तो कोई उचित दूरी रखी जाती है। न ही मास्क आदि का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि जब नारा देने वाले ही कोविड नियमों को तार तार कर रहे हैं। ऐसे में आमजन कैसे इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित होगा?

सिहाग ने कहा कि जब जांच प्रतिशत में पांच प्रतिशत से ज्यादा लोग पॉजिटिव आएं तो माना जाता है कि महामारी कंट्रोल से बाहर होती जा रही है। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी 2021 को तकरीबन 1.5 प्रतिशत दर से पॉजीटिव केस आ रहे थे। जो की 11 अप्रैल 2021 को बढ़ कर तकरीबन 10.7 प्रतिशत हो गए हैं। सिहाग ने कहा कि करोना की पहली लहर से करोना से संक्रमित होने के पहले 18 हजार से 50 हजार केस तक पहुंचने में 32दिन लगे थे, जबकि अब दूसरी लहर में ये केवल 17 दिनों में ही पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली लहर में पहले एक लाख संक्रमित केस होने में 84 दिन लगे थे। छह से सात लाख होने में 16 दिन लगे थे। उसकी तुलना में दूसरी लहर से छह से सात लाख तक संक्रमित केस केवल तीन दिन में हो गए हैं।

सिहाग ने कहा कि वो कामना करते हैं कि सरकारें अपनी प्राथमिकताओं को कुछ समय के लिए बदल कर,संवेदनशीलता और सूझ बूझ का परिचय देते हुए, राजनीतिक व धार्मिक कार्यक्रमों में अनावश्यक भीड़ पर रोक लगाने का काम करेंगी तथा व्यापक वैक्सीनेशन के साथ ही अस्पतालों में कोविड से संबंधित जरुरी संसाधन ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटीलेटर, बेड,आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की और ध्यान केंद्रित करेंगी।

## सेक्टर-19 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बनी पानी की किल्लत

**सिरसा।** थेहड़ मोहल्ला से हुडा सेक्टर-19 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में विस्थापित किए गए लोग पानी की किल्लत और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। पिछले कई दिनों से पानी की किल्लत बनी हुई है। जिसके चलते लोग आसपास की कॉलोनियों से पानी लाने को मजबूर हैं। कॉलोनीवासी रेणू देवी, छिंद्र कौर, सीता देवी, रानी, कमला देवी, पूनम रानी, शारदा देवी, सुनीता रानी आदि ने बताया कि पिछले कई महीनो से उनके फ्लैट्स में पानी की दिक्कत बनी हुई है। जिसके चलते वे सुबह शाम आसपास की कॉलोनियों से पानी लेकर आते हैं। उन्होंने बताया कि इस बारे में अधिकारियों को भी कई बार बता चुके हैं लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि आज से लगभग चार साल पहले उन्हें थेहड़ मोहल्ला से उठा कर हुडा के फ्लैट्स में शिफ्ट किया गया था। कहा गया था कि सभी सुविधाएं दी जाएंगी, लेकिन वे आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

# स्टेशन परिसर और ट्रेनों में बिना मास्क 500 रुपये तक जुर्माना: रेलवे

## कोविड-19 के चलते मास्क नहीं पहनने पर होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**रेलवे** परिसर और ट्रेनों में मास्क नहीं पहनने पर 500 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है, क्योंकि रेलवे ने अब इसे रेलवे अधिनियम के तहत अपराध के तौर पर शामिल किया है। यह जानकारी शनिवार को जारी एक आदेश से मिली।

यह रेलवे द्वारा किया गया नवीनतम उपाय है। रेलवे ने वायरस के प्रसार को प्रतिबंधित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए विभिन्न कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इसे अपनाया है। रेलवे द्वारा जारी आदेश में कहा गया, कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए जारी विशिष्ट दिशानिर्देशों में मास्क पहनना शामिल है। भारतीय रेलवे द्वारा ट्रेनों की आवाजाही के लिए 11 मई, 2020 को जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में कहा गया है कि सभी यात्रियों को सलाह दी जानी चाहिए कि उन्हें प्रवेश और यात्रा के दौरान फेस कवर या मास्क पहने हुए होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि मास्क के अनिवार्य उपयोग और जुर्माने को अब भारतीय रेलवे (रेलवे परिसर में स्वच्छता को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के लिए दंड) नियम, 2012 के तहत सूचीबद्ध किया जाएगा, जिसमें रेल परिसर में थूकने वालों के लिए भी जुर्माने का प्रावधान है।

आदेश ने कहा गया है, रेलवे की ओर से जारी आदेश में कहा गया है, कोविड-19 स्थिति के मद्देनजर, किसी व्यक्ति द्वारा मास्क नहीं पहनने और रेलवे परिसर (ट्रेनों सहित) में प्रवेश करने और थूकने एवं इस तरह के कृत्य पर रोक लगाना अस्वच्छ परिस्थितियों के निर्माण से बचने के लिए महत्वपूर्ण है जिससे जीवन और सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। इसमें कहा गया है, तदनुसार, थूकने और इस तरह के कृत्यों को रोकने के लिए और रेलवे परिसर (रेलगाड़ियों सहित) में सभी व्यक्तियों द्वारा फेस मास्क या फेस कवर पहनना सुनिश्चित करने के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा भारतीय रेलवे (रेलवे परिसर में स्वच्छता को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के लिए दंड) नियम, 2012 के तहत जुर्माना (500 रुपये तक) लगाया जाएगा...।

आदेश में यह भी कहा गया है कि यह छह महीने की अवधि के लिए तत्काल प्रभाव से इस संबंध में अगले निर्देश जारी होने तक लागू रहेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि एक दिन में कोविड-19 के 2,34,692 नए मामले सामने आने और 1,341 और मरीजों की मौत होने से भारत में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 1,45,26,609 हो गई जबकि मृतक संख्या बढ़कर 1,75,649 हो गई। मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़े के अनुसार देश में कोरोना वायरस के उपचाराधीन मामलों की संख्या 16 लाख से अधिक है।

# दीदी खुद को देश के संविधान से समझती हैं ऊपर : प्रधानमंत्री

## बोले, दो मई को पश्चिम बंगाल की जनता उन्हें देगी भूतपूर्व मुख्यमंत्री का प्रमाणपत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** आसनसोल

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वह खुद को देश के संविधान से ऊपर समझती हैं। दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ने केंद्रीय बलों और सेना तक को बदनाम किया और राजनीति के लिए झूठे आरोप लगाए। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दावा किया दो मई को पश्चिम बंगाल की जनता उन्हें भूतपूर्व मुख्यमंत्री का प्रमाणपत्र देने वाली है।

केंद्र सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण सहित अन्य मुद्दों पर बुलाई गई बैठकों में ममता बनर्जी की अनुपस्थिति को मुद्दा बनाते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि दीदी अपने अहंकार में इतनी बड़ी हो गई है की हर कोई उन्हें अपने आगे छोटा दिखता है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने अनेक बार अनेक विषयों पर बात करने के लिए बैठकें बुलाई है लेकिन दीदी कोई न कोई कारण बताकर इन बैठकों में नहीं आती हैं। कोरोना वायरस को लेकर बुलाई गई पिछली दो बैठकों में बाकी मुख्यमंत्री आए, लेकिन दीदी नहीं आईं। उन्होंने कहा यही नहीं, नीति आयोग की संचालन परिषद और गंगा की सफाई के लिए बुलाई गई बैठकों में भी वह नहीं आईं।



### टीमएमसी अध्यक्ष ने केंद्रीय बलों और सेना तक को बदनाम किया और राजनीति के लिए झूठे आरोप लगाए

उन्होंने कहा, एक दो बार ना आने तो समझ में आता है, लेकिन दीदी ने यही तरीका बना लिया है। दीदी बंगाल के लोगों के लिए कुछ देर का समय नहीं निकाल पाती हैं। यह उन्हें समय की बर्बादी लगता है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्रीय दल जब जांच में सहयोग या फिर भ्रष्टाचार के मामलों के लिए राज्य में आते हैं तो उन्हें रोकने के लिए मुख्यमंत्री पूरा जोर लगा देती हैं जबकि अपने तोलाबाजों को कोरोना के दौरान भेजे गए राशन को लूटने की खुली छूट देती हैं।


उन्होंने आरोप लगाया, दीदी, केंद्रीय वाहिनी ही नहीं, सेना तक को बदनाम करती हैं और राजनीति के लिए झूठे आरोप लगाती हैं। दीदी खुद को देश के संविधान से ऊपर समझती हैं। उनकी आंखों पर अहंकार का पर्दा चढ़ा हुआ है। मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं की कथित राजनीतिक हत्या के मामलों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की राजनीति सिर्फ विरोध और गतिरोध तक सीमित नहीं है बल्कि प्रतिशोध की खतरनाक सीमा को भी पार कर गई है।

भाजपा द्वारा शुक्रवार को यह कथित ऑडियो क्लिप जारी किए जाने के बाद राज्य की राजनीति में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने ऑडियो क्लिप को फर्जी करार दिया और कहा कि इस तरह की कभी कोई बात नहीं हुई। बहरहाल, प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोगों में ममता बनर्जी के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है और दो मई को उनकी सरकार जाना पक्का है। उन्होंने दावा किया, दो मई को पश्चिम बंगाल की जनता दीदी को एक प्रमाणपत्र देने वाली है और वह है भूतपूर्व मुख्यमंत्री का। दीदी, इस प्रमाण को लेकर फिर घूमते रहना।

### मौतों से भी सियासी फायदा करने की पुरानी आदत

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कूचबिहार के सीतलकूची से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के बीच एक बातचीत का कथित ऑडियो क्लीप का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने उनपर लाशों पर भी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, दीदी, वोटबैंक के लिए कहां तक जाएंगी आप? सच्चाई ए है कि दीदी ने कूचबिहार में मारे गए लोगों की मृत्यु से भी अपना सियासी फायदा करने की सोची। शवों पर राजनीति करने की दीदी को बहुत पुरानी आदत है।

# बंगाल चुनाव के पांचवें चरण में हिंसा की छिटपुट घटनाएं सामने आईं



**बर्दवानासाल्ट** लेकासिलीगुड़ी।

**पश्चिम** बंगाल में विधानसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए शनिवार को जिन क्षेत्रों में मतदान हो रहा है वहां से हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आई हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दक्षिण बंगाल में उत्तर 24 परगना, पूर्व वर्धमान और नादिया तथा उत्तर बंगाल में जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों की 45 सीटों पर मतदान जारी है।

मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा कर्मी हालात पर कड़ी नजर रखे हैं और कुछ घटनाएं सामने आईं जिन्हें संभाल लिया गया। बिधाननगर के शांतिनगर क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हो गई और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मतदाताओं को मतदान के लिए जाने से रोकने का आरोप लगाए। अधिकारियों ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने ईंट और पत्थर फेंके जिसमें आठ लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी घटनास्थल पर भेजी गई। तृणमूल विधायक सुजीत बोस और भाजपा के प्रत्याशी सब्यसाची दत्ता ने स्थिति का जायजा लेने के लिए घटनास्थल का दौरा किया।

### मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने बताया सुरक्षा कर्मी हालात पर रखे हैं कड़ी नजर

सिलीगुड़ी में मतदान केंद्र के बाहर तृणमूल और माकपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। नदिया जिले के शांतिपुर क्षेत्र में तृणमूल की ओर से आरोप लगाया गया कि केंद्रीय बलों के एक कर्मी ने मतदाताओं को वापस जाने के लिए कहा। अधिकारियों ने इस आरोप को सिरे से खारिज कर दिया। इसके अलावा तृणमूल ने आरोप लगाया कि बर्धमान उत्तर और निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर भाजपा द्वारा कब्जा कर लिया गया।

# कोरोना: लखनऊ के अस्पतालों में बिस्तरों की कमी से नहीं मिल पा रहा उचित इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अस्पतालों के बिस्तरों की कमी के कारण 65 वर्षीय एक महिला के परिवार को उचित इलाज की प्रतीक्षा है। बीमार महिला के पौत्र ने बताया कि मेरी दादी को भर्ती नहीं किया जा सका क्योंकि लखनऊ के अस्पतालों में बिस्तर खाली नहीं हैं।

उसने कहा, हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के बावजूद कोई आश्वासन नहीं मिला। ऑक्सीजन का स्तर जो 66 पर था अब घटकर 40 के करीब पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि उनके एक रिश्तेदार का भी आक्सीजन स्तर 65 पहुंच गया है लेकिन उनका भी इलाज शुरू नहीं किया जा सका है। इसके अलावा शहर में ऑक्सीजन सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर भी संकट बना हुआ है। राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, लखनऊ के निदेशक डॉक्टर एके सिंह से जब संपर्क किया गया। उन्होंने कहा, फिलहाल हमें एक दिन में 300 ऑक्सीजन सिलेंडर की आवश्यकता होती है। एक समय में 45 सिलेंडर उपयोग में होते हैं। जिनमें से अधिकांश की खपत वेंटिलेटर इकाइयों में होती है। उन्होंने कहा कि चिंता की बात यह है कि हमारे पास 150 खाली सिलेंडर हैं और हमने इसके लिए राज्य सरकार के समक्ष अपनी बात रखी है। इसके बाद उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह से बातचीत की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीते 13 अप्रैल को ट्वीट कर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर कोरोना पर नियंत्रण पाने का झूठा ढिंढोरा पीटने का आरोप लगाया था। यादव ने अपने ट्वीट में कहा था, उप्र में कोरोना से जो हाहाकार मचा है। उसके लिए भाजपा सरकार को जवाब देना होगा कि उसने कोरोना पर नियंत्रण पाने का झूठा ढिंढोरा क्यों पीटा। टीका, टेस्ट, डॉक्टर, बेड, एंबुलेंस की कमी, टेस्ट रिपोर्ट में देरी व दवाई की कालाबाजारी पर भाजपा सरकार चुप क्यों है। इस बीच सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश सरकार के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक का एक गोपनीय पत्र वायरल हुआ जिसने अव्यवस्था की पोल खोल दी। गत दिनों उत्तर प्रदेश सरकार के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य महकमे के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर स्वास्थ्य सेवाओं की चिंताजनक स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया।

कहा कि अगर परिस्थितियों को शीघ्र नियंत्रित नहीं किया गया तो कोविड-19 की रोकथाम के लिए लखनऊमें लॉकडाउन लगाना पड़ सकता है। उधर, समाजवादी पार्टी ने मंत्री के पत्र बहाने कोरोना प्रबंधन में अव्यवस्था के लिए पूरी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। कानून मंत्री ब्रजेश पाठक का सोमवार को अपर मुख्य सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को भेजा गया कथित पत्र मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# निर्वाचन आयोग ने जांगीपुर विधानसभा सीट पर चुनाव स्थगित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली।

**निर्वाचन** आयोग (ईसी) ने पश्चिम बंगाल में रिवोल्युशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के उम्मीदवार के निधन के बाद शनिवार को जांगीपुर विधानसभा सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया।

जन प्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों के तहत किसी भी मान्यता प्राप्त दल के प्रत्याशी के निधन की स्थिति में चुनाव स्थगित कर दिया जाता है ताकि वह दल नया प्रत्याशी तय कर सके। नए उम्मीदवार को नामांकन दाखिल करने का मौका मिलता है। उसके नामांकन पत्रों की जांच की जाती है और उसे नाम वापस लेने का भी अवसर मिलता है। आयोग के प्रवक्ता ने कहा, मुर्शिदाबाद में 58 जांगीपुर विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को होने वाला मतदान आरएसपी उम्मीदवार के निधन के कारण स्थगित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग आने वाले दिनों में इस सीट के लिए नया मतदान कार्यक्रम घोषित करेगा। आरएसपी उम्मीदवार प्रदीप कुमार नंदी का शुक्रवार को ब्रह्मपुर के एक अस्पताल में निधन हो गया।

## रूस ने यूक्रेन के राजनयिक को हिरासत में लिया

**मॉस्का।** रूस ने देश की मुख्य सुरक्षा एजेंसी के डाटाबेस से कथित तौर पर गोपनीय सूचना हासिल करने के लिए यूक्रेन के एक राजनयिक को हिरासत में लिया है।

फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (एफएसबी) ने शनिवार को बताया कि सेंट पीटर्सबर्ग में यूक्रेन के महावाणिज्यदूत को शुक्रवार को एक रूसी नागरिक के साथ मुलाकात के दौरान गिरफ्तार किया गया। एफएसबी का आरोप है कि मुलाकात के दौरान उन्होंने कानून लागू करने वाली एजेंसियों और एफएसबी के डाटाबेस से गोपनीय प्रकृति की सूचनाएं हासिल कीं।

# कोरोना में सावधानी ही पूर्व प्रधानमंत्री को होगी सच्ची श्रद्धांजलि : यशवंत

### भाजपा के एमएलसी यशवंत सिंह ने उनको दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व भाजपा के विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस की वजह से देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। इससे बचने के लिए बरती गई सावधानी ही पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक सिंह ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर लखनऊ के दारुलशफा में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, आपस में दो गज की दूरी और मास्क जरूरी का पालन कर हम लोग भी इस महामारी को निष्प्रभावी करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। हम लोगों की इसी भूमिका की आज देश को सर्वाधिक जरूरत है और यही राष्ट्रपुरुष चन्द्रशेखर को वर्तमान में सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि आज की विषम परिस्थिति में यह किसी दल की नहीं, देश की जरूरत है, इसलिए इसे लेकर कोई मतभेद नहीं होना चाहिए। इस बीच उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता रामगोविंद चौधरी ने शनिवार को बलिया जिला मुख्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि चंद्रशेखर जीवनपर्यंत अपनी कथनी पर अडिग रहे।

# अमेरिका में गोलीबारी में चार सिखों समेत आठ लोगों की मौत

## सिख समुदाय ने कहा, नस्ली व घृणा से प्रेरित अपराध और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर लगाएं रोक

**पायनियर समाचारस सेवा।** वाशिंगटन




**अमेरिका** के इंडियाना राज्य में फेडएक्स कंपनी के एक परिसर में गोलीबारी की घटना में सिख समुदाय के चार लोगों समेत कम से कम आठ की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में तीन सिख महिलाएं शामिल हैं। इस घटना से स्तब्ध सिख समुदाय के लोगों ने नस्ली घृणा से प्रेरित अपराध और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से अपील की है।

बंदूकधारी हमलावर की पहचान इंडियाना के 19 वर्षीय ब्रेंडन स्कॉट होल के रूप में की गई है, जिसने इंडियानापोलिस में स्थित फेडएक्स कंपनी के परिसर में बृहस्पतिवार देर रात गोलीबारी करने के बाद कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। होल, 2020 में फेडएक्स का कर्मचारी था।

संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि पिछले साल होल की मां ने एजेंसी को फोन करके कहा था कि उनका बेटा आत्मघाती कदम उठा सकता है जिसके बाद एफबीआई ने होल से पूछताछ की थी। डिलीवरी सेवा प्रदाता कंपनी के इस परिसर में कार्यरत 90 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक बताए जाते हैं, जिनमें ज्यादातर सिख समुदाय के हैं। सिख समुदाय के नेता गुरिंदर सिंह खालसा ने फेडएक्स परिसर के कर्मचारियों के परिजनों से मुलाकात करने के बाद फोन पर पीटीआई से कहा, यह बेहद दुखद है। इस त्रासद घटना से सिख समुदाय आहत है। मारियन काउंटी कोरोनर कार्यालय और इंडियानापोलिस मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग (आईएमपीडी) ने शुक्रवार देर रात मृतकों के नाम का खुलासा किया। मृतकों में सिख समुदाय के अमरजीत जोहल (66), जसविंदर कौर (64), अमरजीत (48) और जसविंदर सिंह (68) शामिल हैं।

### अपराध और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से अपील की है।

# युवा कांग्रेस ने तैयार किया 10 हजार प्लाज्मा डोनर का डेटा

**पायनियर समाचारस सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** की युवा इकाई ने शनिवार को कहा कि उसने देश में कोरोना महामारी के बढ़ने के मद्देनजर मरीजों की मदद करने के मकसद से 10 हजार प्लाज्मा डोनर का डेटा तैयार किया है। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. के मुताबिक, इस डेटा के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद करने की कोशिश हो रही है। उल्लेखनीय है कि किसी भी कोरोना संक्रमित मरीज को वही व्यक्ति प्लाज्मा दे सकता है जो हाल ही में इस संक्रमण से उबरा हो। श्रीनिवास ने कहा, हमने देश भर से 10 हजार ऐसे लोगों का डेटा एकत्र किया है जो प्लाज्मा डोनर हो सकते हैं। इनमें से कई हमारे कार्यकर्ता भी हैं। जरूरत पड़ने पर हम इन लोगों से संपर्क करते हैं और संबंधित मरीज के लिए प्लाज्मा का प्रबंध करते हैं। दरअसल, युवा कांग्रेस ने कोविड मरीजों की मदद के लिए इन दिनों सोशल मीडिया पर एसओएसआईवाईसी हैशटैग से अभियान चला रखा है। श्रीनिवास ने कहा, राहुल गांधी के निर्देश पर युवा कांग्रेस मरीजों को ऑक्सीजन, प्लाज्मा, जरूरी इंजेक्शन और दूसरी जरूरत की चीजें उपलब्ध कराने का काम कर रही है। एक हफ्ते में 45 हजार से अधिक लोगों ने हमसे मदद के लिए कहा है। इनमें से बहुत लोगों की हमने मदद की है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और सोशल मीडिया प्रभारी वैभव वालिया का कहना है, सोशल मीडिया का इस्तेमाल राजनीतिक दलों की ओर से अब तक आरोप-प्रत्यारोप के लिए होता रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## अमीरात की यात्रा पर जा रहे पाकिस्तानी विदेश मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान वह व्यापार और निवेश में सहयोग सहित द्विपक्षीय सहयोग के सभी क्षेत्रों में वहां के शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा करेंगे। विदेश कार्यालय ने कहा कि कुरैशी वहां अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान और अन्य प्रमुख लोगों से मुलाकात करेंगे। यूएई में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी समुदाय के लोग रहते हैं। विदेश कार्यालय ने कहा, "विदेश मंत्री व्यापार और निवेश, पाकिस्तानी लोगों के लिए नौकरी के अवसरों और पाकिस्तानी प्रवासियों के कल्याण सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर यूएई के नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करेंगे। वह परस्पर हितों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के संबंध काफी मधुर हैं। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आई उन खबरों के बाद इस यात्रा का अतिरिक्त महत्व है जिनमें कहा गया था कि यूएई ने जनवरी में पाकिस्तानी और भारतीय अधिकारियों के बीच गुप्त वार्ता की मेजबानी की। इसके कुछ हफ्तों बाद दोनों पक्षों ने फरवरी में नियंत्रण रेखा पर 2003 के युद्धविराम समझौते को बहाल करने पर सहमति जताई थी।

## श्रम ब्यूरो का एक नया कार्यालय कोलकाता में खुला

**नई दिल्ली।** श्रम ब्यूरो का एक और कार्यालय कोलकाता की सॉल्ट लेक सिटी में खोला गया है। एक सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस नए कार्यालय के पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए सर्वेक्षण संबंधी महत्वपूर्ण गतिविधियों का केंद्र बनने की संभावना है। श्रमिकों से संबंधित पांच अखिल भारतीय सर्वेक्षणों के लिए बने विशेषज्ञ समूह के अध्यक्ष प्रो. एस. पी. मुखर्जी ने शुक्रवार को श्रम ब्यूरो के इस अतिरिक्त कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय युवा पेशेवर विषयों के विशेषज्ञों और श्रम ब्यूरो के अधिकारियों की एक समर्पित टीम के माध्यम से फील्ड वर्क के लिए समन्वयानिगरानी का काम करेगा। प्रो. मुखर्जी ने बताया कि ए पांचों सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण के लिए, खास तौर पर कोविड महामारी के समय में, सबसे ज्यादा प्रभावित श्रम बाजार के बारे में आंकड़े उपलब्ध कराते हुए अतिमहत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ए सर्वेक्षण, खास तौर पर अखिल भारतीय संस्था आधारित तिमाही रोजगार सर्वेक्षण के जरिए असंगठित क्षेत्र में, रोजगार की संख्या को लेकर मौजूद आंकड़ों की कमी पूरी करेंगे। ब्यूरो के महानिदेशक डीपीएस नेगी ने बताया कि इन पांच सर्वेक्षणों में से, अखिल भारतीय प्रवासी मजदूर सर्वेक्षण और प्रतिष्ठान आधारित तिमाही अखिल भारतीय रोजगार सर्वेक्षण नाम के दो सर्वेक्षणों के तहत कई राज्यों में। अप्रैल 2021 से आंकड़े जुटाने के लिए फील्ड वर्क शुरू हो चुका है। हालांकि, पश्चिम बंगाल में, चुनाव परिणामों के आने के बाद मई 2021 के पहले सप्ताह में इन दो सर्वेक्षणों के तहत फील्ड वर्क का काम शुरू किया जाएगा।

## अडानी ग्रीन की कंपनी को मिली 150 मेगावाट की सौर परियोजना

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रीन एनर्जी की कंपनी एआरईएचफिफटीनएल ने टोरेंट पावर से 150 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का अनुबंध प्राप्त किया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, अडाणी रिन्यूएबल इनर्जी होल्डिंग फिफ्टीन लिमिटेड (एआरईएचफिफ्टीनएल) ने गुजरात में स्थापित किए जाने वाली और ग्रिड से जोड़ी जाने वाली इस सौर फोटोवोल्टिक विद्युत परियोजनाओं के लिए प्रतिस्पर्धी बोलियों की प्रक्रिया के माध्यम से यह परियोजना हासिल की। शेयर बाजार बीएसई को दी गई सूचना में कहा गया है कि एआरईएचफिफ्टीनएल को 150 मेगावाट क्षमता वाली सौर ऊर्जा परियोजना प्रदान की गई है। इस परियोजना क्षमता के लिए निर्धारित शुल्क, 25 वर्ष की अवधि के लिए 2.22 रुपए प्रति किलोवाट है। इस परियोजना के वित्तवर्ष 2023 के तीसरी तिमाही तक चालू होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा समय में कंपनी की 3,520 मेगावाट नवीकरणीय ऊ र्जा परियोजनाएं चालू हैं। इसके साथ, एजीईएल के पास अब कुल पोर्टफोलियो 15,390 मेगावाट अक्षय ऊर्जा परियोजना की क्षमता है, जिसमें से 11,870 मेगावाट की परियोजनाएं कार्यान्वयन के चरण में हैं।

## व्हाट्सएेप में मिली कुछ कमजोरियों को जरूर जाने उपभोक्ता

**नई दिल्ली।** देश की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने तुरंत संदेश भेजने वाले लोकप्रिय ऐप व्हाट्सऐप में कुछ कमजोरियों का पता लगाया है और उपयोक्ताओं को आगाह किया है कि इनके कारण संवेदनशील सूचनाएं लीक हो सकती हैं। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रेस्पांस टीम (सीईआरटी-इंडिया) द्वारा जारी अति गंभीर श्रेणी के परामर्श में कहा गया है कि एंड्रॉयड के लिए व्हाट्सऐप और व्हाट्सऐप बिजनेस के वर्जन 2.21.4.18 से पहले और आईओएस के लिए व्हाट्सऐप और व्हाट्सऐप बिजनेस के वर्जन म2.21.32 से पहले के सॉफ्टवेयर में कमजोरियां सामने आई हैं। सीईआरटी-इंडिया देश में साइबर हमलों के खिलाफ सुरक्षा और भारत के साइबर स्पेस की रक्षा की जिम्मेदारी उठाने वाली तकनीकी शाखा है। शनिवार को जारी परामर्श में कहा गया है, व्हाट्सऐप एप्लिकेशंस में कई कमजोरियां सामने आई हैं जिनके कारण दूर बैठा हैकराहमलावर अपनी मर्जी का कोड लिखकर उसका उपयोग कर सकता है और किसी भी सिस्टमाकंप्यूटर में मौजूद संवेदनशील डेटा हासिल कर सकता है। खतरे को विस्तार से बताते हुए, परामर्श में कहा गया है कि व्हाट्सऐप में ए कमजोरियां कैशे कंफिग्रेशन के मुद्दे और ऑडियो डिकोड करने के रास्ते में जांच की कमी के कारण हैं। परामर्श में कहा गया है कि उपयोक्ता गूगल प्ले स्टोर से या आईओएस स्टोर से अपने व्हाट्सऐप को तुरंत अपडेट करें ताकि इन कमजोरियों को दूर किया जा सके और किसी भी आसन्न खतरे से बचा जा सके।

## औषधियों के निर्यात में पिछले वित्त वर्ष में 18 प्रतिशत उछाल

**हैदराबाद।** भारत से औषधियों का निर्यात पिछले वित्त वर्ष 2020- 21 में 24.44 अरब डालर के बराबर रहा जो इससे एक साल पहले के मुकाबले 18 प्रतिशत से भी अधिक है। वर्ष 2019- 20 में यह निर्यात 20.58 अरब डालर के बराबर था। भारत से दवाओं के निर्यात में यह उछाल ऐसे समय दिखा है जबकि वैश्विक बाजार में हल्का संकुचन रहा। भारतीय औषधि निर्यात संवर्धन परिषद :फार्मेक्सिल: के महानिदेशक उदय भास्कर ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा मार्च, 2021 में हमने अपने निर्यात में तेज उछाल देखा और यह 2.3 अरब डालर अनंतिम आंकड़े रहा। मार्च का निर्यात वित्त वर्ष के दौरान किसी भी माह की तुलना में सर्वाधिक है। मार्च माह की वृद्धि दर एक साल पहले के इसी माह की तुलना में 48.5 प्रतिशत रही। मार्च 2020 में निर्यात 1.54 अरब डालर था। बयान में भास्कर के हवाले से कहा गया है कि पिछले वर्ष मार्च में लाकडाउन लागू होने से निर्यात पर असर पड़ा था।

# प्रदेश की चौधर पर कौन हावी



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

मंथन



उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के जलाल के आगे मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का जलवा भी फीका नजर आने लगा है, विपक्ष के अनेक विधायक भी इस सच्चाई को खुले तौर पर जाहिर कर रहे है। उनका कहना है कि हरियाणा के इतिहास में यह पहली बार देखा जा रहा है कि मुख्यमंत्री अनेक मामलों में उपमुख्यमंत्री से पीछे नजर आते है, जबकि राजकाज की सभी बुराइयों का ठीकरा मुख्यमंत्री के सिर फूटता है और उपमुख्यमंत्री बिना किसी जवाबदेही के न केवल सत्ता का भरपूर सुख भोग रहे है, बल्कि अपनी पार्टी-संगठन और कार्यकर्ताओं को भी हर जिले में मजबूत कर रहे है। उधर, दूसरी ओर भाजपा के कुछ मंत्रियों, सांसदों और चुनिंदा लोगों को छोड़ कोई अधिकारी शेष भाजपाइयों को भाव नहीं दे रहे, जबकि जजपा का कार्यकर्ता और पदाधिकारी छाती चौड़ी कर सरकारी कार्यालयों में घुसते है और मनमाफिक काम करवा कर लौटते है।

दरअसल, जबसे किसान आंदोलन शुरू हुआ है, भाजपा के विधायकों, मंत्रियों यहां तक की मुख्यमंत्री के बुरे दिन शुरू हो गए है वे सार्वजनिक तौर पर जिस भी समारोह में शिरकत करते है वहीं किसान उनका विरोध करने और काले झंडे दिखाने पहुंच जाते है, यही कारण है कि भाजपा नेता अपने बिलों में छुपे बैठे है, जबकि दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का विरोध भी हो रहा है, लेकिन इनके विधायकों और अन्य नेताओं के किसानों की उतनी नाराजगी नहीं झेलनी पड़ रही, जितनी भाजपा के नेताओं को झेलनी पड़ रही है। जानकारों का दावा है कि यहां तक की जजपा से जुड़े पदाधिकारी भी यह कहने से गुरेज नहीं करते कि जहां कहीं कोई काम भाजपा और जजपा के नेताओं का आपसी तौर पर फंस जाए, वहां सरकारी अधिकारी जजपा का ही साथ देते नजर आते है। यह इसलिए कि दुष्यंत चौटाला अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी की खुलकर मदद करते है, जबकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ज्यादातर मामलों में काम करने के लिए किसी को फोन तक नहीं करते। भाजपा के मंत्रियों और सांसदों को भी एक सीमा तक अपने-अपने क्षेत्र में काम करवाने की लिमिटेड छूट मिली हुई है, जबकि मंत्री पूरे प्रदेश का होता है, जिन इलाकों में कांग्रेस या जजपा के विधायक है या फिर जाट मतदाताओं की अधिकता है, वहां पर भाजपा नेताओं के काम नहीं हो रहे, कोई सरकारी अधिकारी उन्हें तवज्जो नहीं देता। इसके अलावा जो एक दर्जन से ज्यादा महकमे दुष्यंत के पास है, उन महकमों पर दुष्यंत की पूरी पकड़ है और ये सारे महकमे मलाईदार है। यहां पर जो आईएएस या एचसीएस अधिकारी तैनात है वो बिना दुष्यंत की बात सुने एक भी फाइल को आगे नहीं बढ़ाते, उन महकमों में अगर भाजपाइयों का कोई काम फंस जाए, तो उसे दुष्यंत के माध्यम से ही कहना पड़ता है। जहां तक भ्रष्टाचार की बात है यूं तो प्रदेश में ब्यूरोक्रेसी की यह आदत में खुमार है, जो महकमे भाजपा के खाते में है, वहां भी भ्रष्टाचार है, लेकिन जो महकमे दुष्यंत के खाते में है वहां और भी ज्यादा है, हर काम की फीस तय है। खाली सिफारिश से कोई काम नहीं होते क्योंकि अधिकारी भी समझते है कि हर रोज काम बताने वाले भाजपाइयों के खुद के काम तो इतने नहीं हो सकते, जबकि दूसरी ओर जजपा के लोगों को ज्यादा तवज्जो मिलती है, उनके काम भी तेजी से होते है। कुल मिलाकर प्रदेश में राजकाज चलाने में जो-जो बुराई आती है, उसका ठीकरा भाजपा के सिर पर फूटता है क्योंकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भाजपा के है, जबकि सारी चौधर प्रदेश की दुष्यंत के हाथ में वो अपने महकमे के अलावा पुलिस प्रशासन सहित किसी भी महकमे से काम करवाने के लिए चौटाला स्टाइल में बात कर काम निकलवा लेते है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से पहले नंबर की पावर रखने के बावजूद पिछड़ते नजर आते है।

**जबसे किसान आंदोलन शुरू हुआ है, भाजपा के विधायकों, मंत्रियों यहां तक कि मुख्यमंत्री के बुरे दिन शुरू हो गए हैं वे सार्वजनिक तौर पर जिस भी समारोह में शिरकत करते हैं वहीं किसान उनका विरोध करने और काले झंडे दिखाने पहुंच जाते हैं, यही कारण है कि भाजपा नेता अपने बिलों में छुपे बैठे हैं, जबकि दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का विरोध भी हो रहा है, लेकिन इनके विधायकों और अन्य नेताओं के किसानों की उतनी नाराजगी नहीं झेलनी पड़ रही, जितनी भाजपा के नेताओं को झेलनी पड़ रही है।**

## किसान आंदोलनकारियों पर सख्ती कर सकती है सरकार

**कोरोना** की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों को एनसीआर की सीमाओं से हटाने की पहले तो अपील की जा रही है और अगर अपील का कोई असर नहीं हुआ तो सरकार इस बार सख्ती भी कर सकती है। गौरतलब है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर मानवता के नाते किसान नेताओं से आंदोलन वापस लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोरोना के संक्रमण को बढ़ते से रोकने के लिए अनेक प्रकार के समारोहों पर रोक लगाई गई है और इन कार्यक्रमों में इकट्ठे होने वाले लोगों की संख्या भी घटा दी गई है, लिहाजा किसानों को भी अपना आंदोलन फिलहाल स्थगित कर देना चाहिए। हालांकि किसान नेता इन अपीलों पर कोई गौर करते दिखाई नहीं देते।

उन्होंने देश के अन्य हिस्सों में चल रहे कुंभ के आयोजन और बंगाल के चुनावों में भीड़ के जुटने पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब रैलियों की भीड़ और कुंभ के स्नान में इकट्ठे हुए लाखों लोगों को कोरोना का खतरा नहीं है तो फिर किसान आंदोलन से यह खतरा कैसे बढ़ सकता है। किसान किसी कीमत पर सरकार की किसी अपील को मानने को तैयार नहीं है और सरकार अब हर हालत में इस आंदोलन को खत्म करवाने पर आमदा है क्योंकि सड़कों पर बैठे किसानों के कारण दिल्ली सहित देश के कई हिस्सों में समस्याएं बढ़ती जा रही है। सरकारी पक्ष का कहना है कि किसान नेता अब वामपंथियों और कांग्रेस जैसी पार्टियों के हाथों की कठपुतलिया बन चुके है और इस आंदोलन में पूरी तरह राजनीति हावी हो रही है, लिहाजा यह किसान आंदोलन नहीं रह गया है, वैसे भी सरकार बंगाल में होने वाले चुनावों के खत्म होने का इंतजार कर रही थी। सूत्र बताते है कि पहले तो सरकार कोरोना महामारी की दुहाई देकर किसानों से आंदोलन समाप्त करने को कहेगी और अगर बात नहीं बनी तो अप्रैल के अंतिम सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह किसान आंदोलनकारियों को एनसीआर के बार्डरों से जबरन खदेड़ दिया जाएगा और उसके बाद किसान नेताओं की गिरफ्तारियां भी शुरू हो सकती है क्योंकि राकेश टिकैत, गुरनाम सिंह चढ़ूनी, दर्शनपाल, जोगिंद्र सिंह उगराहा, बलवीर सिंह राजेवाल, जगमोहन सिंह, सखन सिंह पंघेर, सतनाम सिंह पन्नू, अजमेर सिंह लखोवाल, कमलप्रीत सिंह पन्नू, शिवकुमार कक्का, हनान भोला, योगेंद्र यादव सहित दर्जनों और किसान नेताओं के खिलाफ विभिन्न अपराधिका धाराओं में दिल्ली, हरियाणा सहित कुछ और राज्यों में भी मुकदमें दर्ज है। किसान नेताओं को भी इस बात का आभास है कि बंगाल चुनावों के तुरंत बाद किसान आंदोलनकारियों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई कर सकती है, यही कारण है कि जैसे-जैसे बंगाल चुनावों के खत्म होने का समय नजदीक आ रहा है, दिल्ली के बार्डरों पर किसान आंदोलनकारियों की भीड़ घटती जा रही है। ज्यादातर आंदोलनकारियों ने अपना साजो-सामान समेटना भी शुरू कर दिए है। अब वहां न तो पहले जैसे लंगर लग रहे है और न ही मसाज सेंटर दिखाई दे रहे है।

## स्वच्छ भारत के फंड की हो गई बंदरबांट

**पुरानी** कहावत है 'अंधी पीसे कुत्ते चाटे' नगर निगम फरीदाबाद ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत मिली धनराशि का कुछ ऐसे ही इस्तेमाल किया और पूरे निगम क्षेत्र में पब्लिक टायलेट लगाने के नाम पर जो भ्रष्टाचार किया वो अपनी जगह इन टायलेट की मेंटीनेंस यानी प्रतिदिन के रखरखाव पर भी 1249 रुपये प्रति टायलेट प्रतिमाह भुगतान भी कर दिया। निगम अधिकारियों ने एक पब्लिक टायलेट पर 68,100 रुपये प्रतिमाह टायलेट के हिसाब से नई दिल्ली गुलमोहर पार्क की (Caya Construction) कंपनी को करोड़ों रुपये का भुगतान किया और पूरे निगम क्षेत्र में कुल 292 टायलेट का निर्माण करवाया। इन टालेट के साथ 1900 लीटर का सेनिटाइजेशन यूनिट भी लगाया जाना था ताकि औसत 30 से 40 व्यक्ति प्रतिदिन एक टायलेट का इस्तेमाल कर सके। इस यूनिट का भुगतान 49,200 रुपये प्रति यूनिट अलग से किया गया, लेकिन कंपनी को भुगतान देते वक्त अपने कमीशन के चक्कर में किसी अधिकारी ने इस बात की जरूरत नहीं समझी कि कंपनी को इन टायलेट को बनाने में जो मापदंड पूरे किए जाने थे, मसलन हर टायलेट के ऊपर 200 लीटर की पानी की टंकी, 2 वॉशवेसिन टायलेट के अंदर फर्श और फ्लोर पर टाइल्ज, अंदर और बाहर से पेंट, मानकों के तहत सेनिटरी मेटीरियल वगैरहा-वगैरहा इस पर किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया और पूरी पेमेंट कंपनी को अधूरे काम के ऊपर कर दी गई। ये टायलेट निगम के हर वार्ड में जहां-तहां रख दिए गए। इनके उद्घाटन तो जोरशोर से किए गए, लेकिन इनकी देखरेख किसी ने नहीं की। रखरखाव का ठेका जेके कंसल्ट्रक्शन करनाल की फर्म को दिया गया यानी एक साल के लिए 29 लाख 97 हजार 600 रुपये का भुगतान इसी बाबत कर दिया गया, जबकि यह सभी जानते है कि इनमें से एक भी टायलेट निगम क्षेत्र में चालू हालत में नहीं है। कहीं पानी नहीं तो कहीं सीवर की लाइन नहीं, कहीं टूटी नहीं तो कहीं दरवाजा नहीं। निगम अधिकारी सवाल पूछे जाने पर दो टूक कह देते है कि चोर टूटियां-टंकियां चोरी करके ले गए, ऐसे में रखरखाव कैसे हो। अब सवाल यह उठता है कि अगर चोरी हो गई तो उसकी एफआईआर किसने लिखवाई कितनी एफआईआर दर्ज हुई, आरटीआई में इसकी जानकारी देने को कोई तैयार नहीं और जब सामान ही गायब है, तो करनाल की कंपनी को रखरखाव के नाम पर प्रतिमाह पैसों का भुगतान क्यों किया जा रहा है। आपको याद होगा कि कुछ महीने पूर्व महापौर सुमन बाला ने टायलेट के मुद्दे को जोरशोर से उठाया था, तब एक एसडीओ को निलंबित कर दिया गया था और महापौर को भविष्य में ऐसे मुद्दे न उठाने की हिदायत दे दी गई थी, तब से यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। कुल मिलाकर पूरे निगम क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, निगम कमिश्नर चाहकर भी इस भ्रष्टाचार पर अकुंश नहीं लगा पा रहे है क्योंकि ठेका प्राप्त करने वाली कंपनियां किसी न किसी राजनेता के करीबी लोग होते है, यही कारण है कि निगम में चल रही बंदरबांट पर हर कोई खामोश है और एक शायर का शेयर याद आता है ' हर शाख पर उल्लू बैठा है, अंजामे गुलस्तिा क्या होगा'।



# भारतीय प्रतीकवाद का रहस्योद्घाटन



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव



परिप्रेक्ष्यगत ध्यान पर एक चर्चा के जवाब में, कई पाठकों ने दो सवाल उठाए। सबसे पहले, उन्होंने भारतीय प्रतीकों के शिक्षाप्रद लाभ पर विस्तार से पूछा। दूसरा, 'वेदांत एक निराकार और गुण-प्रधान भगवान की पैरवी करता है। फिर किस तरह भगवान के रूप की अवधारणा प्रचलन में आई? क्या आपको नहीं लगता कि वे विरोधाभासी हैं?' उत्तर के लिए, मेरी पुस्तक का अंश: 'ईश्वर या ईश्वर नहीं, जागरूकता जीवन को समृद्ध करती है' अनिवार्य हो जाता है। प्रतीकात्मक छवि परिप्रेक्ष्यगत ध्यान में कार्यकारी उपकरण है। इसलिए, उनके शिक्षाप्रद आयात की व्याख्या किए बिना, ध्यान पर सबक अधूरा होगा, लेकिन, वेदांत ने एक विलक्षण निराकार और गुण-प्रधान कम-स्रोत का सृजन किया, जहां सृजन श्रृंखला ने उड़ान भरी। अधिकांश लोग विश्वास से प्रेरित होते हैं, हालांकि मंदिरों का दौरा करते रहते हैं, गर्भगृह में विभिन्न देवता (रूप-देव) रहते हैं, अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए वरदान मांगते हैं। वे इतने अधिक श्रद्धेय हैं कि विशेष स्मरण के लिए एक विशिष्ट तिथि को उन सभी को कुंडलाकार कैलेंडर में समर्पित किया जाता है।

दोनों अवधारणाएं एक साथ जमीन कैसे पकड़ सकती हैं? प्रत्यक्षतया, यह सामंजस्य बैठाना मुश्किल है। हालांकि, दो अवधारणाओं पर गहन चिंतन यह प्रकट करेगा कि वे दो अलग-अलग उद्देश्यों की सेवा करते हैं। वेदांत से तात्पर्य उस शाश्वत वास्तविकता से है, जिसमें संपूर्ण प्रकट जगत निहित है। दूसरी ओर, ईश्वर-रूप अवधारणा की एक उद्देश्यपूर्ण परिप्रेक्ष्यगत प्रासंगिकता है। प्रत्येक प्रतीकात्मक चित्रण क्रमिक मानव व्यवहार के लिए महत्वपूर्ण शिक्षाएं प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, देवी सरस्वती की कल्पना सीखने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का सबक प्रदान करती है, ताकि ज्ञान प्राप्त किया जा सके। भगवान गणपति की छवि दुनियावी होने की शर्तों को निर्धारित करती है। देवी दुर्गा हमें संचालनकारी ऊर्जाओं में दोहरी प्रवृत्ति को दूर करने के लिए सबक देती हैं। याद रखें, ऊर्जा एक दुधारी तलवार की तरह है, जो उत्पादक अनुप्रयोगों के लिए विवेकपूर्ण रूप से नियोजित होने या विनाशकारी नतीजों के प्रति गलत तरीके से काम करने की समान क्षमता रखती है।

**ध्यान में रखें :** प्राचीन भारत के विद्वान उत्कृष्ट संप्रेषक थे। वे समस्त भाषाई और बौद्धिक बाधाओं को पार करते हुए, सरलीकृत शब्दों में अपने साथ जुड़ी छवियों और कहानियों के माध्यम से महान चर्चा कर सकते हैं। और उनके पास व्यावहारिक प्रासंगिकता वाले इन विचारों की सहज कल्पना करने के प्रगाढ़ कलात्मक अर्थ भी रहे होंगे। उस क्रम में इन छवियों को अतीत के भावुक लोगों की तत्काल संवेदना प्राप्त हुई होती तो ऋषियों ने उन्हें देवता रूपी-ईश्वर का दर्जा दे दिया होगा। कल्पना में जोड़ा गया दिव्य तत्व प्रार्थना अवस्था में उन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहता। प्रार्थना अवस्था में, व्यक्ति अपने हृदय को प्रस्तुत करने के लिएश और उसके जरिए उसका समग्र एकाग्र छवि के साथ तत्काल जुड़ने के लिए इच्छुक होगा। फिर, आपको शब्दों में किसी विवरण की आवश्यकता नहीं होती है।

ऐसी सदियों पुरानी अवधारणा के इतिहास का पता लगाना मुश्किल है। लेकिन फिर, यह पचा पाना मुश्किल है कि विद्वान गुरु, वैदिक धारणा के साथ पूरी तरह से संवादरत, मान्यता प्रेरित पद्धति में ईश्वर रूपों की अवधारणा को आंख बंद करके स्वीकार करेंगे। वेदांत उपनिषदों भारतीय दर्शन के संस्थापक शिला में ईश्वर रूपों का कोई संदर्भ नहीं है। फिर भी, अगर उन्होंने इसे हमारी सामाजिक/धार्मिक व्यवस्था में पेश किया है, तो इसका उद्देश्य जीवन के सामान्य आचरण नियमों पर मनुष्यों को शिक्षित करना होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि समय के साथ-साथ, ईश्वर की अवधारणा ने विश्वास चालित आयाम प्राप्त कर लिया, जिसे एक बड़े बहुमत ने सत्य के रूप में स्वीकार किया। प्राचीन भारत के ज्ञानी गुरुजन प्रत्येक व्यक्ति के अद्वितीय चरित्र के बारे में अत्यंत जागरूक थे, जो कि अनिवार्यतया शेष के साथ बिलकुल भिन्न है। इस प्रक्रिया में, ऐसे व्यक्ति-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, दुनिया अपनी समूची विविधता, विविधता और जटिलता के साथ हितों के टकराव का एक प्राकृतिक प्रजनन-आधार बन जाती है। इसको इसके हाल पर छोड़ दें तो, दुनिया हमेशा अराजकता से भरी होगी। इस मानवी सीमा को पार करने के लिए, पुरखों को समस्त विविधतापूर्ण लोगों में नागरिकता और पवित्रता की भावना उत्पन्न करने की आवश्यकता महसूस हुई होगी। तदनुसार, उन्होंने जीवन के सामान्य आचरण नियमों में सबक देने की आवश्यकता महसूस की होगी, ताकि सचेतन स्तर पर सामाजिक व्यवस्था के क्रम को सुनिश्चित किया जा सके। और संचार के माध्यम के रूप में अच्छी तरह से तैयार की गई छवियों का उपयोग करने से बेहतर क्या है, क्योंकि यह स्वाभाविक रूप से सभी का ध्यान आकर्षित करती है, और इसलिए, तत्काल जुड़ाव हासिल कर लेती है। उक्त छवियों पर निरंतर आत्म-चिंतन, हमारी विचार प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले निष्क्रिय शिक्षण लाभ को आसानी से आत्मसात करने में मदद कर सकता है, जो हमारे दिन-प्रतिदिन के आचरण में अनायास ही नजर आ सकता है। इस प्रकार, ध्यानरत छवि से प्राप्त शिक्षाप्रद लाभ, विशेष रूप से ध्यान प्रक्रिया के लिए, महान परिप्रेक्ष्यगत प्रासंगिकता प्राप्त करता है।

# कर्तव्य और आश्वासन

**अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि यदि हम अपनी इच्छाओं की पूर्ति की इच्छा रखते हैं, तो हमें अपने सभी कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाना चाहिए......**

मनुष्य के रूप में, हमसे हमेशा कर्तव्यनिष्ठ होने की अपेक्षा की जाती है। इसकी शुरूआत बहुत पहले से होती है। बच्चों के कर्तव्य क्या हैं? ये मुख्यत: पांच हैं। उन्हें उचित भोजन, पर्याप्त व्यायाम / शारीरिक गतिविधियां, पर्याप्त नींद और सही मनोरंजन / शौक द्वारा अपने स्वास्थ्य को बनाए रखना चाहिए। उन्हें अच्छे संस्कारों को विकसित करना चाहिए। आखिरकार, हम सबसे उन्नत प्रजाति हैं। निश्चित रूप से, परिवार के बुजुर्गों को उनका आचरण करना चाहिए उनके लिए एक कर्तव्य। बच्चों को अपनी प्राकृतिक योग्यताओं के साथ-साथ अपनी पढ़ाई में अपनी क्षमता हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। और उन्हें घर की देखभाल करना सीखना चाहिए, जिसे महामारी ने सभी के लिए आवश्यक बना दिया है। बहुत अच्छा लगता है, लेकिन आप बच्चों को ये सब करने के लिए कैसे प्रेरित करते हैं। आप उन्हें क्या आश्वासन दे सकते हैं कि ऐसा करना उनके लिए सबसे अच्छा होगा?

इसका उत्तर उनकी इच्छाओं को इन कर्तव्यों से जोड़ना है। यदि वे अपनी इच्छाओं की पूर्ति की इच्छा रखते हैं, तो उन्हें ये सभी कर्तव्य करने होंगे। यह इसी तरह से काम करता है। हमें उनकी इच्छाओं को पहचानने में उनकी मदद करनी होगी, जिसे तकनीकी शब्दों में गहन इच्छा कहा जाता है। ऐसी इच्छाओं और निर्णयों के परिणाम हमारे हैं, जो अच्छा और बुरा है।

वयस्कता में, कर्तव्यक्रम या ज्यादा अच्छी तरह से परिभाषित होते हैं। व्यक्ति को स्वास्थ्य बेहतर तरीके से बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए। भगवान कृष्ण ने भगवद गीता के श्लोक 6.17 पद में मार्गदर्शन किया है। इंसान को खुद को सर्वोत्तम ढंग से बनाए रखने में सक्षम होना चाहिए। भगवान कृष्ण ने गीता में विशेष रूप से रख रखाव के बारे में बात की है, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण है, जैसा कि हम जानते ही हैं। इसक बाद आती है जीवन की सही दिशा। जब तक इंसान सही रास्ते पर नहीं है, तब तक किसी के सही जगह पर सिमट जाने की संभावना नहीं है। यह ज्ञान भगवान से आता है, क्योंकि केवल वही हम सभी के बारे में व्यापक तौर पर जानता है। चौथा कर्तव्य है कि जो भी मिले उसमें शांतिपूर्ण होना। इससे खुशी और सुरक्षा बढ़ेगी। यहां पुन:, ईश्वर से उदार सहायता की आवश्यकता है। जैसे हम बच्चों को उनकी इच्छाओं की पूर्ति के बारे में आश्वस्त कर सकते हैं, वैसे ही हम वयस्कों के लिए भी कर सकते हैं।





बुजुर्गों के अत्यंत परिभाषित कर्तव्य होते हैं। पहला कर्तव्य स्वास्थ्य संबंधी भी है, और वृद्धावस्था में तो और अधिक, क्योंकि मानव शरीर की उम्र कम होती है और इसमें उतना लचीलापन या सहिष्णुता नहीं होती है जितना कि कम उम्र में। समझदार व्यक्ति ज्यादातर अच्छाई के मोड में गतिविधियों को मोड़ लेते हैं, खासकर खाने और मनोरंजन के मामलों में। यदि स्वास्थ्य ठीक नहीं है, तो वृद्धावस्था काफी दर्दनाक हो जाती है, सचमुच। दूसरा कर्तव्य जीवन की दिशा को पुन:जांचना है। अब तक यह स्पष्ट हो चुका होगा कि दिशा उचित है या नहीं। यदि ऐसा नहीं है, तो इसे गंभीरता से पुनर्गठित करने का समय आ गया है। भगवान मदद कर सकता है, इसलिए, जितनी जल्दी, उतना बेहतर है कि भगवान के साथ एक अच्छा संबंध स्थापित किया जाए। अपने आध्यात्मिक स्वभाव के अनुसार अधिकतम आध्यात्मिक गतिविधियां करें, और धीरे-धीरे उन्हें बढ़ाते जाएं। वृद्धावस्था में बहुत मदद की जरूरत होती है, जिसमें भगवान की मुख्य भूमिका होती है। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, शांति, खुशी और सुरक्षा ईश्वर से ही मिल सकती है। रखरखाव, यदि पहले से सुरक्षित नहीं है, तो इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ऐसा करने में कोई रोक नहीं है, यदि यह एक आवश्यकता है। यदि परमेश्वर के साथ संबंध अच्छी तरह से स्थापित है, तो वह कर्तव्यों के बारे में समस्त आवश्यक मार्गदर्शन देगा, क्योंकि वह जानता है कि हमारे लिए क्या अच्छा है। यदि कोई उपरोक्त सबकुछ कर सकता है, तो वह न केवल जीवन के लिए आश्वस्त है, बल्कि एक उत्कृष्ट भावी जन्म के लिए भी तत्पर है। अंत में, मैं सुरक्षित ढंग से बता सकता हूं कि सृष्टि विधान सही है। यदि कोई इसके नियमों का पालन करता है, अर्थात् वह उन समस्त संबंधित इच्छाओं का पालन करता है, जो कि 'धर्म' के अनुसार होनी चाहिए, तो, इस बात का विश्वास दिलाया जा सकता है कि व्यक्ति बहुत फलदायी जीवन जीएगा। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए, क्योंकि भगवान ने इसे सुनिश्चित किया है। आखिरकार, यह उसकी रचना है।

# पंजाब किंग्स पर दिल्ली कैपिटल्स का पलड़ा भारी

एजेंसी। मुंबई

**दिल्ली** कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मुख्य मुकाबला दोनों टीमों के शीर्ष क्रम के बीच देखने को मिलेगा, जिसमें ऋषभ पंत के कप्तानी कौशल की भी परीक्षा होगी। दोंनो टीमें अपना पिछला मैच गंवाने के बाद इस मैच में उतरेंगी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स निश्चित तौर पर कागजों पर मजबूत टीम नजर आती है और ऐसे में उसका पलड़ा भारी लगता है।

जहां तक आईपीएल में कप्तानी का सवाल है तो पंत अनुभवहीन हैं। पिछले मैच में उन्होंने अपने अनुभवी गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन का कोटा पूरा नहीं करवाया जिससे टीम को नुकसान हुआ। उन्होंने उनके बजाय टॉम करेन की मध्यम गति की गेंदबाजी पर भरोसा दिखाया। इस मैच के लिए एनरिच नोर्जिया को अंतिम एकादश में शामिल किया गया जा सकता है, जिससे टीम के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी क्योंकि पिछले मैच करेन की मध्यम गति की गेंदबाजी का क्रिस मौरिस और डेविड मिलर ने भरपूर फायदा उठाया था। पंजाब किंग्स को दूसरी तरफ अपने बल्लेबाजों की नाकामी के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पराजय का सामना करना पड़ा था। दीपक चाहर की अतिरिक्त उछाल और मूवमेंट का उसके बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था।

वानखेड़े स्टेडियम की पिच दूधिया रोशनी में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के सामने कुछ सवाल पैदा कर रहा है। नमी के कारण इस पिच पर तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। ऐसे में केएल राहुल बनाम कैगिसो रबाडा तथा क्रिस वोक्स बनाम क्रिस गेल का मुकाबला रोचक होगा। इसी तरह से पृथ्वी सॉव की मोहम्मद शमी की धारदार गेंदबाजी को कुंद करने की कोशिश रहेगी तो शिखर धवन अनुशासित गेंदबाजी कर रहे अर्शदीप सिंह पर हावी होने का प्रयास करेंगे। दोनों टीमों के पास शीर्ष क्रम में दमदार बल्लेबाज हैं। दिल्ली की टीम सॉव, धवन और पंत पर काफी निर्भर है जबकि पंजाब की टीम मे यही भूमिका राहुल, गेल और दीपक हुड्डा निभा रहे हैं।



### टीमें

**पंजाब किंग्स:** केएल राहुल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, क्रिस गेल, मनदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह, निकोलस पूरण, सरफराज खान, दीपक हुड्डा, मुरुगन अश्विन, रवि बिश्नोई, हरप्रीत बराड़, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, इशान पोरेल, दर्शन नालकंडे, क्रिस जॉर्डन, डाविड मलान, झाय रिचर्डसन, शाहरुख खान, रिले मेरेडिथ, मोइजेस हेनरिक्स, जलज सक्सेना, उत्कर्ष सिंह, फैबियन एलन, सौरभ कुमार।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शिखर धवन, पृथ्वी सॉव, शिमरोन हेटमायर, मार्कस स्टोइनिस, क्रिस वोक्स, आर अश्विन, अक्षर पटेल, अमित मिश्रा, ललित यादव, प्रवीण दुबे, कैगिसो रबाडा, एनरचि नोर्जिया, इशांत शर्मा, अवेश खान, स्टीव स्मिथ, उमेश यादव, रिपाल पटेल, विष्णु विनोद, लुकमान मेरिवाला, एम सिद्धार्थ, टॉम करेन और सैम बिलिंग्स।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

## दोनों टीमों की कमजोरियां भी हैं एक जैसी

यहां तक कि दोनों टीमों की कमजोरियां भी एक जैसी हैं। अगर अजिंक्य रहाणे में पावर हिटिंग का अभाव और मार्कस स्टोइनिस की खराब फार्म दिल्ली के मध्यक्रम को प्रभावित कर रही है वहीं मयंक अग्रवाल की लंबे समय से चली आ रही लचर फार्म और निकोलस पूरण की शार्ट पिच गेंदों को खेलने की कमजोरी पंजाब के लिए अच्छी खबर नहीं हैं। रबाडा, नोर्जिया और अश्विन की उपस्थिति में दिल्ली का आक्रमण मजबूत नजर आ रहा है, जबकि पंजाब की तरफ से शमी को छोड़कर कोई अन्य गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ पा रहा है। मोटी कीमत पर खरीदे गए झाय रिचर्डसन और रिले मेरेडिथ अभी तक नाकाम रहे हैं। स्पिनर मुरूगन अश्विन भी ऐसा कुछ नहीं कर पाए, जिससे कि दिल्ली के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान पंत किसी तरह से परेशान हों।

# मध्यक्रम की कमजोरियां दूर करके आरसीबी के खिलाफ जीत दर्ज करने उतरेगा केकेआर

एजेंसी। चेन्नई

**कोलकाता** नाइटराइडर्स (केकेआर) अपने मध्यक्रम की कमजोरियों से पार पाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। दुनिया में सीमित ओवरों के दो सर्वश्रेष्ठ कप्तानों इयोन मोर्गन और विराट कोहली के बीच होने वाले इस मुकाबले में बेंगलोर की टीम का पलड़ा थोड़ा भारी लगता है क्योंकि उसने अपने पिछले दोनों मैच जीते है। अपनी कुशल रणनीति और मानव प्रबंधन के लिए मशहूर इंग्लैंड के कप्तान मोर्गन केकेआर का अभियान पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। केकेआर का मध्यक्रम नहीं चल रहा है, जिसके कारण उसे मुंबई इंडियन्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद मुंबई के खिलाफ केकेआर का मध्यक्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और उसे 13 मैचों में 12वीं हार का सामना करना पड़ा। मोर्गन ने अपने कप्तानी कौशल का परिचय गेंदबाजी में दिखाया था और मुंबई को 152 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई थी। डेथ ओवरों में अपनी शानदार गेंदबाजी से आंद्रे रसेल ने छह विकेट लिए लेकिन बल्लेबाजी में वह फिर से नाकाम रहे। वह दो मैचों में केवल 14 रन ही बना पाए हैं। उप कप्तान दिनेश कार्तिक पर भी बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव होगा। नितीश राणा ने बल्लेबाजी में प्रभावित किया है, लेकिन शुभमन गिल अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। केकेआर को इस युवा बल्लेबाज से अब अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



### टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** विराट कोहली (कप्तान), एबी डिविलियर्स, देवदत्त पडिक्कल, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज, केन रिचर्डसन, वॉशिंगटन सुंदर, पावन देशपांडे, जोशुआ फिलिप, शाहबाज आहमद, नवदीप सैनी, एडम जम्पा, काइल जैमिसन रजत पाटीदार, सचिन बेबी, मोहम्मद अजहरुद्दीन, डैन क्रिश्चियन, केएस भारत, सुयश प्रभुदेसाई, डैनियल सैम्स और हर्षल पटेल।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, शुभमन गिल, नितीश राणा, टिम सेफर्ट, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, कुलदीप यादव, शिवानी मावी, लॉकी फर्ग्यूसन, पैट कमिंस, कमलेश नागरकोटी, संदीप वारियर, प्रदीप बैरियर कृष्णा, राहुल त्रिपाठी, वरुण चक्रवर्ती, शाकिब अल हसन, शेल्डन जैक्सन, वैभव अरोड़ा, हरभजन सिंह, करुण नायर, बेन कटिंग, वेंकटेश अय्यर और पवन नेगी।

**मैच दोपहर बाद तीन बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।**

## डेथ ओवरों में गेंदबाजी है चिंता का विषय

चेपक की पिच पर डेथ ओवरों में गेंदबाजी चिंता का विषय है और ऐसे में मोर्गन अपने संसाधनों को पूरी चतुराई से उपयोग कर रहे हैं। कई स्टार बल्लेबाजों से सजी आरसीबी की टीम के खिलाफ भी उन्हें अपने इस कौशल का अच्छी तरह से उपयोग करना होगा। अनुभवी हरभजन सिंह की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है। हरभजन न पिछले दोनों मैचों में केवल शुरुआती ओवर किया था। जहां तक आरसीबी का सवाल है तो कोहली, एबी डिविलियर्स, ग्लेन मैक्सवेल और देवदत्त पडिक्कल की मौजूदगी के बावजूद आरसीबी अपनी पूरी क्षमता नहीं दिखा पाया है लेकिन आरसीबी ने अपने दोनों मैच जीते हैं। मैक्सवेल ने मध्यक्रम में अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है जबकि हर्षल पटेल गेंदबाजी में अंतर पैदा कर रहे हैं। कोहली हालांकि अपनी टीम का विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होंगे और अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे होंगे।

## संक्षिप्त समाचार


### लाहिड़ी कट से चूके

**हिल्टन हेड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने यहां आरबीसी हेरिटेज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में चार ओवर 75 का कार्ड खेला जिससे वह कट से चूक गए। लाहिड़ी इससे पहले वालेरो टेक्सास ओपन पांचवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने दूसरे दौर में पांच बोगी और एक बर्डी की लेकिन वह कट में जगह नहीं बना सके।

### गंगजी कट से चूके

**नागोया (जापान)।** भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी ने जापान टूर के 2021 सत्र की शुरुआती प्रतियोगिता टोकन होममेट कप के दूसरे दौर में सुधरा प्रदर्शन करते हुए 71 का कार्ड खेला लेकिन फिर भी वह कट में जगह नहीं बना सके। टूर्नामेंट खेलने से पहले दो हफ्ते पृथकवास में रहने वाले गंगजी ने पहले दौर में 76 का कार्ड खेला था। उन्होंने दूसरे दौर में तीन बर्डी और तीन बोगी की जिससे उनका कुल स्कोर पांच ओवर 147 हो गया और वह कट से चूक गए क्योंकि कट एक अंडर 141 का रहा।

### अदिति एलपीजीए में 50वें स्थान पर खिसकी



**कापोलेई (अमेरिका)।** भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने यहां लोटे चैंपियनशिप के तीसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह 50वें स्थान पर खिसक गईं। तीसरे दौर के अंत में एक बोगी से वह लगातार तीसरा 69 का कार्ड खेलने से चूक गईं। 23 साल की इस गोल्फर ने चार बर्डी की जबकि पहले और 16वें होल में बोगी की। अदिति का कुल स्कोर आठ अंडर 208 है जिससे वह 50वें स्थान पर खिसक गईं। न्यूजीलैंड की लिडिया को ने तीसरे दौर में सात अंडर 65 का कार्ड खेला जिससे वह अंतिम दौर से पहले एक स्ट्रोक की बढ़त बनाए हैं।

### लाबुशेन के 192 रन, क्वींसलैंड खिताब जीतने की ओर

**ब्रिसबेन।** मार्नस लाबुशेन ने 192 रन की पारी खेली जिससे क्वींसलैंड आस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड प्रथम श्रेणी क्रिकेट खिताब जीतने की ओर है। न्यू साउथ वेल्स ने शनिवार को तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक दूसरी पारी में पांच विकेट पर 140 रन बना लिए हैं और वह अब भी 106 रन से पिछड़ रहा है। सीन एबोट 20 और बॉक्टर होल्ट 10 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। क्वींसलैंड के लिए जेवियर बार्टलेट ने 31 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लाबुशेन ने करीब 10 घंटे तक क्रीज पर रहकर 353 गेंद की अपनी पारी के दौरान 21 चौके लगाए, जिससे क्वींसलैंड ने 389 रन बनाकर पहली पारी के हिसाब से 246 रन की बढ़त हासिल की। इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लेने की वजह से न्यू साउथ वेल्स को आस्ट्रेलियाई टेस्ट खिलाड़ी स्टीव स्मिथ, पैट कमिंस, डेविड वार्नर और मोइजेस हेनरिक्स की सेवाएं नहीं मिल रही हैं।

### महिला हॉकी कोर ग्रुप बेंगलुरू के साइ में ट्रेनिंग शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी कोर ग्रुप 10 दिन के ब्रेक के बाद रविवार को बेंगलुरू में राष्ट्रीय शिविर में तोक्यो ओलंपिक खेलों की तैयारियां फिर शुरू करेगा। 25 सदस्यीय ओलंपिक कोर ग्रुप ट्रेनिंग शुरू करने से पहले अनिवार्य पृथकवास से गुजरेगा। जनवरी में टीम ने अर्जेंटीना का दौरा किया था, जहां उसने घरेलू टीम की जूनियर, बी टीम और सीनियर टीम (विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान) के खिलाफ सात मैच खेले थे। यह टीम का 12 महीनों में पहला दौरा था। फरवरी में टीम जर्मनी के दुसेलदोर्फ गई थी, जहां उसने मेजबानों की सीनियर टीम के खिलाफ चार मैच खेले थे। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, इन मैचों का मिलना हमारे लिए काफी अहम था ताकि हम अभी किस स्तर पर हैं, इसका आकलन कर सकें और ओलंपिक से पहले कुछ विशेष क्षेत्रों में सुधार के लिए क्या जरूरी है, यह पता कर सकें। उन्होंने कहा, आगामी शिविर में भी, हम इन्हीं क्षेत्रों पर ध्यान लगाएंगे और साथ ही अपनी फिटनेस को प्राथमिकता में रखेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने कोविड-19 मामलों के बढ़ने के बाद पूरे देश में अपने विभिन्न राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में नौ अप्रैल को तीन हफ्ते की गर्मियों की छुट्टियों की घोषणा की थी लेकिन कहा था कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी अपने शिविरों में ट्रेनिंग जारी रखेंगे।

## मेरे पास कड़ी परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का कौशल है: शाहरूख

**मुंबई।** पंजाब किंग्स के शाहरूख खान को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिनिशर की भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है और इस युवा बल्लेबाज ने कहा कि वह किसी भी तरह की परिस्थिति और किसी भी स्थान पर खेलने की क्षमता रखते हैं। खान ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को 36 गेंदों पर 47 रन बनाए जिससे पंजाब 100 रन की संख्या पार कर पाया।



उन्होंने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरी भूमिका निचले क्रम में फिनिशर की है, लेकिन आप हर मैच में क्रीज पर उतरते ही ताबड़तोड़ रनों की उम्मीद नहीं कर सकते हो क्योंकि ऐसी भी परिस्थितियां आती हैं जब आपको जिम्मेदारी से खेलने की जरूरत होती है। खान ने कहा, मुझे फिनिशर माना जाता है। मैं अच्छा बल्लेबाज हूं। मैं दो वर्षों से तमिलनाडु के लिए शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं किसी भी क्रम में बल्लेबाजी करने और टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकालने की योग्यता रखता हूं। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी में खेलने से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, टीम में निकोलस पूरण, क्रिस गेल, डाविड मलान और केएल राहुल से कई चीजें सीखने को मिल रही है। इससे निश्चित तौर पर बल्लेबाजी में सुधार होगा। अभी लंबा रास्ता तय करना है।

## पडिक्कल शानदार प्रतिभा है: ब्रायन लारा



**मुंबई।** महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि देवदत्त पडिक्कल को कुछ तकनीकी चीजों में सुधार करने की जरूरत है, लेकिन उन्हें भरोसा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का यह बाएं हाथ का खिलाड़ी इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन करेगा। पिछली आईपीएल की खोज पडिक्कल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए पांच अर्धशतकों से 474 रन बनाए थे। इस साल यह सलामी बल्लेबाज टीम के शुरुआती मुकाबले में नहीं खेल सका क्योंकि वह कोविड-19 वायरस से उबर रहा था। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने पहले मैच में उन्होंने 11 रन बनाए। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स के सलेक्ट डगआउट लाइव फीड कार्यक्रम में कहा, वह (पडिक्कल) बहुत शानदार प्रतिभा है। पिछले साल उसने पांच अर्धशतक बनाए थे, उसने अच्छी बल्लेबाजी की, उसने विराट कोहली के साथ अच्छी भागीदारी की थी। उन्हें उम्मीद है कि पडीक्कल ने पिछले पांच महीनों में अपने खेल पर काम किया होगा और सभी को उनमें सुधार देखने को मिलेगा।

# बजरंग और रवि एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में

एजेंसी। अलमाटी



**बजरंग** पूनिया को खास प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं करना पड़ा, जबकि रवि दहिया ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे ओलंपिक में जगह बना चुके इन दोनों पहलवानों ने शनिवार को एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। नरसिंह पंचम यादव (74 किग्रा) और सत्यव्रत कादियान (97 किग्रा) सेमीफाइनल में हार गए और अब कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगे।

बजरंग को 65 किग्रा भार वर्ग के शुरुआती मुकाबले में कोरिया के योंगसियोग जियोंग पर जीत दर्ज करने में कोई परेशानी नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने मंगोलिया के बिलगुन सरमानदाख को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। उनका सामना अब जापान के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ताकुतो ओटोगुरो से होगा जो शानदार फार्म में दिख रहे हैं। एक वर्ष बाद वापसी करने वाले रवि दहिया (57 किग्रा) ने भी ठोस प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरजोन सफरोव को 9-2 से हराया। इसके बाद उन्होंने फलस्तीन के अली एम एम अबुयमैला को हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना ईरान के अलीरेजा नोसरातोलाह सरलॉक से होगा। कादियान ने किर्गीस्तान के अर्सलानबेक तुरदुबेकोव को 8-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और फिर उज्बेकिस्तान के मुखमादरासुल रखिमोव को 4-1 से पराजित किया लेकिन सेमीफाइनल में वह ईरान के अली खालिल से हार गए।

## पाक क्रिकेटरों को भारत में टी-20 विश्वकप के लिए मिलेगा वीजा

नई दिल्ली। पाकिस्तान के क्रिकेटरों को भारत में अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए वीजा मिलेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की शीर्ष परिषद को बोर्ड सचिव जय शाह ने सरकार से आश्वासन मिलने के बाद यह जानकारी दी। शाह ने शुक्रवार को हुई बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। यह भी बताया गया कि टी-20 विश्वकप नौ स्थानों पर होगा और फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। अन्य स्थानों में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरू, हैदराबाद, धर्मशाला और लखनऊ शामिल हैं।

# पोलार्ड की आक्रमक पारी से मुंबई ने पांच विकेट पर 150 रन बनाए

एजेंसी। चेन्नई



**रोहित** शर्मा की बेहतरीन शुरूआत के बाद आखिरी ओवर में कीरोन पोलार्ड की आक्रामक पारी के दम पर मुंबई इंडियन्स ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 150 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

रोहित ने क्विंटन डिकॉक के साथ पहले विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर टीम को आक्रामक शुरूआत दिलाई लेकिन उनके आउट होने के बाद मुंबई के बल्लेबाज खुल कर खेलने में नाकाम रहे। पोलार्ड ने भुवनेश्वर कुमार की पारी की आखिरी दो गेंदों पर छक्का जड़कर टीम के स्कोर को 150 रन तक पहुंचाया। उन्होंने 22 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौके की मदद से नाबाद 35 रन बनाए। लगातार दो मैच गंवा चुके सनराइजर्स हैदराबाद ने इस मैच में चार बदलाव करते हुए विराट सिंह, अभिषेक शर्मा, खलिल अहमद और मुजीब उर रहमान जैसे युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताया। पिछले मैचों में चेपॉक की पिच पर आखिरी ओवरों में टीमों को तेजी से रन बनाने में हो रही परेशानी को देखते हुए टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद रोहित और क्विंटन डिकॉक ने मुंबई को तेज शुरूआत दिलाई। डिकॉक ने भुवनेश्वर कुमार की पहली ही गेंद पर चौका जड़कर इरादे जाहिर कर दिए।

रोहित ने तीसरे ओवर में मुजीब उर रहमान की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाया। उन्होंने अगले ओवर में भुवनेश्वर की गेंद पर भी बड़ा छक्का जड़ा। मुंबई ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 53 रन बनाकर शानदार शुरूआत की। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए विजय शंकर ने रोहित का विकेट लेकर सनराइजर्स को पहली सफलता दिलाई। रोहित ने 25 गेंद में 32 रन की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के जड़े। शंकर के अगले ओवर में सूर्यकुमार यादव ने छक्का जड़ा लेकिन इसकी अगली ही गेंद पर वह गेंदबाज को कैच थमा बैठे। इसके बाद सनराइजर्स के गेंदबाजों ने डिकॉक और इशान किशन को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया।

## अंकित और मनीष विश्व युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई रजत पदक विजेता अंकित नारवाल (64 किग्रा) और मनीष (75 किग्रा) ने पोलैंड के कीलसे में युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अंकित ने उज्बेकिस्तान के अखमदजोन अकमेदोव को 5-0 से जबकि मनीष ने इजराइल के डेनियल इलियुशोनोक को 4-1 से पराजित किया। अंकित अगले दौर में पोलैंड क ओलिवर जामोस्की का सामना करेंगे। जामोस्की ने लिथुवानिया के नेदास गुडोमस्कास को हराया था। मनीष अब जोर्डन के अब्दल्लाह अलाराग से भिड़ेंगे जिन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। भारत को हालांकि सुपर हैवीवेट वर्ग में निराशा मिली। इस भार वर्ग में जुगनू पहले दौर में ही हंगरी के लेवांटे किस से हार गए। भारत ने इस प्रतियोगिता में 10 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों को उतारा है।

# कप्तान कोहली का नेतृत्व खेल के प्रति मेरे दृष्टिकोण का समर्थन करता है : जैमीसन

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के हरफनमौला काइल जैमीसन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व का तरीका खेल के प्रति उनकी सोच का समर्थन करता है। जैमीसन ने माना की भारत में धीमी पिचों पर गेंदबाजी के लिए अलग तरह के कौशल की जरूरत है। छह फुट आठ इंच लंबे कद के इस खिलाड़ी ने चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम की पिचों से सामांजस्य बैठाते हुए आईपीएल के दो मैचों में 30 रन पर एक विकेट और 27 रन एक विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है।



जैमीसन ने कहा, कोहली काफी अनुभवी कप्तान है। वह एक कुशल कप्तान है और जिस तरह से वह खेल में आगे बढ़ते है वह निश्चित रूप से मेरी सोच का समर्थन करता है। जैमीसन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टीम के तीसरे मैच से पहले कहा, वह प्रतिस्पर्धी है, वह आक्रामक है और आगे बढ़कर चुनौती स्वीकार करना पसंद करते है, यह ऐसा है जिसका मैं भी अनुसरण करना चाहूंगा। दाएं हाथ के 26 साल के इस गेंदबाज के मुताबिक भारतीय पिचों पर गेंदबाजी के लिए अलग तरह की कौशल की जरूरत है। न्यूजीलैंड के लिए आठ टी20, पांच एकदिवसीय और छह टेस्ट मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा, जाहिर है, यहां की पिचें न्यूजीलैंड से अलग है।

# आलोचकों को जवाब देने से खुश हैं चाहर राष्ट्रीय कोच शास्त्री से भी प्रशंसा मिली

एजेंसी। मुंबई

**दीपक** चाहर को अगर विकेट से मदद मिलती है तो खतरनाक हो सकते हैं, लेकिन अगर कोई उनके आत्मविश्वास को कम करने की कोशिश करता है जैसा इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में खराब प्रदर्शन के बाद ट्रोल करने के बाद हुआ तो वह और भी ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। चाहर ने इस तरह ट्रोल किए जाने के बाद बीती रात पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उन्होंने चार ओवर में एक मेडन से 13 रन देकर चार विकेट हासिल किए।



उन्होंने अपने स्पैल में 18 डॉट गेंद फेंकी। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें राष्ट्रीय मुख्य कोच रवि शास्त्री से भी प्रशंसा मिली।

शास्त्री ने ट्वीट किया, तथ्य सिद्ध हो गया। नियंत्रण के साथ दोनों तरीकों से स्विंग सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा सकती है। बेहतरीन विविधता भरी गेंदबाजी। शानदार। क्रिकेटर अकसर कहते हैं कि वे सोशल मीडिया पर आलोचनाओं से प्रभावित नहीं होते लेकिन इसके उलट चाहल ने कहा कि उनके सोशल मीडिया पेज पर एक प्रशंसक ने लिखा कि चेन्नई सुपर किंग्स को उन्हें अगले मैच से हटा देना चाहिए। चाहल ने आईपीएल की अधिकारिक वेबसाइट से कहा, यहां उम्मीदें काफी ऊंची हैं और आपको प्रत्येक मैच में अच्छा करना होता है। इसलिए यह प्रदर्शन उस व्यक्ति के लिए जिसने यह टिप्पणी की और अगर मैं नहीं खेला होता तो शायद यह प्रदर्शन शायद नहीं आया होता। चाहर ने स्वीकार किया कि पिच से मदद उनके लिए फायदेमंद साबित हुई।

**बीसीसीआई की योजना दिसंबर में रणजी सत्र शुरू करने की**

# इस साल ईरानी कप और दलीप ट्रॉफी नहीं

भरत शर्मा। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की योजना 2021-22 घरेलू सत्र की शुरुआत इस साल सितंबर से सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामेंट से करने की है और उसने रणजी ट्रॉफी के लिए दिसंबर से तीन महीने की विंडो भी तय कर दी है जिसे पिछले सत्र में कोविड-19 महामारी के चलते रद्द करना पड़ा था। क्रिकेट परिचालन टीम द्वारा तैयार किए गए अस्थाई कैलेंडर में हालांकि दलीप ट्रॉफी, देवधर ट्रॉफी और ईरानी कप को हिस्सा नहीं बनाया गया है। इसके अलावा कैलेंडर से महिलाओं की पांच प्रतियोगिताएं भी हटा दी गई हैं।



एजेंसी के पास यह तैयार किया गया अस्थाई घरेलू कैलेंडर है जिस पर शुक्रवार को हुई शीर्ष परिषद की बैठक में चर्चा हुई थी। महामारी के चलते 2020-21 सत्र काफी छोटा हो गया था, जिसमें केवल राष्ट्रीय टी-20 (मुश्ताक अली) और वनडे (विजय हजारे ट्रॉफी) चैंपियनशिप ही आयोजित की गई थी। महिलाओं के लिए केवल राष्ट्रीय वनडे प्रतियोगिता ही कराई गई थी। भारत में कोविड-19 मामलों की दूसरी लहर के बीच बीसीसीआई को अब भी पुरुष और महिला वर्गों के उम्र संबंधित ग्रुप में घरेलू सत्र आयोजित करने की उम्मीद है। भारत को अक्टूबर में टी-20 विश्वकप में खेलना है और अगले साल आईपीएल की बड़ी नीलामी होगी तो सभी शेयरधारक सत्र की शुरुआत दो सफेद गेंद के टूर्नामेंट मुश्ताक अली टी-20 (सितंबर के मध्य से अक्टूबर तक) के बाद नवंबर में विजय हजारे ट्रॉफी से कराना चाहते हैं।

## 87 वर्षों में पहली बार 2020 में रद्द् हुई थी भारत की मुख्य घरेलू प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी

भारत की मुख्य घरेलू प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी 87 वर्षों में पहली बार 2020 में रद्द की गई थी। लेकिन आगामी सत्र के दिसंबर से मार्च के बीच आयोजित करने की योजना है। बीसीसीआई ने पुरुष और महिलाओं के लिए अंडर-23 टूर्नामेंट के साथ अंडर-19 टूर्नामेंट को भी जगह दी है जो पिछले सत्र में नहीं कराए गए थे। अंडर-19 वनडे चैलेंजर टूर्नामेंट के साथ कूच बेहार ट्रॉफी (दिन का प्रारूप) और वीनू मांकड ट्रॉफी (वनडे) से चयनकर्ताओं को अगले साल आईसीसी अंडर-19 विश्वकप के लिए भारतीय टीम चुनने में मदद मिलेगी। महिलाओं की टी-20 और वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के साथ अंडर-23 प्रतियोगिताएं भी नहीं खेली जाएंगी। इनके अलावा अंडर-19 महिला टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी भी नहीं होगी।

# योग्य वर की प्राप्ति को करें मां कात्यायनी की पूजा

नवदुर्गा के छठवें स्वरूप में मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। मां कात्यायनी का जन्म कात्यायन ऋषि के घर हुआ था, अतः इनको कात्यायनी कहा जाता है। इनकी चार भुजाओं में अस्त्र-शस्त्र और कमल का पुष्प है, इनका वाहन सिंह है। ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं, गोपियों ने कृष्ण की प्राप्ति के लिए इनकी पूजा की थी। विवाह संबंधी मामलों के लिए इनकी पूजा अचूक होती है, योग्य और मनचाहा पति इनकी कृपा से प्राप्त होता है। ज्योतिष में बृहस्पति का संबंध इनसे माना जाना चाहिए।

**मंत्र**

कात्यायनी महामाये,
महायोगिन्यधीश्वरी।
नन्दगोपसुतं देवी, पति मे
कुरु ते नमः।।



### कैसे करें मां कात्यायनी की सामान्य पूजा ?

- गोधूली वेला के समय पीले अथवा लाल वस्त्र धारण करके इनकी पूजा करनी चाहिए।
- इनको पीले फूल और पीला नैवेद्य अर्पित करें। इओ शहद अर्पित करना विशेष शुभ होता है।
- मां को सुगंधित पुष्प अर्पित करने से शीघ्र विवाह के योग बनेंगे, साथ ही प्रेम संबंधी बाधाएं भी दूर होंगी।
- इसके बाद मां के समक्ष उनके मंत्रों का जाप करें



### इनकी पूजा से किस तरह की मनोकामनाएं पूरी होती हैं ?


- कन्याओं के शीघ्र विवाह के लिए इनकी पूजा अद्भुत मानी जाती है
- मनचाहे विवाह और प्रेम विवाह के लिए भी इनकी उपासना की जाती है
- वैवाहिक जीवन के लिए भी इनकी पूजा फलदायी होती है
- अगर कुंडली में विवाह के योग क्षीण हों तो भी विवाह हो जाता है

### माता का संबंध किस ग्रह और देवी-देवता से है ?

- महिलाओं के विवाह से संबंध होने के कारण इनका भी संबंध बृहस्पति से है
- दाम्पत्य जीवन से संबंध होने के कारण इनका आंशिक संबंध शुक्र से भी है
- शुक्र और बृहस्पति, दोनों दैवीय और तेजस्वी ग्रह हैं, इसलिए माता का तेज भी अद्भुत और संपूर्ण है
- माता का संबंध कृष्ण और उनकी गोपिकाओं से रहा है, और ये ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं।

# मां बम्लेश्वरी देवी शक्तिपीठ

## मां बगुला मुखी अपने जागृत रूप में पहाड़ी पर विराजमान



मां बम्लेश्वरी देवी शक्तिपीठ दो हजार साल से भी ज्यादा समय से दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं। राजनांदगांव से 36 किमी दूरी पर स्थित डोंगरगढ़ नगरी धार्मिक विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक है। डोंगरगढ़ की पहाड़ी पर स्थित शक्तिरूपा मां बम्लेश्वरी देवी का विश्व विख्यात मंदिर आस्था का केंद्र है। यहां मां बम्लेश्वरी के दो विख्यात मंदिर हैं। डोंगरगढ़ की पहाड़ी पर 1600 फीट की ऊंचाई पर पहला मंदिर बड़ी बम्लेश्वरी के नाम से पहचाना जाता है। यहां माता के दर्शन के लिए करीब 1000 सीढ़ियां चढ़नी होती है। बड़ी बम्लेश्वरी के समतल पर स्थित मंदिर छोटी बम्लेश्वरी के नाम से प्रसिद्ध है। मां बम्लेश्वरी के मंदिर में हर साल नवरात्र के समय दो बार भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें लाखों की संख्या में दर्शनार्थी हिस्सा लेते हैं। लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण के चलते कई पाबंदियों के साथ माता के दर्शन हो रहे हैं। मंदिर समिति ने इस बार ऑनलाइन दर्शन की व्यवस्था भी की है।

### कामख्या नगरी का नाम कामावती पुरी रखा

अब से 2200 साल पहले डोंगरगढ़ के प्राचीन नाम कामख्या नगरी में राजा वीरसेन का शासन हुआ करता था, वे निःसंतान थे। पुत्ररत्न की कामना के लिए उन्होंने महिषमती पुरी (एमपी में मंडला) में शिवजी और भगवती दुर्गा की आराधना की। इसके बाद रानी को एक साल के बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने नामकरण में पुत्र का नाम मदनसेन रखा गया। भगवान शिव और मां दुर्गा की कृपा से राजा वीरसेन को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी और इसी भक्ति भाव से प्रेरित होकर कामख्या नगरी में मां बम्लेश्वरी (जगदम्बे महेश्वर) का मंदिर बनवाया गया। राजा मदनसेन एक प्रजा सेवक शासक थे। उनके पुत्र कामसेन जिनके नाम पर कामख्या नगरी का नाम कामावती पुरी रखा गया।

### देवी साक्षात महाकाली के रूप में डोंगरगढ़ में प्रतिष्ठित

कामकन्दला और माधवनल की प्रेमकथा भी डोंगरगढ़ की प्रसिद्धी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कामकन्दला राजा कामसेन के राजदरबार में नर्तकी थी, वहीं माधवनल एक निपुम संगीतज्ञ था। एक बार राजा के दरबार में कामकन्दला के नृत्य का आयोजन हुआ, लेकिन ताल व सुर बिगड़ने से माधवनल ने कामकन्दला के पैर की एक पायल में नग न होने व मृदंग बजाने वाले का एक अंगूठा नकली यानी मोम का होना जैसी गलती निकाली। इससे  राजा कामसेन बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने अपनी मोतियों की माला माधवनल को भेंट की। माधवनल ने सम्मान में राजा से प्राप्त मोतियों की माला कामकन्दला को भेंट कर दी। इससे राजा क्रोधित हो गए और माधवनल को राज्य से निकाल दिया, लेकिन माधवनल राज्य से बाहर न जाकर डोंगरगढ़ की पहाड़ियों की एक गुफा में छुप गया। इस घटना से कामकन्दला और माधवनल के बीच प्रेम बढ़ गया। दोनों छिपकर मिलने लगे।

वहीं दूसरी ओर राजा कामसेन का पुत्र मदनादित्य भी कामकन्दला से प्रेम करने लगा। कामकन्दला भी डर के कारण प्रेम का नाटक करने लगी। लेकिन सच कुछ ही दिनों में बाहर आ गया और राजा पुत्र मदनादित्य ने कामकन्दला पर राजद्रोह का आरोप लगाकर बंदी बना लिया। माधवनल उज्जैन भाग गया, उसे को पकड़ने के लिए भी सिपाही भेजे। उज्जैन में उस समय विक्रमादित्य का शासन था। उन्होंने माधवनल की मदद की। वे अपनी सेना के साथ कामख्या नगरी में आक्रमण करने पहुंच गए। कई दिनों के घनघोर युद्ध में विक्रमादित्य की जीत हुई। फिर विक्रमादित्य ने माधवनल और कामकन्दला की प्रेम परीक्षा लेने के लिए झूठी सूचना फैलाई कि युद्ध में माधवनल वीरगति को प्राप्त हुआ, तो कामकन्दला ने ताल में कूदकर प्राणोत्सर्ग किया, वह तालाब आज भी कामकन्दला के नाम से जाना जाता है। उधर कामकन्दला के आत्मोत्सर्ग से माधवनल-कामकन्दला के जीवन के साथ यह वरदान भी मांगा कि मां बगुला मुखी अपने जागृत रुप में पहाड़ी पर प्रतिष्ठित हों। तबसे मां बगुला मुखी-अपभ्रंश बमलाई देवी साक्षात् महाकाली के रूप में डोंगरगढ़ में प्रतिष्ठित हुई।

### आवास व्यवस्था

देश-दुनिया से आने वाले भक्तों के लिए यहां ठहरने की भी अच्छी व्यवस्था की गई है। श्री बम्लेश्वरी मंदिर समिति के माध्यम से संचालित धर्मशाला के साथ यहां निजी होटल्स भी उपलब्ध हैं।

### माता के मंदिर में कैसे पहुंचें

**वायु मार्गः** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सबसे नजदीक का हवाई अड्डा है, जो मुंबई, दिल्ली, नागपुर, हैदराबाद, बैंगलूरु, विशाखापट्नम और चेन्नई से जुड़ा हुआ है।

**रेल मार्गः** हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर डोंगरगढ़ रेलवे जंक्शन है।

**सड़क मार्गः** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, राजनांदगांव से नियमित बस सेवा और टैक्सियां उपल्बध होती हैं।

# सुरेंद्र दे स्वादिष्ट डोसा-ब्रैड छोले, कचालू टिक्की और शकरकंदी लाजवाब है

**राजेश दास।** फरीदाबाद

जायका फरीदाबाद का




**मूड** फ्रैश करने और हल्का फुल्का नाश्ता करने के लिए शहर में अनेक मशहूर व्यंजन मौजूद हैं, लेकिन एनएच दो स्थित इंडिया कॉलेज के नजदीक सुरेंद्र दे स्वादिष्ट स्वादिष्ट डोसा-ब्रैड छोले, कचालू, टिक्की और शकरकंदी की बात ही कुछ और है। सुरेंद्र अदलक्खा पिछले 60 सालों से लोगों को यह स्वादिष्ट खाने पीने की आयटम परोस रहे हैं। सुरेंद्र दे स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने के लिए लोग दूर-दूर से खींचे चले आते हैं।

### 1961 से निरंतर

### लोग दूर-दूर से खिंचे चले आते हैं इन लजिज व्यंजनों का स्वाद चखने

एनएच दो निवासी सुरेंद्र अदलक्खा बताते हैं कि वर्ष 1961 में उन्होंने सलाद की प्लेट परोसनी शुरू की थी। सलाद को स्वादिष्ट बनाने के लिए घीए की चटनी डालते थे। कुछ समय बाद उन्होंने घीए की चटनी के साथ ही कचालू और शकरकंदी परोसनी शुरू कर दी। तीनों व्यंजन ही लोगों को खूब पंसद आने लगे। जिसके कारण शाम के समय उन्होंने टिक्की छोले और छोले ब्रैड की आयटम लोगों को परोसना शुरू कर दिया।



सुरेंद्र अदलक्खा



### ग्राहक ने इजाद किया डोसा

सुरेंद्र अदलक्खा बताते हैं कि शाम को उनके स्टॉल पर टिक्की छोले और छोले ब्रैड का स्वाद चखने वालों की भीड़ लग जाती है। एक दिन एक नियमित ग्राहक ने ब्रैड पीस के दोनों तरफ आलू लगाकर खुद ही फ्राई कर डाला। ग्राहक ने खाकर उसे काफी स्वदिष्ट बताया। जिसके बाद उन्होंने भी डोसा बनाकर ग्राहकों को परोसना शुरू कर दिया जो ग्राहकों की पहली पंसद बन गया। इन आयटमों को खाने के बाद वे लोगों को कुल्हड़ में छोले की तरी अलग से पेश करते हैं।

### मसालों का कमाल

सुरेंद्र अदलक्खा के बेटे संजय अदलक्खा बताते हैं कि पिता की उम्र ज्यादा होने की वजह से फिलहाल वे दुकान संभाल रहे हैं। इन व्यंजनों का खास स्वाद मसालों की वजह से आता है। वे साबुत मसालों को लाकर उन्हें खुद घर में ही पीसते हैं। डोसा-छोले, ब्रैड छोले, डोसा पीस, कचालू, टिक्की और शकरकंदी में अच्छी क्वालिटी के मसाल इस्तेमाल करते हैं। उनके पिता द्वारा वर्षों पहले इजाद की गई घीए की चटनी, मिर्च का अचार, प्याज अथवा मूली की कुतरन और कुल्हड़ में छोले की तरी इनका स्वाद दोगुणा बढ़ा देते हैं।

### खास लोगों की खास पसंद

संजय अदलक्खा ने बताया कि शहर के जाने माने लोग भी उनके स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने अक्सर आते रहते हैं। इनमें विधायक सीमा त्रिखा, नीरज शर्मा, कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक चंद्र भाटिया, कई प्रसिद्ध व्यवसायी और उद्योगपति शामिल हैं। उनके यहां प्रत्येक आयटम 30 रुपये की है। जोमेटो के माध्यम से होम डिलिवरी की सुविधा भी मौजूद है।





